YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-66 ❑ सोमवार, 06 अप्रैल 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने अपना जीवन समानता और सामाजिक न्याय के उद्देश्य के लिए समर्पित कर दिया। राष्ट्र के लिए उनका अमूल्य योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। नरेन्द्र मोदी

650 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, सामान जब्त 08

40 लाख आवेदनों का समाधान करेंगे दोषियों को नहीं बख्शेंगे: विजय 12

## संक्षेप

### दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे का लोकार्पण करेंगे मोदी

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि करीब 210 किलोमीटर लंबा छह लेन का यह एक्सप्रेस-वे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय को घटाकर लगभग ढाई से तीन घंटे कर देगा। इस परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी ने 4 दिसंबर 2021 को किया था। लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश के गणेशपुर तथा उत्तराखंड के देहरादून में प्रस्तावित है। कार्यक्रम को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने गणेशपुर में हेलीपैड एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया है।

### अविमुक्तेश्वरानंद के कार्यक्रम के आयोजकों पर मुकदमा

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में कोतवाली पुलिस ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के 'सनातन धर्म संवाद' कार्यक्रम के आयोजकों के विरुद्ध ध्वनि प्रदूषण सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसके लिए उपजिलाधिकारी (सदर) द्वारा सशर्त अनुमति प्रदान की गई थी। कार्यक्रम में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने भाग लिया था। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान निर्धारित शर्तों का पूर्ण रूप से पालन नहीं किया गया तथा कोविड-19 प्रोटोकॉल की भी अनदेखी की गई। इसके अलावा कार्यक्रम में कुछ वक्ताओं द्वारा कथित रूप से ऐसी भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हुई। तेज ध्वनि के कारण आसपास के लोगों को भी असुविधा होने की शिकायत मिली।

### असम के लोग हिमंता को माफ नहीं करेंगे: राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर रविवार को विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान हमला बोलते हुए कहा कि राज्य की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि श्री सरमा के जेल जाने की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। श्री गांधी ने असम के विश्वनाथ विधानसभा में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि श्री सरमा न केवल सबसे भ्रष्ट बल्कि सबसे ज्यादा सांप्रदायिक मुख्यमंत्री हैं जो लगातार नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और असम की जनता उन्हें कानून के अनुसार सजा दिलाएगी।

# अमेरिका ने खोए दो हेलीकॉप्टर और दो ट्रांसपोर्ट विमान : ईरान

## स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने साझा की तस्वीरें

एजेंसी

तेहरान। ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्ध लगातार तेज होता दिख रहा है। ईरान की ओर से लगातार अमेरिका विमानों को मार गिराने का दावा किया जा रहा है। रविवार को ईरान की ओर से अमेरिकी विमानों को तबाह करने के सबूत जारी किए हैं। ईरानी न्यूज एजेंसी ने अमेरिका विमानों के मलवे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं।

ईरान का दावा है कि उसने इस्फहान इलाके में अमेरिकी सैन्य मिशन के दौरान दो ब्लैकहॉक हेलिकॉप्टर और दो सी-130 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मार गिराया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की ओर से तस्वीरें और वीडियो जारी किए गए हैं। आईआरजीसी के मुताबिक, यह कार्रवाई इस्फहान के दक्षिणी इलाके में की गई। आईआरजीसी ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना डाउन हुए पायलट को बचाने के लिए ऑपरेशन चला रही थी, लेकिन इस दौरान उसके एयरक्राफ्ट को निशाना बनाया गया।

इससे पहले ईरानी मीडिया एक विमान गिराने की बात कह चुका था, लेकिन अब आईआरजीसी ने चार एयरक्राफ्ट तबाह करने का दावा किया है। इसके अलावा ईरान के संसद स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने एक्स पर अमेरिकी विमान के कथित मलबे की तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों में भी विमानों मलवा बिखरा हुआ दिख रहा है।

इससे पहले ईरानी मीडिया ने दावा किया था कि लापता अमेरिकी पायलट की तलाश में भेजे गए मिशन के एक विमान को निशाना बनाया गया। ईरान इससे पहले भी अमेरिकी एफ-15 और ए-10 जैसे विमानों को गिराने का दावा कर चुका है। फिलहाल, अमेरिकी पक्ष ने ● शेष पेज 11 पर



### अमेरिका ने खुद तबाह किए अपने विमान

ईरान के दावों के इतर द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान से एक बचाए गए अमेरिकी एयरमैन और कमांडो को निकालने वाले दो ट्रांसपोर्ट विमान वहीं फंस गए थे। इसके बाद अमेरिका को तीन नए विमान भेजने पड़े। रिपोर्ट के मुताबिक, बाद में अमेरिकी सेना ने उन फंसे हुए ट्रांसपोर्ट विमानों को उड़ा दिया, ताकि उनकी तकनीक ईरान के हाथ न लगें।

### ईरान ने ट्रम्प का 48 घंटे का अल्टीमेटम ठुकराया

ईरान ने ट्रम्प के 48 घंटे में होर्मुज खोलने के अल्टीमेटम को ठुकरा दिया है। ईरानी सेना ने कहा है कि अमेरिका बेबस और घबराकर धमकियां दे रहा है। ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज खोलने या समझौता करने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि समय खत्म हो रहा है और ऐसा नहीं होने पर ईरान के ऊर्ज़ा ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया जाएगा।

# जो माफिया मिट्टी में मिले वो 'सालार मसूद' की विचारधारा से थे : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सालार मसूद किसी माफिया से कम नहीं था और अभी जो माफिया मिट्टी में मिले हैं, वो उसी विचारधारा से आते हैं। उसने हमारे मंदिर तोड़े थे। महाराज सुहेल देव ने सालार मसूद को मारकर जनता को दासता से मुक्त कराया था।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ऐसे वीर नायकों के जीवन पर आधारित नाटकों का निर्माण और मंचन स्कूलों व कॉलेजों में होना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी उनके इतिहास और योगदान से अवगत हो सके। लखनऊ में रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन एवं दो प्रेक्षागृहों का लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जहां सालार मसूद को मारा गया था। वहां उसके नाम से मेला लगता था, लेकिन महाराजा सुहेलदेव का नाम कोई नहीं लेता था। भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार साल बाद पीएम मोदी ने उन्हें सम्मान दिलाया। हमारी सरकार ने वहां उनके नाम पर आयोजन शुरू किए। आज सालार मसूद के मेले से ज्यादा भीड़ वहां जुटती है। उन्होने कहा कि जब शासन संवेदनशील नहीं होता, तब वैसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं जैसी आनंदमठ की नाट्य प्रस्तुति में देखने को मिलती हैं। उन्होंने भारतीय रंगमंच और सिनेमा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां समाज को दिशा देने का कार्य कर रही हैं।

इस दौरान सीएम ने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के नाटकों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में ऐतिहासिक विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन होना चाहिए। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई और महाराजा सुहेलदेव जैसे वीर नायकों के जीवन से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेने की बात कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से लोगों के बचाव के लिए लॉकडाउन लगा। कामगार जब घरों को लौटे तब सरकार उनके साथ खड़ी। उनको न सिर्फ घर पहुंचाया बल्कि उन्हें निशुल्क राशन भी उपलब्ध कराया। जब सरकार संवेदनशील नहीं होती तब वैसी स्थिति होती है, जैसा हमने 'आनंद मठ' नाटक की प्रस्तुति में देखा।



### नकारात्मक नैरेटिव का मुंहतोड़ जवाब दें युवा कार्यकर्ता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि लगातार सत्ता से दूर रहने से हताश और निराश हो चुके विपक्ष की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चलाए जाने वाले नकारात्मक नैरेटिव का शब्दों की मर्यादा में रहकर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए वे खुद को मुस्तैद रखें। भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई के गोरखपुर के मालवीय नगर मंडल की तरफ से आयोजित .युवा संवाद. कार्यक्रम को संबोधित करते हुये योगी ने रविवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विपक्ष की तरफ से मनगढ़ंत आरोपों का एक नया वार शुरू होगा उस पर प्रतिवार और उसका प्रतिवाद करने के लिए भाजपा की बूथ स्तर की टीम खुद को मजबूत रखे। योगी ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हमारे युवाओं को विकास भी करना है और विरासत का भी सम्मान करना है। देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए मुस्तैद जवानों को दुश्मन के मंसूबों का काम भी तमाम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ लेवल कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे डबल इंजन सरकार के अच्छे कार्यों का प्रचार.प्रसार करते हुए अपने बूथ पर ● शेष पेज 11 पर

# ऑनलाइन ही बुक करायें सिलेंडर : सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑनलाइन बुकिंग के बढ़ने के बावजूद रसोई गैस वितरण एजेन्सियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों को देखते हुए सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन माध्यम से ही एलपीजी सिलेंडर बुक करायें और आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जायें।

पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने रविवार को एक बार फिर दोहराया कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते ऊर्ज़ा आपूर्ति के प्रभावित होने के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की सुचारु और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठा रहा है और फिलहाल देश में इनका पर्याप्त भंडार है। मंत्रालय ने कहा है कि एलपीजी वितरकों के पास गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं है और ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग बढ़कर 95 प्रतिशत हो गई है। शनिवार को 51 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित एलपीजी डिलीवरी फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर शनिवार को 90 प्रतिशत हो गई है ताकि हेराफ़ेरी को रोका जा सके। प्रवासी श्रमिकों और छात्रों को शनिवार को 5 किलोग्राम के 90,000 से अधिक सिलेंडर बेचे गए। देश में पीएनजी विस्तार तेज़ी से बढ़ रहा है और मार्च से 3.6 लाख कनेक्शन को गैस आपूर्ति शुरू की गयी है और 3.9 लाख से अधिक नए पंजीकरण हुए हैं। पश्चिम एशिया में फंसे सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना ● शेष पेज 11 पर

**अपील**

❑ जरूरत पड़ने पर ही जायें वितरक के पास

# 'कट, कमीशन और करप्शन से पश्चिम बंगाल बेहाल : मोदी

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कूचबिहार में उमड़ा यह जनसैलाब नए बंगाल और भाजपा सरकार के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया और महिलाओं के लिए अपनी सरकार की योजनाओं का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा, वह पहले भी इस मैदान पर आए हैं, लेकिन आज की भीड़ ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह उत्साह एक उज्ज्वल भविष्य और नए बंगाल के निर्माण का संकेत है।

प्रधानमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान के दिन टीएमसी के गुंडे चाहे जितना डराने की कोशिश करें, आपको कानून पर भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस चुनाव में बंगाल से डर का माहौल खत्म हो जाएगा और भाजपा की बड़ी जीत से लोगों में आत्मविश्वास जागेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा, 4 मई के बाद टीएमसी के पापों का पूरा हिसाब होगा। कानून अपना काम करेगा और कोई भी गुंडा कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अब तक 3 करोड़ बहनों को 'लखपति दीदी' बनाया है। अब देश के बड़े फैसलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना बहुत जरूरी है। इसी सोच के साथ सरकार ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाया है। उन्होंने जानकारी दी कि 2029 के लोकसभा चुनाव से ही बहनों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाए, इसके लिए सरकार ने 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि माताओं और बहनों का यह अधिकार 40 साल से अटका हुआ था, जिसे अब और टालना सही नहीं है। कूचबिहार से प्रधानमंत्री ने देश के सभी राज्यों को एक और बड़ा भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में अच्छा काम किया है, उन्हें सीटों के मामले में कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। सभी राज्यों की भागीदारी और उनके ● शेष पेज 11 पर



❑ प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के चुनाव प्रचार में महिलाओं की सुरक्षा, महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया

### यूपी के 49 ब्लड सेंटरों के संचालन पर लगी रोक, कई जिलों में छापेमारी

लखनऊ। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) उत्तर प्रदेश ने राज्य भर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 49 ब्लड सेंटरों के संचालन पर तत्काल रोक लगा दी है। यह कार्रवाई विभिन्न जिलों में निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के बाद की गई। 30 मार्च से चलाए जा रहे अभियान के तहत 43 जनपदों में संचालित कुल 201 ब्लड सेंटरों का औचक निरीक्षण किया गया। इनमें से 18 जिलों के 159 ब्लड सेंटरों की जांच पूरी की गई, जिसमें 49 केंद्रों में गंभीर खामियां पाई गईं। इसके बाद इन केंद्रों पर रक्त संग्रह और वितरण से संबंधित सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई। जांच के दौरान कई केंद्रों पर अनिवार्य एलाइजा टेस्ट न किए जाने, ब्लड स्टोरेज के मानकों का पालन न करने, तकनीकी स्टाफ की कमी, उपकरणों के सही संचालन में लापरवाही और रिकॉर्ड में गड़बड़ी जैसी गंभीर खामियां सामने आईं। कुछ स्थानों पर बिना उचित परीक्षण के रक्त बैग रखे मिले, वहीं एंटीजनिक कंडीशन जैसी गंभीर लापरवाही भी ● शेष पेज 11 पर

# विवेकाधीन कोष से 860 करोड़ की आर्थिक सहायता

## प्रदेश के सभी मंडलों और जनपदों में जरूरतमंदों तक सीधे पहुंची आर्थिक मदद

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ बिना भेदभाव हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर दल के अनुरोधों पर समान संवेदनशीलता से हुई कार्रवाई

❑ बिना कोटा सिस्टम के, जहां ज्यादा जरूरत वहां ज्यादा सहायता की गई प्रदान

❑ त्वरित स्वीकृति प्रक्रिया से हजारों मरीजों और जरूरतमंदों को मिली राहत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के लिए एक बड़े सहारे के रूप में स्थापित हुआ है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस कोष से अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक लगभग 860 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसमें विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों के जरिए 50 हजार से अधिक लाभार्थियों तक पहुंची है।

यह आंकड़ा न केवल सहायता के व्यापक दायरे को दर्शाता है, बल्कि सरकार के मानवीय पक्ष और उसकी प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है।



हर वर्ग तक पहुंच, बिना किसी भेदभाव केइस पूरी प्रक्रिया की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि सहायता वितरण में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया। चाहे सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधि हों या विपक्ष के, शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हो या आकस्मिक संकट से जूझ रहा परिवार, हर ● शेष पेज 11 पर

### फसलों के नुकसान, जन व पशु हानि का मुआवजा वितरण शुरू, लापरवाह अफसरों को चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बेमौसम बारिश और तेज हवाओं के कारण जनहानि के साथ–साथ फसलों का भारी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी फसलों के नुकसान से किसानों की चिंता बढ़ गयी है। नौ अप्रैल तक मौसम में उतार-चढ़ाव बने रहने का पूर्वानुमान है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अति वर्षा-आकाशीय बिजली के चलते हुई जन व पशु हानि, किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा देने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि नुकसान के आकलन और मुआवजा वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों से नुकसान की रिपोर्ट भी मांगी है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर जिलाधिकारियों ने पीड़ितों के परिजनों को मुआवजा देना शुरु कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौसम को देखते हुए सभी अधिकारी सक्रिय होकर यह सुनिश्चित करें कि आपदा का असर किसानों पर कम से कम पड़े। जान-माल या पशुओं के नुकसान की स्थिति में 24 घंटे के भीतर मुआवजा प्रदान किया जाए। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर शनिवार को हुई बारिश से किसानों को होने वाले नुकसान के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट भी मांगी गयी है और कहा गया है कि इस काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निरंतर फील्ड में रहने और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि 04 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज हवायें चलने, कहीं—कहीं ओलावृष्टि और गरज—चमक के साथ बारिश से किसानों का भारी नुकसान हुआ है। बारिश—आंधी से खेतों में तैयार खड़ी चना, गेंहू, सरसों और अरहर की फसल बर्बाद हो गई। यह नुकसान पूर्वी उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक हुआ है। कच्चे मकान गिरने, आकाशीय बिजली गिरने से भी कई मौतें हुई हैं और पशुओं की भी हानि हुई है।

## ऑनलाइन जिहादी नेटवर्क का पर्दाफाश

# कई राज्यों में छापेमारी, 12 से ज्यादा गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश पुलिस और खुफिया विभाग ने एक बड़े आतंकवादी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है, जिसमें विदेशी हैंडलर्स और आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया) व अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट जैसी अतिवादी संगठनों से संबंध पाए गए हैं। इस मॉड्यूल का मुख्य काम भारत में युवाओं को ऑनलाइन रेडिकलाइज करना और जिहादी विचारधारा फैलाना था। पुलिस ने बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और राजस्थान सहित कई राज्यों में छापेमारी कर 12 से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिनमें आंध्र प्रदेश के तीन आरोपी भी शामिल हैं।

मुख्य आरोपी रहमतुल्लाह शरीफ और उसके सहयोगी विदेशी ऑपरेटिव्स के संपर्क में थे। वे ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से मुस्लिम युवाओं को जिहाद की ओर प्रेरित कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी ओसामा बिन लादेन, इसरार अहमद शेख, जाकिर नाइक और अनवर अल-अव्लाकी के वीडियो शेयर कर रहे थे। इस समूह ने खवातीन विंग बनाकर महिलाओं को भी शामिल करने की कोशिश की थी। आरोपी 40 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश स्थित हैंडलर्स अल-हकीम शुक्रूर, मोहम्मद हुजैफा, निंजा, हेमरोक्सी, अबू मुहरिब और अबू बालुशी से संपर्क बनाए हुए थे। हैंडलर्स ने उन्हें स्नाइपर राइफल समेत हथियारों की ट्रेनिंग देने का आश्वासन दिया था। कुछ युवा विदेशी मदरसों में जिहादी ट्रेनिंग भी ले रहे थे। एक महिला आरोपी सईदा बेगम पाकिस्तान और जम्मू-कश्मीर के ऑपरेटिव्स से जुड़ी हुई थी और जिहादी गतिविधियों को फैलाने की योजना बना रही थी। यह गुट साइबर आतंकवाद की भी तैयारी कर रहा था, जिसमें सरकारी वेबसाइट्स हैक करने की योजना शामिल थी। जांच एजेंसियां विदेशी फंडिंग के रास्तों की भी तलाश कर रही हैं। आरोपी आईएसआईएस के झंडे के साथ मास्क लगाकर तस्वीरें पोस्ट करते थे और एक उम्माह के नारे लगाते थे। वे भारत में इस्लामिक स्टेट स्थापित करने के इरादे रखते थे। आरोपियों ने राष्ट्रगान को गाली-गलौज के साथ गाने वाले वीडियो और राष्ट्रीय झंडे को अपमानित व जलाने वाले कंटेंट भी शेयर किए। उन्होंने काफिरों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देने वाला सामग्री साझा की और काला पाउडर व आईईडी बनाने की सामग्री भी अपलोड की। पाकिस्तान और अफगानिस्तान से हथियार लाने की योजना भी बनाई गई थी। इस पूरे मामले की जांच जारी है और आगे गिरफ्तारियां हो सकती हैं।



### मुख्यमंत्री योगी ने भारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारम्भ किया

# रामायण महाभारत हमारी सांस्कृतिक प्रवाह का हिस्सा : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन व दो प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कलाविदों व पूर्व छात्रों का सम्मान किया और रंगमंच पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय रचित उपन्यास आनंदमठ की नाट्य प्रस्तुति भी देखी।



इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण होता है। वह समाज की दिशा तय करती है। रंग मंच वही जहां भावनाएं शब्द बनती हैं और वह शब्द अभिनय बनते हैं। यही अभिनय जनचेतना बनकर समाज को दिशा देते हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामायण महाभारत हमारी सांस्कृतिक प्रवाह का हिस्सा है हर भारतीय परिवार इसे जीवन का हिस्सा बनाता था। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने नाटकों के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ाने का काम किया। भाषा के लिए काम किया। सच बोलने और करने का साहस नाटकों के माध्यम से किया। भारत की सनातन संस्कृति को बचाने के लिए, मातृभाषा के लिए हिन्दी के लिए, खड़ी बोली के लिए उनका योगदान अतुलनीय है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वोटबैंक पर असर न पड़े इसके लिए महाराजा सुहेलदेव,महाराजा बिजली पासी व रानी लक्ष्मीबाई का नाम नहीं लेते थे। हम अपने नायकों को सम्मान देने से परहेज करते रहे। यही कारण रहा कि पहले हमारे संस्थानों पर माफियाओं को हीरो के रूप में दिखाया जाता था। पहले की सरकार कमजोर थी। सालार मसूद एक माफिया था। महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांता को मारा'' एक हजार साल बाद हम महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक बना सके। संस्कृति पर प्रहार बर्दाश्त नहीं। खलनायकों ने जिन्होंने भारत की संस्कृति को रौंदने का काम किया उन्हें सम्मान नहीं मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गायन, वादन, नृत्य के लिए उत्तर प्रदेश बहुत समृद्ध रहा है। लोककला को आगे बढ़ाने का काम होना चाहिए। महाराजा सुहेलदेव, महाराजा बिजली पासी, महारानी लक्ष्मीबाई के बारे में नायकों व वीरांगनाओं के बारे में लघु नाटक बनाएं। स्कूलों में बच्चों के सामने राष्ट्रभक्ति से जुड़े नाटक का मंचन कराएं। इसके लिए संस्कृति विभाग आगे आये। इसके पहले भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। किरण बिसारिया, लखीमपुर खीरी,पद्मश्री रामगोपाल बजाज, नई दिल्ली,पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी, लखनऊ,प्रो. अजय मलकानी, रांची,रविशंकर खरे, गोरखपुर,चित्रा मोहन, प्रयागराज,मंजू ब्रजनंदन शर्मा सहारनपुर,मुनीश सप्पल मुंबई,डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी प्रयागराज,डॉ. अजीत सैगल, वाराणसी,राकेश निगम, लखनऊ, प्रमोद सिंह राणा, आगरा,आलोक पांडेय, शाहजहांपुर,कुशल दुबे, जौनपुर,राकेश पांडेय, भदोही

इस अवसर पर संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, भातखण्डे विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह,भाजपा के राज्यसभा सदस्य डा.दिनेश शर्मा, विधायक योगेश शुक्ला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दहेज उत्पीड़न के दो मामले दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- दो अलग-अलग मामलों में पति समेत 12 ससुरालीजनों पर केस
- पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किए गंभीर धाराओं में मुकदमे
- मारपीट से लेकर जलाकर मारने की कोशिश तक के आरोप

बख्शी का तालाब, लखनऊ। दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 12 ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में महिगवां थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता आरती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी लगभग चार वर्ष पूर्व हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार अंकित कुमार निवासी ग्राम शिवपुरी, थाना मलिहाबाद, जिला लखनऊ के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में महिगवां थाना पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला महिला थाना द्वितीय बीकेटी में दर्ज किया गया है। ग्राम मुंशीखेड़ा, थाना माल क्षेत्र की निवासी विवाहिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब तीन वर्ष पहले अनिल कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उससे चार पहिया वाहन और सोने की चेन की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की कोशिश की गई। पीड़िता का आरोप है कि 8 दिसंबर 2025 को उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की गई, जबकि 10 दिसंबर को ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका दहेज का सामान जला दिया। इस मामले में महिला थाना द्वितीय पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नायब तहसीलदार ने कहा, सवाल शिकायत कर्ता से करो

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इन दिनों सरकारी कर्मचारियों के बोल बिगड़ते जा रहे हैं ।वे किसी भी मामले में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देना मुनासिब नहीं समझते हैं। ऐसा करने में वे शायद अपना अपमान समझते हैं ।हो सकता है इसी लिए 5 अप्रैल 2026 को गोसाईगंज क्षेत्र के गांव गंगागंज में नायब तहसीलदार सव्या मिश्रा ने पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल का उत्तर नहीं दिया गया। नायब तहसीलदार की ओर से कहा गया कि जिसने शिकायत की है सवाल उसी से करो। मौके पर मौजूद लोगों को नायब तहसीलदार के रवैए पर बहुत ही आश्चर्य हुआ। अब लोगों में इस बात पर चर्चा हो रही है कि सरकार की ओर से न्यायिक पद पर तैनात महिला इस तरह की बात करेगी तो उसके न्यायालय में उसकी कलम से गरीब पीड़ितों को न्याय मिलने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। मैडम ने पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब क्यों नहीं दिया इसका कारण तो वही समझ सकती है लेकिन आम लोगों मे यही धरना पनप रही है कि उन्होंने जिस पक्ष से रिश्वत ली होगी।उसी के पक्ष मे काम भी कर रही होग। नायब तहसीलदार गोसाईगंज का यह यह रवैया मिला जब वे साहू रियल एस्टेट द्वारा मिट्टी डाल कर पाट दिए गए नाले को देखने के लिए गंगागंज पहुंची थी। इस मामले राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष गोसाईगंज की ओर से 24 मार्च से शिकायतें की जा रही थी। शिकायत कर्ता के अनुसार साहू रियल स्टेट ने पुराने नाले को पाट कर प्लाटिंग का काम किया है। शिकायत पत्र के अनुसार इस नाले में लगभग 50 गांवों का पानी बहता हुआ गोमती नदी में गिरता रहा है। अब सवाल उठता है कि आने वाला पानी कहां जाएगा। यह स्थान सुल्तानपुर मार्ग 731 से जुड़ा हुआ है। इसी लिए इसके महत्व को देखते हुए साहू रियल स्टेट इसे अपने कब्जे में लेकर लाभ कमाने के जुगाड में है। कंपनी के सहयोग में नायब तहसीलदार सव्या मिश्रा खडी हुई दिखाई दी। उन्होंने लोनी नाले की नाप करवाई और उसे टेढा कर दिया।

## अधिवक्ता से 50 हजार की लूट

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र में जेल रोड पर इंद्रा नहर के पास अधिवक्ता से अज्ञात बदमाशों ने तमंचे के बल पर सोने की चेन व 50 हज़ार रुपये छीन लिए। जगमोहनपुरवा गोसाईगंज के रहने वाले अधिवक्ता अभिषेक यादव ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार की शाम मोहनलालगंज से रजिस्ट्री करा कर बाइक से घर वापस लौट रहे थे ।तभी जेल रोड पर इंद्रानहर के पास पहले से घात लगाकर बैठे लोगो ने उनकी बाइक के आगे साइकिल फेंक दी। जिससे वह बाइक सहित गिर गए। इसी बीच छह सात अज्ञात लोग आये और तमंचा लगा कर उनके गले से सोने की चेन और 50 हज़ार रुपये छीन लिए ।पीड़ित ने जब विरोध किया तो आरोपितों ने उनकी पिटाई कर दी ।जब पीड़ित ने शोर मचाया तो लोग बचाने के लिए दौड़ने लगे यह देख आरोपित वहाँ से भाग निकले ।पुलिस पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात लोगों के ख़िलाफ़ मुक़दमा दर्ज कर मामले की जाँच कर रही है।

## फाफामऊ-तेलियरगंज के पांटून पुल बंद, आवागमन ठप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से प्रयागराज और कौशाम्बी में जनजीवन प्रभावित होने लगा है। फाफामऊ और तेलियरगंज के बीच बने दोनों पांटून पुलों से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, फाफामऊ-तेलियरगंज पांटून पुल का एक हिस्सा गंगा में डूब गया है, जबकि तेलियरगंज-फाफामऊ के दूसरे पांटून पुल को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा दूसरे पुल की चकर्ड प्लेट भी हटा दी गई है, जिससे किसी भी प्रकार का आवागमन संभव नहीं रह गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंगा में जलस्तर बढ़ने की मुख्य वजह बैराजों से पानी छोड़ा जाना है। बीते 25 मार्च को कानपुर बैराज से 16,229 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा। इसके चलते पहले कछारी इलाकों में होने वाली खेती प्रभावित हुई और अब पांटून पुल भी जलमग्न हो गए हैं। फाफामऊ कछार क्षेत्र के लोगों ने बताया कि गुरुवार को बेला कछार में पुल से जोड़ने के लिए बिछाई गई चकर्ड प्लेट भी पानी में डूब गई। वहीं, दूसरे पांटून पुल की चकर्ड प्लेट को तीन दिन पहले से ही हटाया जाने लगा था, जिससे प्रशासन को पहले से ही खतरे का अंदेशा था। गंगा के बढ़ते जलस्तर का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। कछारी क्षेत्रों में खेती को नुकसान पहुंचा है, वहीं रोजाना पुल से आवागमन करने वाले लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। यदि जलस्तर में और वृद्धि होती है, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## ओलावृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद, मुआवजे की मांग

**(कोरांव), प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के कोरांव तहसील क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब 3 बजे तेज तूफान और बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि हुई। इस घटना से किसानों की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि का असर कोरांव कस्बा सहित खीरी बघोल, बहरैचा और खजुरी जैसे कई अन्य गांवों में देखा गया। सफ़ेद ओलों की चादर बिछ जाने से खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गईं। किसानों के लिए खेती ही आय का मुख्य स्रोत है, और इस ओलावृष्टि ने उनकी आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। प्रभावित किसानों ने प्रयागराज के जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप कर नष्ट हुई फसलों के लिए मुआवजे की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना, महिला की मौके पर मौत, वाहन के पिछले पहिए से कुचलकर जान गई, पति घायल, बेटा सुरक्षित

**(कोरांव), प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के कोरांव थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में महिला की मौके पर मौत हो गई। यह घटना गांधी चौराहा के पास दोपहर करीब 1 बजे हुई। महिला के पति घायल हो गए, जबकि उनका बेटा सुरक्षित बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला अपने पति और बेटे के साथ मोटरसाइकिल पर सवार थी। इसी दौरान एक वाहन के पिछले पहिए की चपेट में आने से महिला का सिर कुचल गया, जिससे उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। हालांकि, मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ जमा होने के कारण शव को उठाने में कुछ देर बाधा आई। पुलिस ने काफी बातचीत के बाद शव को अपने कब्जे में लिया। शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चिरघर भेज दिया गया। मृतक महिला की पहचान फातिमा बेगम (42 वर्ष) के रूप में हुई है, जो ग्राम दुभारी करमा, थाना घूरपुर की निवासी थीं। उनके पति का नाम नौरो अंसारी है। फिलहाल, दुर्घटनाग्रस्त वाहन पुलिस की हिरासत में बताया जा रहा है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## मिशन शक्ति 5.0 जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिला सशक्तिकरण को लेकर मुख्य मंत्री द्वारा आदेशित नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए मिशन 5.0 अभियान के तहत थाना अलीगंज क्षेत्र मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पुरानिया के ऐश्वर्य प्लाजा मे किया गया।कार्यक्रम मे महिला उपनिरीक्षक शिवानी मिश्रा, उप निरीक्षक प्रगति सिंह, रविन्द्र् नाथ प्रजापति के साथ चौकी के अन्य पुलिस्कर्मि भी मौजूद रहे जिन्होंने महिलाओ के सशक्तिकरण को लेकर उनके अधिकारों के प्रति सरकार द्वारा चलाई रही योजनाओ को लोगो तक पहुँचाया साथ ही साइबर क्राइम जैसी घटनाओ से बचने के भी जानकारी दी इसके साथ ही सुरक्षा के लिए जारी टोल फ्री नंबर की भी विस्तृत जानकारी दी।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी (लखनऊ)। काकोरी में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पूर्व प्रधान दिनेश विश्वकर्मा के स्वागत में रविवार को ग्राम पंचायत अल्लुपुर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम दोपहर 11 बजे शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी देखने को मिली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुशील कुमार पाल मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष सुदेशपाल, प्रदेश प्रवक्ता राम सजीवन पाल ,प्रदेश सचिव डॉ धर्मेंद्र, प्रदेश महिला अध्यक्ष मीना रावत,नगर अध्यक्ष आरती, प्रदेश सचिव वीरेन्द्र कुमार पाल, युवा प्रदेश सचिव सुरेश यादव युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर यादव प्रदेश उपाध्यक्ष रामसागर पाल सहित संगठन के कई पदाधिकारी शामिल हुये। मंच से वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और किसानों की आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के समापन के बाद सभी लोगों ने तहरी भोज का आनंद लिया और जिला अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा के साथ तन, मन और धन से कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया।इस मौके पर ग्राम प्रधान सतीश रावत,पूर्व प्रधान राम पदार्थ ,पंचायत सदस्य गंगा राम,ग्राम पंचायत सदस्य रज्जन लाल यादव,प्रदेश प्रवक्ता सजीवन पाल समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# पथ संचलन में शामिल हुए विधायक, 5000 स्वयंसेवकों की भागीदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर/ लखनऊ। आज सरोजनीनगर, लखनऊ स्थित सैनिक स्कूल मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में एक भव्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 5000 से अधिक स्वयंसेवकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। इस अवसर पर सैंकड़ों पार्टी पदाधिकारियों एवं मातृशक्तियों द्वारा स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भारतीय संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन तथा समाज जीवन में संगठन, सेवा एवं राष्ट्रनिष्ठा के संस्कारों को निरंतर सुदृढ़ करने का जो कार्य किया जा रहा है, यह पथ संचलन उसका सशक्त और प्रेरणादायक प्रतिबिंब है।



उन्होंने कहा कि अनुशासन, समरसता और राष्ट्र प्रथम की भावना से ओत-प्रोत स्वयंसेवकों का यह सुव्यवस्थित संचलन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों की एकजुटता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की मातृशक्ति ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की तथा 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। यह दृश्य सामाजिक समरसता और राष्ट्रप्रेम का प्रेरणादायक उदाहरण रहा। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि विविधताओं से भरे हमारे राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोकर अखंड बनाए रखने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का योगदान अतुलनीय है। संघ के स्वयंसेवक हर परिस्थिति में देश और समाज के लिए समर्पित रहते हैं तथा त्याग और सेवा की भावना से प्रेरित होकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए विधायक ने बताया कि लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किला मोहम्मदी ड्रेन रिमॉडलिंग परियोजना के लिए 176 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। इस परियोजना से आशियाना सहित आसपास के क्षेत्रों की लगभग ढाई लाख की आबादी को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

### जनपद मऊ में स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

# जिला अस्पताल में लगेंगे अत्याधुनिक उपकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। जनपद मऊ में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के सतत एवं प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत सरकार के उपक्रम एनटीपीसी के सहयोग से जिला अस्पताल में 62.10 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण स्थापित किए जाएंगे।

इस योजना के तहत अस्पताल में इको मशीन, सी-आर्म मशीन, लेप्रोस्कोपी उपकरण और वेंटिलेटर सहित कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन उपकरणों के स्थापित होने से अब मरीजों को जटिल ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों की



ओर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। स्थानीय स्तर पर ही उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं मिलने से समय और धन दोनों की बचत होगी, साथ ही मरीजों को त्वरित उपचार मिल सकेगा। मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक को उसके नजदीक बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल मऊ जनपद के लिए मील का पत्थर साबित होगी और आमजन को सीधा लाभ पहुंचाएगी। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय को इस उपलब्धि का प्रमुख कारण बताया। साथ ही एनटीपीसी के सहयोग को सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिलेगी। मंत्री ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के प्रति आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन और सहयोग से ही इस प्रकार के जनहितकारी कार्य संभव हो पा रहे हैं, जो जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक हैं।

## इजराइल में यूपी के 6000 से अधिक श्रमिक सुरक्षित, सरकार लगातार संपर्क में

**लखनऊ।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध को लेकर तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के 6000 से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शमुंगा सुंदरम ने कहा कि यदि कोई श्रमिक भारत लौटना चाहता है, तो उसके लिए जॉर्डन के रास्ते वापसी की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकती है। प्रमुख सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार लगातार उनकी स्थिति की निगरानी कर रही है और आवश्यकता पड़ने पर वापसी की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर रही है। नियमित रूप से इजराइल स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। दूतावास से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहां मौजूद सभी भारतीय श्रमिक, जिनमें उत्तर प्रदेश के श्रमिक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं और फिलहाल किसी भी तरह की आपात स्थिति की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह के साथ निरंतर संवाद के जरिए श्रमिकों की स्थिति की समीक्षा की जा रही है। हाल के अपडेट में राजदूत ने स्पष्ट किया है कि सभी भारतीय श्रमिक सुरक्षित हैं। हालांकि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सामान्य चिंता का माहौल है, लेकिन किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने की विशेष मांग सामने नहीं आई है।

## अधिकृत किताबों से विद्यालयों में होगी पढ़ाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शैक्षिक सत्र 2026S27 के लिए प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों में अनधिकृत पाठ्यपुस्तकों के प्रयोग पर सख्ती दिखाते हुए विशेष निर्देश जारी किए हैं। परिषद ने स्पष्ट किया है कि केवल अधिकृत प्रकाशकों की किताबें ही विद्यालयों में पढ़ाई जाएंगी, अन्यथा संबंधित संस्थाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। परिषद की सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कई विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की महंगी और अनधिकृत किताबें जबरन लागू कराई जा रही हैं, जो निर्धारित दरों से 149 से 361 प्रतिशत तक अधिक कीमत पर बेची जा रही हैं। इससे अभिभावकों और छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए 15 अप्रैल तक प्रदेशभर में विशेष निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कहीं भी अनधिकृत किताबें न पढ़ाई जाएं।

# एमपीआईटी में टीसीएस के सहयोग से स्थापित हुआ पूर्वी यूपी का पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस) के सहयोग से बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ एक विश्व कीर्तिमान के साथ होगा। 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ करेंगे।

इस अवसर पर टीसीएस एवं टाटा संस के चेयरमैन एन.चंद्रशेखरन भी उपस्थित रहेंगे। शुभारंभ के अवसर पर एमपीआईटी ने एआई फॉर आल ट्रेनिंग वर्कशॉप के लिए पांच लाख युवाओं को पंजीकृत करने की तैयारी की है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और साइबर सिक्योरिटी जागरूकता पर निःशुल्क 60 दिवसीय इस वर्कशॉप को एमपीआईटी की तरफ से दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, टीसीएस और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के साथ संयुक्त पहल के रूप में कराया जाएगा।

एमपीआईटी के निदेशक सुधीर अग्रवाल के अनुसार ट्रेनिंग वर्कशॉप के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। इसका लिंक एमपीआईटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है, 9 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एआई अवेयरनेस फॉर आल के साथ ही किसानों और कृषि विद्यार्थियों के लिए 'एआई अवेयरनेस फॉर फार्मर्स' वर्कशॉप के लिए पंजीकरण शुरू किया गया है। इसमें एक हजार किसानों और कृषि विद्यार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। वर्कशॉप पूर्णतः निःशुल्क है और इसका शुभारंभ भी 15 अप्रैल को होगा। एआई अवेयरनेस तथा साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस प्रोग्राम में एआई का परिचय,जेनेरेटिव एआई टूल्स, प्रॉम्प्टिंग एंड प्रोडक्टिविटी, रिस्पांसिबल एआई यूज,साइबर हाइजीन,फ्रॉड प्रिवेंशन,पासवर्ड एंड ओटीपी सेफ्टी और सेफ डिजिटल प्रैक्टिसेज के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त होगा। जबकि एआई अवेयरनेस फॉर फार्मर्स वर्कशॉप में कृषि में एआई, मौसम और फसल योजना, डिजिटल फार्मिंग टूल्स



और रूरल प्रोडक्टिविटी सपोर्ट के बारे में विस्तार से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में टीसीएस के सहयोग से पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित हुआ है। इसे विश्व स्तरीय मानक के अनुरूप विकसित किया गया है। इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कॉम्प्लेक्स में ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड थ्री डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्युरिटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कुल छह तरह के पाठ्यक्रम (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्युरिटी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, स्पेस टेक्नोलॉजी, थ्री डी प्रिंटिंग समेत एकीकृत पाठ्यक्रम) संचालित होंगे। बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स में हर पाठ्यक्रम के लिए एक अलग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होगा। एमपीआईटी के निदेशक सुधीर अग्रवाल के अनुसार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ढांचागत निर्माण पर 19.35 करोड़ रुपये, फर्नीचर व फर्निशिंग पर 2.40 करोड़, ड्रोन टेक्नोलॉजी सेंटर पर 1.84 करोड़, एआई सेंटर पर 9.56 करोड़, स्पेस टेक्नोलॉजी सेंटर पर 2.09 करोड़, साइबर सिक्योरिटी सेंटर पर 6.19 करोड़ और थ्री डी प्रिंटिंग सेंटर पर 6.79 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। एमपीआईटी के सभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश के तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेंगे। यहां न केवल एमपीआईटी के छात्रों को बल्कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से अनुमोदित 15 अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों को भी ग्लोबल कोर्सेज में शामिल होने की सुविधा मिलेगी। जो संस्थान एमपीआईटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से लाभान्वित होंगे उनमें मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक गोरखपुर, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक गोरखपुर, महामाया राजकीय पॉलिटेक्निक हरिहरपुर खजनी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी गोरखपुर सेंटर, महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक गोरखपुर, बुद्धा इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी गीडा गोरखपुर, बुद्धा पॉलिटेक्निक कॉलेज गीडा गोरखपुर, आईटीएम गीडा गोरखपुर, आईटीएम पॉलिटेक्निक गीडा गोरखपुर, केआईपीएम कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी गीडा गोरखपुर, लिटिल फ्लावर पॉलिटेक्निक गोरखपुर, महामानव गौतम बुद्ध पॉलिटेक्निक बनकटी खुर्द, सुयश इंस्टीट्यूट ऑफ़ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी हक्काबाद गोरखपुर और विकास इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी गोरखपुर शामिल हैं।

# अम्बेडकर जयंती से शुरू होगा सपा का मिशन

## मोहनलालगंज से बढ़ेगा आगे, जन-जन तक पहुंचेगा संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज की ग्राम सभा खुजौली स्थित ओम नमः शिवाय मैरिज लॉन में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर उपस्थित रहे।

उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए सभी पदाधिकारियों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों का उल्लेख करते हुए आगामी 14 अप्रैल 2026 को विश्व रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर में हर्षोल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से जुटने की अपील की।

इस मासिक बैठक सक्रिय कार्यकर्ता श्री हरी राम रावत तथा श्री मैकू लाल रावत जी को अम्बेडकर वाहिनी जिला सचिव नियुक्त कर मनोनयन प्रमाण पत्र दिया जिससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष/सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा ने की, जबकि संचालन विधानसभा महासचिव गजराज रावत द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव श्रावण यादव, अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव संतोष रावत, जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत 'राजू', पूर्व चेयरमैन राजेश रावत सहित दिनेश यादव, नवनीत सिंह, विजय प्रकाश यादव, राम अचल रावत, राम कुमार यादव, उमेश यादव, मो. हनीफ, मो. रईस, विजय सिद्धार्थ, राम समुझ रावत, ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह, अशर्फी लाल धीमान, राजू कुरैशी, महादेव रावत, वीर सिंह यादव, समर पाल यादव, हरीराम रावत, मैकू लाल रावत, गंगादीन रावत, मो. साहिल, अरविंद कुमार यादव 'गुड्डन', शिवकांत सिंह यादव, अजेन्द्र यादव, राधेश्याम यादव, बसंत लाल रावत, संतराम रावत, सुमन रावत, अर्चना रावत, फूलचंद यादव, सर्वेश यादव, मनोज रावत, गुड्डू यादव, हरिशंकर यादव, रमेश यादव, हरद्वार गौतम, भोला वर्मा, विपिन पाल, रामफेर धीमान, राकेश कुमार रावत, पदम यादव, दिलीप यादव, मनोज यादव, नितुल शर्मा, शनि सिंह यादव, राम सुचित यादव, सुरेश कश्यप, मधुकर यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री श्याम संकीर्तन और भण्डारे का आयोजन

गोसाईंगंज/लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के कस्बा अमेठी में स्थित एक गेस्ट हाउस में रविवार को खाटू श्याम के संकीर्तन व भण्डारे का आयोजन किया गया।श्री श्याम मित्र मण्डल अमेठी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भजन गायक मंडली ने भजन गा कर श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम स्थल को बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वहां बनी भगवान श्री खाटू श्याम की मनमोहक झांकी ने सभी का मन मोह लिया। जैसे ही हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा भजन गूंजे, पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया।आयोजन समिति के अमित मिश्रा दीपक अवस्थी ने बताया कि बारिश होने के बावजूद हजारों की संख्या में पहुंचे श्याम प्रेमी ह्रदय श्रीश्याम, हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा...श्याम तेरे नाम की महिमा अपार है... भजनों को गाते और जयकारे लगाते रहे।

## बूथ स्तर तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कैसरबाग स्थित लखनऊ महानगर कार्यालय पर 47वें भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारी बैठक की। फिर वसंत कुंज स्थित राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन को लेकर भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ नीरज सिंह, अध्यक्ष आनंद द्विवेदी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि 47वे भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर गौरव सम्मान समारोह आयोजन किया जाएगा। जनसंघ के समय से पार्टी के तीन सौ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

## सघन वाहन चेकिंग में 13 चालान, करोरा मार्ग पर दिनभर रही हलचल

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम के करोरा मार्ग पर रविवार को नगराम पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ा एक्शन लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक चौधरी के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और कई लोग चेकिंग से बचने के लिए रास्ता बदलते नजर आए। पुलिस टीम ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी और इंश्योरेंस सहित जरूरी कागजातों की गहन जांच की। बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले, सीट बेल्ट न लगाने वाले और नंबर प्लेट पर काली फिल्म लगाए वाहनों पर विशेष सख्ती बरतते हुए कुल 13 वाहनों के चालान किए गए। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया और सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि नगराम क्षेत्र में आगे भी ऐसे सघन वाहन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## जन चौपाल के बाद सामाजिक कार्यकर्ता को दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सैरपुर थाना क्षेत्र में एक सामाजिक कार्यकर्ता को किसानों की समस्याओं को लेकर आवाज उठाना भारी पड़ गया। आरोप है कि ज्ञापन देने से नाराज दबंगों ने सामाजिक कार्यकर्ता को रास्ते में रोककर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि धमकी की रिकॉर्डिंग भी उसके पास मौजूद है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार बस ने घर में मारी टक्कर, मुकदमा

**मोहनलालगंज,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कस्बे में रायबरेली रोड स्थित ज्योतिनगर तिराहा के पासबीते मंगलवार की रात तेज रफ्तार अनियंत्रित बस एक मकान में घुस गई। जिसमें मकान और घरेलू सामान क्षतिगस्त हो गया था।जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित इस्लाम मोहम्मद पुत्र स्वर्गीय गुलाम मोहम्मद निवासी रायबरेली रोड, ज्योतिनगर तिराहा, मोहनलालगंज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार की देर रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। तभी एक ऑल इंडिया टूरिस्ट बस एन एल 07 3 0685 तेज रफ्तार में रायबरेली की ओर से आती हुई चालक की लापरवाही के चलते अनियंत्रित हो गई। पीड़ित ने बताया कि बस सड़क के बीच बने डिवाइडर की बाउंड्री तोड़ते हुए सीधे पीड़ित के मकान में जा घुसी। बस ने मकान के सामने बनी दुकान, रेलिंग और गैलरी को तोड़ दिया, जिससे घर में रखा एसी, फ्रिज समेत अन्य सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में मोहनलालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा फरार चालक व परिचालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## शातिर बदमाश गिरफ्तार, चेन, मोबाइल व बाइक बरामद

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीजीआई पुलिस ने क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चेन स्नेचिंग की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से छीनी गई चेन, लॉकेट, दो मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अब उसके फरार साथी की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पहले से लूट, चोरी और गैंगस्टर एक्ट के कई मामले दर्ज हैं, जिससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति का अंदाजा लगाया जा सकता है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है, जो अपने साथी के साथ मिलकर महिलाओं को निशाना बनाता था। उसके पास से बरामद सामान हाल ही में हुई घटनाओं से संबंधित है। फरार साथी की तलाश में टीमें लगातार दबिश दे रही हैं, जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है, जबकि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## एक्सप्लोरेशन कार्निवाल 2026 का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसकेडी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा एक्सप्लोरेशन कार्निवाल 2026 का आयोजन किया गया, यह आयोजन संस्थान के मूल विचार नवीन सोच, उज्ज्वल भविष्य को साकार करता है। कार्यक्रम में शिक्षा और अनुभव का प्रभावशाली समन्वय देखने को मिला, जहाँ छात्रों और अभिभावकों को भविष्य की शिक्षा से परिचित कराया गया। विद्यालय की कैम्ब्रिज आधारित शिक्षण पद्धति को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिज्ञासा-आधारित शिक्षा, समालोचनात्मक चिंतन एवं वैश्विक दृष्टिकोण पर विशेष बल दिया जाता है। वहीं शिक्षा के साथ साथ स्वास्थ्य भी जरूरी है संदेश के साथ एसकेडी हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क मेडिकल चेक-अप शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के संस्थापक एस.के.डी. सिंह, निदेशक मनीष सिंह, क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. आशीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर निशा सिंह तथा असिस्टेंट डायरेक्टर (एकेडमिक्स) कुसुम बत्रा सहित सभी शाखाओं के प्रिंसिपल्स मौजूद रहे।



# संगठन मजबूती और राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ जिला के मोहनलालगंज मंडल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का रविवार को भव्य और गरिमामय समापन हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान में कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, जनसेवा, डिजिटल माध्यमों के उपयोग और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम का आयोजन जिला उपाध्यक्ष हंसराज रावत, जिला महामंत्री धीरेंद्र पांडे धीरू तथा मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया गया। विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, जनसंपर्क बढ़ाने और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। जिला सोशल मीडिया संयोजक रवि द्विवेदी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी, वहीं जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कंात अवस्थी ने अंतिम सत्र में कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, अनुशासन और राष्ट्र सर्वोपरि के भाव से कार्य करने का संदेश दिया। समापन अवसर पर समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया तथा सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और जनकल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में आपसी सौहार्द के साथ जलपान किया गया और संगठन ही सेवा है के संदेश के साथ महाअभियान का समापन हुआ।

# पीसीएस 2024 में कोच अप आईएएस का परचम, 35 अभ्यर्थियों ने हासिल की सफलता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अलीगंज स्थित कोच अप आईएएस ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (संयुक्त राज्य/उच्च अधीनस्थ सेवा) परीक्षा 2024 में 35 अभ्यर्थियों की सफलता के साथ उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। संस्थान की इस सफलता को उसकी मार्गदर्शन आधारित शिक्षण पद्धति, व्यक्तिगत अध्ययन योजना और वैज्ञानिक उत्तर मूल्यांकन प्रणाली का परिणाम माना जा रहा है। संस्थान की निदेशक डॉ. गरिमा श्रीवास्तव के नेतृत्व में विकसित छात्र-केंद्रित शैक्षणिक वातावरण को इस उपलब्धि की प्रमुख वजह बताया गया है। वहीं आशुतोष श्रीवास्तव और मनीष शुक्ला द्वारा दिया गया निरंतर व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी अभ्यर्थियों के बेहतर प्रदर्शन में अहम साबित हुआ। संस्थान के अनुसार, प्रत्येक अभ्यर्थी की क्षमता और जरूरतों के अनुसार विशेष अध्ययन योजना तैयार की जाती है। इसके साथ ही नियमित उत्तर लेखन अभ्यास और विस्तृत मूल्यांकन से छात्रों को परीक्षा की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार किया जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तरों की संरचना, कीवर्ड के सही उपयोग और प्रभावी प्रस्तुति पर विशेष ध्यान देने से चयन की संभावना बढ़ जाती है। कोच यूपी आईएएस प्रबंधन ने बताया कि इस सफलता में संस्थान की शैक्षणिक टीम-प्रशांत ओझा, शैलेश शुक्ला और मनीष मोहन श्रीवास्तव-का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संस्थान प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार तीनों चरणों की समग्र और एकीकृत तैयारी कराता है। साथ ही, पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों के विश्लेषण और परीक्षा के बदलते रुझानों के आधार पर तैयारी को और सुदृढ़ बनाया जाता है।




## इन्होंने मारी बाजी

अखिल पाण्डेय, पूर्णिमा सिंह, विनय कुमार, सोनम यादव, नीलेश कुमार सिंह, साहिल वर्मा, अभिषेक पांडे, श्वेता कौशिक, अंशु सिंह, निशु शुक्ला, प्रियंका वर्मा, अंजुली गुप्ता, ईशा हर्षिता, अनुपम तिवारी, प्रशांत सिंह, प्रगति वर्मा, शुभम पस्तोर, प्रीति सिंह, निधि साहू, स्मृति श्रीवास्तव, आलोक यादव, वर्षा सिंह, सुधांशु सिंह, गरिमा सिंह, शिवांशु मिश्रा, खुशबू रानी, कुशाग्र प्रकाश, श्रीधर पांडे, सौरभ दीप, वरदान गुप्ता, चंदन पाल व पंकज यादव सहित अन्य अभ्यर्थी शामिल रहे।

## नागरिक सुरक्षा प्रखंड लोहिया नगर की मासिक बैठक संपन्न

# 10-10 फायर फाइटर जोड़ने की सलाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नागरिक सुरक्षा कोर लखनऊ प्रखंड लोहिया नगर के पोस्ट संख्या 10 की मासिक बैठक पुरुषोत्तम बाल विद्या मंदिर, गायत्री नगर में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ डिवीजनल वार्डन सुनील कुमार तिवारी ने की।बैठक में प्रखंड को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक वार्डन को 10-10 फायर फाइटर जोड़ने की सलाह दी गई।

उपस्थित वार्डनों ने अपने-अपने सुझाव भी साझा किए। डिवीजनल वार्डन सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि हाल ही में पेट्रोल-डीजल की समस्या के दौरान सभी वार्डनों ने पेट्रोल पंपों पर भीड़ को नियंत्रित करने में सराहनीय योगदान दिया, जिसके लिए जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा द्वारा उनकी प्रशंसा की गई। उन्होंने सभी वार्डनों से इसी तरह अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते रहने का आह्वान किया।डिप्टी डिवीजनल वार्डन डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि जिलाधिकारी एवं चीफ वार्डन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करना सभी वार्डनों की जिम्मेदारी है। वहीं स्टाफ ऑफिसर कमलेश सिंह ने ड्यूटी के दौरान समय की पाबंदी और निर्धारित ड्रेस में उपस्थित रहने पर विशेष बल दिया।बैठक में पोस्ट वार्डन सत्य कुमार तिवारी, डिप्टी पोस्ट वार्डन जय करन, आरक्षित पोस्ट वार्डन एस.बी. सिद्धार्थ, सेक्टर वार्डन सौरभ अग्रवाल, विनय कुमार मौर्य, दीप्ति शर्मा, नबी हसन, डॉ. ओंकार वर्मा, जय प्रकाश शर्मा, अंजू चौरसिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

# फलदार पेड़ काटने का विरोध करने पर महिला से मारपीट, 14 पर मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नामजद रिपोर्ट, मंगलसूत्र टूटने व जान से मारने की धमकी का आरोप

बख्शी का तालाब,लखनऊ।बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के सरकपुर सरैया गांव में फलदार आड़ू का पेड़ काटने का विरोध करने पर महिला से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 14 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरकपुर सरैया निवासी गीता रावत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के बाहर लगा लगभग 10 वर्ष पुराना फलदार आड़ू का पेड़ 30 मार्च को गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से काट लिया गया। जब उन्होंने इस संबंध में आरोपियों से शिकायत की तो सभी लोग आक्रोशित हो गए और सार्वजनिक मार्ग पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे।

पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उनके गले से सोने का मंगलसूत्र टूटकर गिर गया, जो बाद में नहीं मिला। आरोप है कि विपक्षियों ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।इस मामले में पुलिस ने गुड़िया, पंकज, सुरेश, पप्पी, भगवान, नीलम, रामानंद, सर्वेश, विष्णु, खुशबू देवी, फूल कुमारी, आंचल, पिंटू समेत 14 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पत्रकारिता के आदर्शों को समर्पित भव्य शपथ ग्रहण समारोह, नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली निष्पक्षता व जनसेवा की शपथ

# पत्रकारों के सम्मान और स्वाभिमान से कोई समझोता नहीं: प्रभात त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पत्रकारिता के उच्च आदर्शों के प्रति समर्पित वातावरण में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित) के निर्वाचित पदाधिकारियों का प्रथम शपथ ग्रहण समारोह जनभवन (राजभवन) के समक्ष स्थित विश्वेश्वरैया हाल में भव्य एवं गरिमामयी ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम श्रद्धेय पत्रकार पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी तथा बाबूराव विष्णु पराड़कर के आदर्शों को समर्पित रहा। समारोह में पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिससे पूरे वातावरण में गरिमा और शालीनता का संचार हुआ।

सूचना विभाग की अयोध्या से आई सांस्कृतिक टीम ने लोक रंगों से भरपूर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। लोक गायिका प्रकृति यादव के नेतृत्व में मान्या, अविका, गौरी, अमन, आदर्श, अनुज, चन्दन, अश्वनी और सोनू कुमार ने लोकगीतों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में जीवंतता का संचार करते हुए पत्रकारिता और भारतीय संस्कृति के सुंदर समन्वय का संदेश दिया।

संयोजक प्रभात त्रिपाठी, ने अपने संबोधन में कहा पत्रकारों के सम्मान और स्वाभिमान में कोई समझोता नहीं किया जाएगा। प्रभात त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने पुनर्गठित समिति क्यूँ बनाईं उसके बारे में भावुक होकर सेंकड़ों पत्रकारों को बताया कि राज्य मुख्यालय और लखनऊ जिले के पत्रकारों को जोड़ कर पुनर्गठित समिति का निर्माण करना पड़ा प्रभात त्रिपाठी ने ऐलन किया कि सभी पत्रकारों के लिए नई ऊर्जा के पूरी टीम काम करेगी प्रभात त्रिपाठी ने प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद और सूचना निदेशक विशाल सिंह का आभार व्यक्त करते हुऐ आशा व्यक्त की कि उनका नई समिति को पूरा सहयोग मिलता रहेगा किसी पत्रकार का आर्थिक नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। नई टीम को मौजूद मुख्य अतिथि ने शपथ दिलाई अध्यक्ष पद पर शेखर पंडित के साथ महासचिव पद पर ज्ञानेश पाठक, कोषाध्यक्ष विक्रम राव तथा उपाध्यक्ष अमन अग्रवाल, जितेन्द्र कुमार सिंह यादव और कृष्ण कुमार सिंह (के.के.) शामिल रहे। संयुक्त सचिव के रूप में राजू यादव, अर्चना गुप्ता, दीपक अवस्थी और लखन लाल मिश्रा ने शपथ ली। कार्यकारिणी सदस्यों में सुरेंद्र कुमार दुबे, अनिल तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, सुभाष चंद्र मिश्रा, धनंजय सिंह, शीतला प्रसाद, बलराम गुप्ता, बबीता ओबेरॉय, शियाराम यादव और सुजीत द्विवेदी ने भी अपने दायित्वों के प्रति निष्ठा का संकल्प व्यक्त किया।




मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष एसएसटी आयोग बैजनाथ रावत, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद शीशराम सिंह रवि तथा मुख्य वक्ता लखनऊ से एमएलसी पवन सिंह चौहान ने समारोह को संबोधित किया। पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने कहा कि पत्रकारों की असली पहचान उनकी निष्पक्ष कलम होती है और पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में निष्पक्षता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है, इसलिए कर्तव्यनिष्ठा अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर भाजपा नेता मनीष गुप्ता ने कहा कि पत्रकारिता आज भी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रही है। संपादक ममता त्रिपाठी ने संगठन की एकजुटता और मजबूती पर बल देते हुए कहा कि पत्रकारों का सामूहिक प्रयास ही संस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। पूर्व सांसद शीशराम सिंह रवि ने अपने संबोधन में पत्रकारों से विश्वसनीयता, निष्पक्षता और जनहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। वरिष्ठ पत्रकार अजय श्रीवास्तव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों को समय-समय पर चुनौतियों और विरोध का सामना करना पड़ता रहा है, लेकिन यदि सभी सदस्य समिति के नियमों और मूल्यों का पालन करते हुए कार्य करेंगे तो संगठन की गरिमा सदैव बनी रहेगी और उस पर किसी प्रकार की उंगली उठाने का अवसर नहीं मिलेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि जब भी समिति या पत्रकार साथियों को आवश्यकता होगी, वे सदैव सहयोग और मार्गदर्शन के लिए तत्पर रहेंगे।

वरिष्ठ पत्रकार सतीश प्रधान ने अपने संबोधन में पत्रकारिता के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक पत्रकार को सदैव अपने दायित्वों के प्रति सजग और प्रतिबद्ध रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और जिम्मेदारी ही पत्रकारिता की पहचान हैं, इसलिए किसी भी परिस्थिति में कार्यों के प्रति लापरवाही से बचना आवश्यक है। संयोजक प्रभात त्रिपाठी ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों की माननीय राज्यपाल महोदया से शीघ्र मुलाकात प्रस्तावित है, जिसके बाद मुख्यमंत्री से भी भेंट कर पत्रकार हितों से संबंधित मांगें रखी जाएंगी। समिति के अध्यक्ष शेखर पंडित और महासचिव ज्ञानेश पाठक ने कहा कि सभी पदाधिकारी समिति के नियमों का पालन करते हुए संगठन को सशक्त और सक्रिय बनाएंगे। समिति के तकनीकी सलाहकार अजीत सिंह और चुनाव आयोग में शामिल उमाकांत बाजपेई भी मंच पर मौजूद थे।

कार्यक्रम का समापन पत्रकारिता के मूल्यों को सुदृढ़ करने और संगठन को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ। समारोह ने उपस्थित पत्रकारों में नई ऊर्जा, जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन विक्रम राव ने किया।

# प्रशासन की सुस्ती के चलते स्थानीय पॉटरी उद्योग हो रहा विलुप्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**क्षेत्र सकरन में विलुप्त हो रही हस्तशिल्प कला का जिम्मेदार बना राजस्व व ग्रामोद्योग विभाग**



सकरन (सीतापुर)। अपनी कलाकारी के लिए क्षेत्र में विख्यात कुम्भकारी व झाड़ू चटाई कला अब शासन व प्रशासन की अनदेखी के चलते विलुप्ति के कगार पर है। तकनीकी युग में विशेष प्रशिक्षण,अनुदान व अन्य सहूलियतों की अनुपलब्धता के चलते ये क्षेत्रीय हस्तशिल्प कला अब विलुप्ति के कगार पर पहुँच चुकी है। प्रदेश पॉटरी उद्योग जहां एक तरफ देश में अपना लोहा मनवा रहा तो सकरन क्षेत्र में सांडा, सेमराखुर्द, रउवापुर नेवादा, पिपरी, जल्लाबाद, बगहाढाख जैसे गाँवो के कुंभार लोग अपना व्यवसाय छोड़ आजीविका के लिए अन्य व्यवसायों की ओर मुड़ रहे हैं।

राजस्व व ग्रामोद्योग विभाग की सुस्ती के चलते उक्त गावों का मृदा कला व भंगहा,पड़रिया,अंदूपुर के राधा जाति के लोगों के द्वारा खजूर के झाड़ू व चटाई बनाने की कला पूर्णतः विलुप्त होती जा रही है। मृदा हस्तशिल्पी रामभरोसे, रामचंद्र, मलखे, सुनीता ने बताया कि बर्तनों के लिए उपयोग की जाने वाली मिट्टी खनन माफियाओं सहित ग्राम प्रधानों की नीति के चलते मिल ही नहीं रही और न ही उपले उपलब्ध हो रहे तो स्थानीय प्रशासन भी कोई सहयोग नहीं कर रहा है व खजूरपत्र हस्त शिल्पी अवधेश, सुरेश, नीरज, जयदरथ, दिनेश, कमलेश, कमलकिशोर,छोटू ने बताया कि अवैध ताड़ी उत्पादन व जंगलों की कटाई के चलते क्षेत्र में खजूर के पेड़ समाप्त हो गए हैं और बाजार में आधुनिक उत्पाद आ जाने से मेहनताना निकलना भी दुशवार हो गया है इसलिए इस काम से लोगों का मोहभंग हो गया है, हस्तशिल्पीयों ने बताया कि सरकार भी कोई सहयोग नहीं कर रही इसलिए हमलों मेहनत मजदूरी करने बाहर चले जाते हैं।

क्षेत्र की पहचान हस्तशिल्प कला जहां विलुप्ति की ओर ही नहीं है बल्कि अपनी संस्कृति से विमुख होते समाज व शासन-प्रशासन पर भी बड़े सवाल खड़े करते हुए कामगारों को पलायन के लिए मजबूर कर रही है।

अब सवाल ये उठता है जहां एक तरफ सरकार मृदाकला, काष्ठकला,वास्तु कला, लोहारकारी,चिकनकारी,दरी उद्योग के उन्नयन का हर संभव प्रयास कर रही है और सकरन क्षेत्र उक्त कलाओं में प्रवीण भी है जिसके माध्यम से हजारों परिवारों की आजीविका चल रही है तो दूसरी तरफ खादी एवं ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प व स्थानीय शासन व प्रशासन कारीगरों का कोई सहयोग न कर इसे विलुप्त करने प्र आमादा हैं।

# अवैध मादक पदार्थ (गांजा) के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**अवैध गांजा बिक्री व तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध नियंत्रण एवम् अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जनपद पुलिस को वृहद एवम् सघन चेकिंग के लिये निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में दिनांक 05.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले के कुशल नेतृत्व में थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान हिस्ट्रीशीटर अभि0 रामलखन पुत्र पुतन्नी निवासी सरफापुर थाना खैराबाद सीतापुर को 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के संबंध में थाना खैराबाद पर मुअ0सं0 98/26 धारा 8/20 गक्ष्ट्ट इएट्ठ पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया है। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त रामलखन उपरोक्त थाना स्थानीय का हिस्ट्रीशीटर(HS ग0.4827-इ) है तथा इसके विरुद्ध पूर्व में जनपद के विभिन्न थानों में यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट/अवैध शस्त्र/मादक पदार्थ रखने जैसी धाराओं में कई अभियोग पंजीकृत है।

# सपा नेताओं ने महर्षि कश्यप व निषादराज की मनाई जयंती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर महर्षि कश्यप और श्रंगवेरपुर के राजा निषादराज की जयंती पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान पार्टी के सभी नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें महर्षि कश्यप एवं श्रंगवेरपुर के राजा निषादराज के व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, विजय सिंह, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया, महानगर अध्यक्ष जाफरीन, लखन प्रताप सिंह, दोदराम वर्मा, अरविंद कुमार पाल, अवधेश कुमार पाल, सत्येंद्र यादव, पार्थ यादव, संतोष कुमार पाल, प्रसून कुमार कनौजिया, आकाश यादव, आनंद शुक्ला, सुभान अख्तर, शकील अहमद, मोहम्मद रमीज, शौकत अली, रानू खान, बब्लू कश्यप, शिवम कश्यप, मनोज कुमार, असलम खान, मुनीर अहमद, फैजान खान, रवि प्रकाश पांडे, शैलेंद्र कुमार, संदीप यादव, सुनील यादव, नीरज कश्यप, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी भीड़ कई शिकायतों का मौके पर समाधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील लहरपुर में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सुरेश कुमार, तहसीलदार लहरपुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील लहरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 83 शिकायतों में से 11 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील बिसवां में प्राप्त 35 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील सिधौली में प्राप्त 44 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 51 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महोली में प्राप्त 20 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 37 प्रार्थना-पत्रों में से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## अफीम के साथ बदायूं के 02 तस्कर गिरफ्तार

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीती रात थाना कटरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जैतीपुर रोड पर बाबूपुर पुलिया के पास से 02 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने 700 ग्राम से अधिक अफीम बरामद की। पकड़े गए तस्कर जनपद बदायूं के थाना दातागंज क्षेत्र के गांव बछिलिया के रहने वाले रामानन्द और अरविन्द हैं। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वो लोग गांव बछिलिया के ही रहने वाले बिहारी से अफीम लाते हैं और बाबूपुर पुलिया के पास जैतीपुर रोड पर आने-जाने वाले ट्रक ड्राइवरों को बेच देते हैं तथा इसी से अपने घर का खर्चा चलाते हैं। बताया आज भी वो दोनों अफीम बेचने आए थे और पकड़े गए। फिलहाल, कटरा पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कटरा के प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक मनोज कुमार, हेड कां. नरेन्द्र सिंह, अुकंर कुमार आदि मौजूद रहे।

## जनपदीय पुलिस ने चलाया अभियान, 117 वारंटी व वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर जनपदीय पुलिस ने बीती रात एनबीडब्ल्यू वारंटियों और वांछित अभियुक्तों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसके क्रम में 106 एनबीडब्ल्यू वारंटी और 11 अन्य वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के क्रम में सिटी सर्किल के थाना सदर बाजार, थाना कोतवाली और थाना आरसी मिशन ने 21, सदर सर्किल के थाना कांट, थाना निगोही, थाना रोजा, मदनापुर और सेहरामऊ दक्षिणी थाने में 34, तिलहर सर्किल के थाना तिलहर, कटरा, जैतीपुर, खुदागंज, गढ़िया रंगीन थानों में 22, जलालाबाद सर्किल के थाना जलालाबाद, अल्हागंज, मिर्ज़ापुर, कलान, परौर में 27, पुवायां सर्किल के थाना पुवायां, सिंधौली, बंडा और खुटार थाने की पुलिस ने 13 एनबीडब्ल्यू वारंटी और 11 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर जनपद में पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## भाजपा का उद्देश्य राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास को आगे बढ़ाना : प्रिया अग्रवाल

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास को आगे बढ़ाना है। यह बातें रविवार को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने भाजपा मुरादाबाद महानगर के रामगंगा विहार नगर मंडल के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान 2026 के अंतिम दिन पांचवें सत्र को संबोधित करते हुए कही। रविवार रेडसफायर बैंक्वट हाल आशियाना कॉलोनी में रामगंगा विहार नगर मंडल के दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान का समापन हुआ,जिसमें कुल सात सत्रों में वैचारिक अधिष्ठान, संगठन की कार्य पद्धति, बूथ प्रबंधन, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, सोशल मीडिया व जनजागरण, कार्य विस्तार की चर्चा की गई। रविवार को अंतिम दिन समापन सत्र सहित चार सत्र संपन्न हुए। प्रथम सत्र में रविवार को मुख्य वक्ता पूर्व महानगर उपाध्यक्ष दिनेश सिसोदिया ने भारतीय जनसंघ कीस्थापना से लेकर वर्ष 2026 तक भाजपा का इतिहास बताया। प्रथम सत्र के अध्यक्ष भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य निमित जायसवाल ने भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों का पालन करते हुए कार्य कर रही है। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का उद्देश्य केवल संगठन को मजबूत करना नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को समाज के प्रति अधिक संवेदनशील, जागरूक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना भी है।द्वितीय सत्र की अध्यक्ष पूर्व महानगर मंत्री शशि किरण ने कहा कि प्रशिक्षण अभियान में आप जो भी सीख रहे हैं उसे अपने जीवन में उतारें। तृतीय सत्र के मुख्य वक्ता पूर्व भाजपा महानगर उपाध्यक्ष राहुल शर्मा ने बूथ प्रबंधन विषय पर कहा कि अपना बूथ सबसे मजबूत की भावना हम सभी के मन में होनी चाहिए। तृतीय सत्र के अध्यक्ष महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता ने कहा कि उप्र के विधानसभा चुनाव में 9 माह का समय शेष बचा है।

इसीलिए यह नौ माह का समय हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। चतुर्थ सत्र के मुख्य वक्ता आईटी विभाग के संयोजक सुमित चौहान ने कहा कि एआई और सोशल मीडिया जैसे आधुनिक साधनों का प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं के लिए आवश्यक है। चतुर्थ सत्र के अध्यक्ष पूर्व नामित पार्षद डॉ. पुनीत गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण अभियान वास्तव में सेवा, संगठन और समर्पण की भावना को मजबूत करने का प्रयास है। रामगंगा विहार मंडल के मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति ने कहा कि मंडल के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान को सफल बनाने में मंडल के सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों का अहम योगदान है।

संचालन मंडल महामंत्री मयंक कश्यप ने किया । आभार मंडल महामंत्री अनुज शर्मा ने व्यक्त किया।

# हिंदू युवा वाहिनी महानगर कार्यकारिणी का हुआ गठन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में हिंदू युवा वाहिनी के महानगर अध्यक्ष शांतनु गुप्ता ने महानगर कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें पवन मिश्रा उर्फ नन्हें परदेशी को कार्यवाहक अध्यक्ष व महानगर प्रतिनिधि, अमित सहाना को मीडिया प्रभारी, हिमांशु गुप्ता, शिवम सिंह, मोहित अग्रवाल, विभु सोनी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अंकुर वर्मा, प्रबल यादव, दिलीप मौर्य, नरवीर वर्मा, सौरभ वर्मा, गौरव गुप्ता, अर्पित सक्सेना, अखिलेश वर्मा को उपाध्यक्ष, राहुल मोहन, मनीष कुमार, कार्तिकेय सक्सेना को महामंत्री, दीपेश वर्मा, अजीत सिंह, मयंक प्रताप सिंह, गौरव अग्निहोत्री, अभिषेक उर्फ बली, मोहित सिंह, प्रदीप सक्सेना को मंत्री, विनीत, राहुल कुमार, निशांत सिंह और ऋषभ यादव को सहमंत्री, टोनी सक्सेना को सह मीडिया प्रभारी तथा राजेश कुमार शुक्ला को प्रभारी नियुक्त किया है। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रितेश श्रीवास्तव को और सदस्य पद पर अर्जुन सिंह, विक्रम सिंह, प्रशांत गुप्ता और नन्हे वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान हिन्दू युवा वाहिनी के प्रवक्ता अग्निवेश गुप्ता ने कहा कि नई टीम के गठन से महानगर में संगठन को मजबूती मिलेगी और सामाजिक कार्यों को गति मिलेगी।

# जेल में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस महिलाओं को बांटी स्वास्थ्य संबंधी सामग्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिला कारागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम जेल अधीक्षक जेपी तिवारी की अध्यक्षता और भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इंस दौरान महिला बंदियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला बंदियों के बीच जागरूकता फैलाना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उनके स्वास्थ्य और मानसिक सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करना है। भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह ने महिला बंदियों को जीवन में विश्वास, आत्मबल और नई शुरुआत की प्रेरणा दी। इस दौरान महिला बंदियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। जिसके माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, स्वास्थ्य जागरूकता और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल और भावनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान भोर फंाउडेशन के संरक्षक डा. सुरेश मिश्रा, डॉ अंजलि आदि मौजूद रहे।

# सीतापुर: आंधी और आग का तांडव, घर बचाने की कोशिश में दो महिलाओं की मौत, कई बच्चे झुलसे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सदरपुर (सीतापुर)। जनपद के सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया चलाकापुर (ब्लॉक महमूदाबाद) में कुदरत का कहर टूट पड़ा। तेज़ आंधी और तूफान के बीच लगी भीषण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिसकी चपेट में आने से दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक मासूम बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई है। कैसे हुआ हादसा? मिली जानकारी के अनुसार, गांव के संजय पुत्र स्व. राजाराम के घर के छप्पर में जल रहे चूल्हे की चिंगारी अचानक उठी तेज़ आंधी के कारण भड़क गई। तूफान की वजह से आग ने इतनी तेज़ी पकड़ी कि आसपास के लगभग 11 से 14 घर इसकी चपेट में आ गए। स्थानीय स्तर पर आकाशीय बिजली गिरने की भी चर्चा रही, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

बचाव की कोशिश में गई जान

अपनी गृहस्थी बचाने के प्रयास में दो महिलाएं आग की लपटों के बीच घिर गईं और ज़िंदा जलने से उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान फूलमती (45 वर्ष) पत्नी शत्रोहन और इदरा (65 वर्ष) पत्नी भगौती प्रसाद के रूप में हुई है। इस अग्निकांड में 7 वर्षीय मीनाक्षी पुत्री सुरेंद्र भी बुरी तरह झुलस गई है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

प्रशासनिक मुस्तैदी

घटना की सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी (ट्टक्क्व), क्षेत्राधिकारी (एग्) सहित राजस्व, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्य ने भी प्रशासन के साथ मिलकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सरकारी मदद का आश्वासन दिया। फिलहाल प्रभावितों का चिन्हांकन कर राहत सामग्री और आर्थिक सहायता की व्यवस्था की जा रही है।

# राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शाहजहांपुर के अमनेन्द्र ने जीता कास्य पदक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शाहजहांपुर के अमनेन्द्र सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कास्य पदक जीता है।

दरअसल, वासिरेड्डी वेंकटाद्री इंटरनेशनल टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी नंबुरू गुंटुर आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसमें प्रतिभाग कर शाहजहांपुर के अमनेन्द्र सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कास्य पदक जीता है। अमनेंद्र सिंह वर्तमान में दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में अध्ययन के साथ-साथ तीरंदाजी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने इस जीत का श्रेय अपने दादा-दादी, गुरुजनों और वर्तमान कोच हिमांशु सिंह व अनुज कुमार को दिया है। बता दें कि अमनेन्द्र सिंह के पिता अनिल कुमार शाहजहांपुर में सिंचाई विभाग शारदा नहर खण्ड में कार्यरत हैं। कास्य पदक जीतने पर अमनेन्द्र सिंह को दिनेश कुमार एडवोकेट, राकेश कुमार बंदोबस्त अधिकारी, कमलेश कुमार, सुभाष

# हर्षित के पिता बोले– अगर न्याय नहीं मिला तो कर लूंगा आत्मदाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

बदायूं। दोहरे हत्याकांड में मृतक हर्षित मिश्रा के पिता सुशील मिश्रा ने बदायूं पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिली तो वह कोतवाली के सामने आत्मदाह कर लेंगे। सैजनी गांव स्थित एचसीपीएल प्लांट के दो अफसरों की हत्या के मामले में पुलिस की जांच जारी है। इस बीच मृतक हर्षित मिश्रा के माता-पिता ने पूरनपुर स्थित अपने आवास पर रविवार को प्रेसवार्ता कर बदायूं पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। पिता सुशील मिश्रा ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है। अगर न्याय नहीं मिला तो कोतवाली के सामने आत्मदाह करेंगे। वहीं पीलीभीत के पूरनपुर निवासी हर्षित मिश्रा एचसीपीएल प्लांट में सहायक मुख्य प्रबंधक थे। 12 मार्च को दिनदहाड़े प्लांट में ही हर्षित मिश्रा और कंपनी के डीजीएम सुधीर गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सैजनी गांव निवासी अजय प्रताप सिंह व दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपी जेल में हैं। वहीं, आरोपी अजय के ताऊ राकेश सिंह, उसके पिता व भाइयों के खिलाफ भी अलग-अलग आरोपों में कई मामले दर्ज हो चुके हैं। वंर्छा प्लांट के अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध हर्षित के पिता सुशील मिश्रा ने कहा कि बेटे की हत्या में एचपीसीएल प्लांट के अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। गोली लगने के बाद हर्षित और सुधीर गुप्ता करीब 40 मिनट तक प्लांट में ही पड़ा रहा। अधिकारी और कर्मचारियों ने उसे अस्पताल भेजने में हीलाहवाली की। डेढ़ घंटे से अधिक का समय अस्पताल पहुंचने तक ही बीत गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने अब तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। मुख्य आरोपी अजय तो खुद ही पुलिस के पास पहुंचा था। परिजनों ने आरोप लगाया कि उन्होंने पुलिस को कई नाम बताए हैं। इनमें प्लांट के अधिकारी, मुख्य आरोपी के परिजन शामिल हैं। सुशील मिश्रा ने कहा कि उनकी मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं कराई जा रही है। उनकी जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कराई जाए। वहीं, पुलिस ने दोहरे हत्याकांड की जांच में तेजी लाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार विशेष टीमें गठित की हैं, जो विभिन्न जगहों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस के अनुसार, हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह सहित दो अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जांच के दौरान कई नए खुलासे सामने आए हैं, जिनके आधार पर अब अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है। वहीं, सूत्रों के मुताबिक इस हत्याकांड में आरोपियों के परिवार के कुछ सदस्य भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल पाए गए हैं। इनमें आरोपी के पिता, ताऊ, भाई और तहेरे भाई के नाम सामने आए हैं, जिन्हें अलग-अलग धाराओं में नामजद किया जा सकता है। पुलिस इन सभी की भूमिका की गहनता से जांच कर रही है।

आरोपियों के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाली जा रही है, साथ ही सोशल मीडिया अकाउंट्स की भी निगरानी की जा रही है।

## पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी पर अभद्र टिप्पणी वाला वीडियो हुआ वायरल

बदायूँ। पीएम और सीएम को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का वीडियो रविवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में सिलेंडर को लेकर पीएम और सीएम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहा है। इस युवक का अभद्र टिप्पणी करत वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वही यह युवक थाना फैजगंज बेहाट के किसी गांव का बताया जा रहा है पुलिस ने इस मामले में आरोपित की तलाश कर रही है। एक मिनट का है वीडियो, टिप्पणी करने वाले का नाम भी आ रहा, रविवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ यह वीडियो करीब एक मिनट का है। इस वीडियो में युवक प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी कर रहा है।वहीं एक मिनट के वीडियो में आरोपित ने कई बार प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। वहीं यह युवक

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के किसी गांव का बताया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हिरदेश कठेरिया ने बताया कि बताया कि आरोपित की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। जल्द उसकी गिरफ्तारी होगी।

# श्री वाष्णेय नवयुवक संघ, चन्दौसी की नई कार्यकारिणी का गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। कोषाध्यक्ष नितिन वाष्णेय बने प्रधान मयंक वाष्णेय, महामंत्री चिराग वाष्णेय फैंसी, चन्दौसी। स्थानीय श्री वाष्णेय नवयुवक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निवर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई टीम का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यकारिणी का पुनर्गठनः बैठक की शुरुआत में निवर्तमान प्रधान विवेक चौधरी, महामंत्री निर्झर गुप्ता और कोषाध्यक्ष मयंक वाष्णेय ने अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा की। इसके पश्चात, लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हुए पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया। नई टीम का चयनः सभा में उपस्थित सभी सदस्यों की आपसी सहमति और विचार-विमर्श के बाद वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जो इस प्रकार हैः प्रधानः श्री मयंक वाष्णेय कोषाध्यक्षः श्री नितिन

वाष्णेय महामंत्रीः श्री चिराग वाष्णेय 'फैंसी' कार्यभार का हस्तांतरणः निवर्तमान पदाधिकारियों ने हर्षोल्लास के साथ नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया और उन्हें विधिवत रूप से संस्था का कार्यभार सौंपा। नवनियुक्त प्रधान मयंक वाष्णेय ने विश्वास दिलाया कि वे संघ की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए समाज हित और युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

इस अवसर पर निवर्तमान महामंत्री निर्झर गुप्ता ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने नई टीम को माला पहनाकर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## एसएसपी ऑफिस के बाहर महिला के जहर खाने का मामला, हल्का इंचार्ज निलंबित

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। दबंगों के उत्पीड़न से त्रस्त महिला के दो अप्रैल को एसएसपी कार्यालय के सामने जहर खाने के मामले में एसएसपी ने लापरवाही मिलने पर हल्का इंचार्ज को निलंबित कर दिया है। सीओ उझानी की जांच के बाद यह कार्रवाई हुई है। घटना मूसाझाग थाना क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया की है। गांव के वार्ड संख्या 10 निवासी हरीश शर्मा का परिवार पिछले काफी समय से दबंगों की प्रताड़ना झेल रहा था। इसी मामले को लेकर बीते दो अप्रैल को सुबह पूरा परिवार ट्रैक्टर–ट्रॉली में अपना सामान लादकर सीधे एसएसपी कार्यालय पहुंचा और अधिकारियों के सामने अपनी आपबीती रखी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्तर से मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया गया। इसी दौरान जब परिवार एसएसपी कार्यालय से बाहर निकलकर सिविल लाइंस कोतवाली के पास पहुंचा, तभी हरीश की पत्नी सुनीता ने अचानक जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस की जांच में पता लगा था कि महिला के परिवार व विपक्षी के बीच पहले से विवाद है और तीन मुकदमा चल रहे हैं। इस गंभीर मामले में जानकारी होने के बाद भी मूसाझाग थाने के हल्का इंचार्ज दरोगा मुकेश कुमार तोमर ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिले की तेजतर्रार एसएसपी अंकिता शर्मा ने दरोगा को निलंबित कर दिया है।

## भाकियू कार्यकर्ताओं ने प्रमुख माँगो को लेकर दिया ज्ञापन

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद बदायूं के थाना बिनावर कस्बा में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक बैठक हुई। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बदायूं जिला अधिकारी के नाम थाना बिनावर प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ को ज्ञापन दिया गया है। जिसमें बैंकों में हो रही किसानों से अवैध वसूली और बिनावर में बरेली बदायूं हाईवे मार्ग व बिलहैत रोड सब्जी मंडी के निकट लगे अतिक्रमण को हटाया जाए। आवारा गौवंश से किसानों की खेती को बचाया जाए, बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर से अवैध वसूली को लेकर ज्ञापन दिया गया है। इस दौरान तहसील अध्यक्ष सदर बदायूं अर्जुन सिंह, मंडल प्रवक्ता राजेश सक्सेना, पप्पू सैफी ब्लाक अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह, सुरेश दीवान जी, कैसर अली पूर्व प्रधान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन में आयोजित किया गया स्वास्थ्य शिविर

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस द्वारा वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफ़ेयर के तत्वाधान में रिजर्व पुलिस लाइन्स बदायूँ में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसएसपी अंकिता शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ द्वारा किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन इइइइ 1इ्द की टीम द्वारा पुलिस परिवार के सदस्यों एवं उनके परिवार के स्वास्थ्य की जाँच हेतु किया गया था। इस कार्यक्रम में जिला पुरुष चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ0 राजेश वर्मा, जिला महिला चिकित्सालय की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ0 रुचि गुप्ता तथा फार्मासिस्ट संजीव आदि द्वारा बी0पी0, शुगर, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड एवं फंगल इन्फ़ेक्शन के उपचार एवं निदान की जानकारी दी गई। होम्योपैथिक दवाइयाँ की जानकारी, रोग के लक्षण, परहेज एवं उपचार डॉ0 रजनीश शर्मा द्वारा निशुल्क दिया गया। इस कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 हर्देश कठेरिया, क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन रजनीश कुमार उपाध्याय व प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण के परिवारजन मौजूद रहे।

## जौनपुर में दबंग लोगों ने घर में घुसकर की मारपीट, दो महिलायें घायल

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर स्थित सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लोहता गांव में रविवार को दबंगों ने एक दलित परिवार पर हमला कर दिया। इस मारपीट में दो महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने मामले में जांच पडताल शुरु कर दी है;
दबंग व्यक्तियों ने लोहता गांव में घर में घुस कर आशा देवी और उनकी जेठानी गंगाजली पर हमला कर बुरी तरह पीटा गया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी और आशा देवी के कपड़े तक फाड़ दिए। हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ करते हुए सामने बनी मड़ई को धक्का देकर गिरा दिया और उसमें रखा सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही भूसा, चावल, गेहूं और अन्य राशन सामग्री लूट ले जाने का भी आरोप है। पीड़ितों के अनुसार सभी हमलावर मुंह बांधे हुए थे।
घटना के दौरान परिवार के लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद पूरा परिवार दहशत में है। पीड़ित परिवार ने सरायख्वाजा थाने में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमलेंद्र पांडेय का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों की पहचान कर जल्द ही उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 119वीं जयंती कांग्रेस कार्यालय में मनी,दी गई श्रद्धांजलि

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में रविवार को स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी व देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री स्मृतिशेष बाबू जगजीवन राम की 119वी जयंती महानगर कांग्रेस कमेटी के मैदागिन स्थित कार्यालय में मनाई गई। महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे की अगुवाई में पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बाबू जगजीवन राम को नमन किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सामाजिक न्याय के योद्धा बाबू जगजीवन राम ने राष्ट्र निर्माण और दलितों शोषितों के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस अविस्मरणीय योगदान को देश में कभी भुलाया नहीं जा सकता। बाबू जगजीवन राम के बताए गए रास्ते पर चल कर ही उनके सपनों को साकार करने का काम किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रवीण प्रकाश, डॉ राजेश गुप्ता,सतनाम सिंह, सैयद हसन, अरुण सोनी,रमजान अली,सुनील श्रीवास्तव,असलम खान,अखिलेश पाण्डेय,वसीम अंसारी,संतोष चौरसिया,राजेन्द्र गुप्ता,हसन मेहदी कब्बन,प्रमोद वर्मा आदि शामिल रहे।

## चलती ट्रेन से उठने लगा धुआं, चुनार स्टेशन पर रोकी गई अमृत भारत एक्सप्रेस

मीरजापुर । सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनल जा रही अमृत भारत एक्सप्रेस में रविवार को अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन के इंजन में ब्रेक बाइंडिंग के कारण पिछले पहिए से धुआं उठने लगा, जिसे देख यात्री अनहोनी की आशंका से सहम गए।
बताया गया कि चुनार पहुंचने से पहले पिरल्लीपुर के पास ट्रेन से धुआं उठता देखा गया। इसकी सूचना तत्काल रेलवे अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही वॉकी–टॉकी के जरिए चालक को सतर्क किया गया और ट्रेन को चुनार जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर रोक दिया गया, जबकि यहां इस ट्रेन का निर्धारित ठहराव नहीं है। तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और ब्रेक बाइंडिंग की समस्या को दूर किया। इस दौरान ट्रेन करीब 49 मिनट तक स्टेशन पर खड़ी रही। समस्या ठीक होने के बाद शाम 4:53 बजे ट्रेन को सुरक्षित आगे के लिए रवाना कर दिया गया। अचानक धुआं उठने की घटना से यात्रियों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल रहा, हालांकि समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया।

# बीएससी पांचवें सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं की होगी पुनः जांच, 10 दिन में रिपोर्ट : विनोद कुमार

जौनपुर । यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीएससी पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के शनिवार को धरना-प्रदर्शन के बाद बड़ा निर्णय लेते हुए उनकी उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच कराने के निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि छात्रों का विरोध परीक्षा परिणाम अपूर्ण होने को लेकर नहीं, बल्कि अपेक्षा से कम अंक मिलने के कारण था।बताया गया कि 4 अप्रैल 2026 को छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को प्रत्यावेदन सौंपा था, जिसमें उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की मांग की गई थी। छात्रों का कहना था कि उन्हें उम्मीद से कम अंक प्राप्त हुए हैं, जिससे वे असंतुष्ट हैं। इस संबंध में रविवार को जानकारी लेने पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह बताया कि कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, प्रत्येक विषय के लिए दो-दो विशेषज्ञों की समितियां गठित की गई हैं। इन समितियों को निर्देश दिया गया है कि वे 10 कार्य दिवस के भीतर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके बाद आवश्यकतानुसार संशोधित परिणाम जारी किए जाएंगे।विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ मीडिया माध्यमों में यह खबर प्रसारित की गई थी कि छात्र अपूर्ण परिणाम के विरोध में धरना दे रहे थे, जो कि तथ्यात्मक रूप से गलत है। प्रशासन के अनुसार, धरने का मुख्य कारण केवल कम अंक मिलने को लेकर असंतोष था।विश्वविद्यालय ने भरोसा दिलाया है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाएगी और जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही छात्रों को उनके परिणामों के संबंध में सही और अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन का कहना है कि छात्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

# देश के नागरिकों को मूल मुद्दों से भटकाकर अंतरराष्ट्रीय घटनाओं की चर्चा कर रही भाजपा : पूर्व सपा विधायक

## सपा ने हाथरस में आयोजित किया कार्यकर्ता सम्मेलन



हाथरस । उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में समाजवादी पार्टी (सपा) जिला पदाधिकारियों ने रविवार को सादाबाद-हाथरस रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में विधानसभा क्षेत्र सादाबाद के सहपऊ ब्लॉक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में जिले के कई वरिष्ठ सपा नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक देवेंद्र अग्रवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के नागरिकों को मूल मुद्दों से भटकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय घटनाओं की चर्चा के बीच किसान, छात्र और आम जनता की समस्याएं पीछे छूट गई हैं। किसानों को आलू की उचित कीमत नहीं मिल रही, जिससे अन्नदाता किसान बेहद परेशान है।

सम्मेलन में हाथरस के पूर्व प्रत्याशी रामनारायण, पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी बाजुदुद्दीन समेत कई प्रमुख नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। नेताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का आह्वान किया।

सपा नेताओं ने कहा कि पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की सोच को केंद्र में रखकर सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम करेगी। उन्होंने दावा किया कि पूर्ववर्ती सपा सरकार में किसान, छात्र और हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया था।

कार्यकर्ता सम्मेलन में आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा करते हुए नेताओं ने कहा कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और कार्यकर्ता अभी से मैदान में उतरकर स्पष्ट बहुमत के लिए मेहनत शुरू करें।

# राम भक्तों पर गोली चलवाने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी : केशव प्रसाद मौर्य



गाजियाबाद। सपा सरकार में सबसे ज्यादा उत्पीड़न पिछड़े और दलितों का ही हुआ है। महर्षि कश्यप जयंती पर गाजियाबाद के रामलीला मैदान में पहुंचे यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को सपा और अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दंगे होते थे। अब प्रदेश को दंगा मुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कुछ दुष्प्रचार से प्रभावित होकर सपा और कंग्रेस को ज्यादा वोट मिले तो उन्होंने आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करना शुरू किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी नौटंकी करती रहती है, हाल ही में अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर अयोध्या में स्थापित रामलला की मूर्ति जैसी मूर्ति की फोटो शेयर की, जिसे सैफई में लगाने की बात कही गई। लेकिन मैं अखिलेश यादव को कहना चाहता हूं कि सैफई में रामलला की मूर्ति लगाने से अयोध्या में रामभक्तों पर गोली चलाने वालों को माफी नहीं मिलेगी। रामभक्त कभी भी उनको माफ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव हुए चार राज्यों में एनडीए की सरकार बनी है। अभी जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, वहां पर भी भाजपा की सरकार बनने जा रही है। 2027 में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे, उसमें मेरी जनता से अपील है और विश्वास है कि जो 2017 में हुआ है वह 2027 में होगा और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को प्रदेश के मतदाता सैफई पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल पर भी जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कश्यप और निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग की।

# नोएडा में अलग अलग थाना क्षेत्रों में 6 लोगों ने किया सुसाइड

नोएडा। नोएडा के अलग अलग थाना क्षेत्रों में 6 लोगों ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या किए जाने के मामले सामने आए हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने रविवार को बताया कि थाना सेक्टर 63 क्षेत्र में रहने वाले भूपेंद्र पुत्र किशन चंद (23) मूल निवासी जनपद इटावा ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाले भारत वर्मा (28) पुत्र रामदास वर्मा ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर रात आत्महत्या कर लिया है। थाना बिसरख क्षेत्र के टेकजोन-4 में रहने वाले सुमित कुमार (21) पुत्र सुरेंद्र सिंह ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। इसी थाना क्षेत्र में ही रहने वाले सोनू कुमार सैफी (22) पुत्र पवन कुमार ने अपने घर पर बीती रात को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।

इसी तरह थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सेक्टर 75 स्थित गोल्फ सिटी सोसाइटी में रहने वाले ऋषि कुमार (21) पुत्र अरुण कुमार ने अपनी सोसाइटी के 16वें फ्लोर स्थित फ्लैट से छलांग लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं बीटा दो क्षेत्र में अमन पुत्र देशराज (21) ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक मूल रूप से जनपद आगरा के रहने वाले थे। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी ने सभी शवों को थाना पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

## जालौन में बारिश से फसलों के नुकसान का आकलन तेज

उरई। जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने रविवार को अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, एसडीएम हेमंत पटेल और एसडीएम वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के साथ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया । किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी किसान को नुकसान के आकलन में उपेक्षित नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से बटाई व बलकट पर खेती करने वाले किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए कि लेखपाल व खेत मालिकों से सहमति पत्र प्राप्त कर ऐसे किसानों को भी मुआवजा दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि किसी भी प्रकार की जनहानि या पशु हानि की सूचना मिलती है तो 24 घंटे के भीतर सहायता राशि प्रदान की जाए।

## फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ेंगे किसान, 31 मई तक गांव–गांव लगेंगे कैंप

बरेली। फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा पाने वाले किसानों को अब एक और मौका दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने एग्रीस्टैक परियोजना के तहत 6 अप्रैल 2026 से 31 मई 2026 तक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान हर राजस्व ग्राम में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जाएगी, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं, एमएसपी खरीद और अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके। उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडे ने बताया कि सरकार किसानों को बिचौलियों से बचाने और योजनाओं का लाभ सीधे उनके बैंक खातों तक पहुंचाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अभियान चला रही है। इसका उद्देश्य प्रत्येक किसान को डिजिटल डाटाबेस से जोड़ना है, ताकि उन्हें किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने में परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के तहत किसान की भूमि को उसके आधार से लिंक कर एक यूनिक आईडी तैयार की जाती है। इसी एक आईडी के जरिए किसान विभिन्न विभागों की योजनाओं, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, फसल बीमा, ऋण और राहत योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। फार्मर रजिस्ट्री चार अलग–अलग माध्यमों से कराई जा सकती है। पहला, किसान स्वयं मोबाइल एप के जरिए अपनी रजिस्ट्री कर सकता है। दूसरा, कृषि विभाग के कर्मचारी सहायक मोड में मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से रजिस्ट्री कराएंगे।

# श्री काशी विश्वनाथ धाम के मंदिर चौक पर स्थापित हुई विक्रमादित्य वैदिक घड़ी, श्रद्धालुओं का बनी आकर्षण

## मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वैदिक घड़ी भेंट की

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ धाम के मंदिर चौक पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी विधिवत स्थापित कर दी गई है। आकर्षण का नया केंद्र बनी यह लगभग दस फीट ऊंची और आयताकार घड़ी सनातन परंपराओं और हिंदू नववर्ष आधारित वैदिक कालगणना पद्धति पर आधारित है, जिसे श्रद्धालु पसंद करने के साथ सराह भी रहे हैं।

इस विशिष्ट घड़ी को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किया था। 3 अप्रैल 2026 को वाराणसी में आयोजित 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य के मंचन से पूर्व यह भेंट दी गई, जिसके बाद अब इसे धाम परिसर में स्थापित कर दिया गया है। रविवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि यह विशिष्ट घड़ी सूर्योदय से अगले सूर्योदय तक समय की गणना करती है, जिसमें कुल 30 मुहूर्त होते हैं। घड़ी न केवल सामान्य समय, बल्कि पंचांग, शुभ मुहूर्त, ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति, तापमान, आर्द्रता और हवा की गति जैसी जानकारियां भी प्रदर्शित करती है। साथ ही, यह भारतीय मानक समय (आईएसटी) और ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) के साथ वैदिक समय भी दर्शाती है। इस घड़ी से जुड़ा एक मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है, जो 189 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध है और इसमें सात हजार वर्षों से अधिक के पंचांग का डेटा संकलित है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य प्राचीन भारतीय कालगणना पद्धति, जिसे महाराजा विक्रमादित्य के समय से जोड़ा जाता है, को पुनर्स्थापित करना है। इसका विकास उज्जैन स्थित महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ ने किया है।

गौरतलब है कि विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी उज्जैन में स्थापित की गई थी। इसके बाद इसे भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास में लगाया गया और अब काशी में इसकी स्थापना की गई है। मध्य प्रदेश सरकार योजना के तहत भविष्य में देश के अन्य ज्योतिर्लिंगों में भी ऐसी घड़ियां स्थापित करने की तैयारी में है।

घड़ी की एक और विशेषता इसका आकर्षक डिजिटल बैकग्राउंड है, जिसमें हर घंटे देश-दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की तस्वीरें बदलती रहती हैं। धार्मिक आस्था और आधुनिक तकनीक के इस अनूठे संगम को भारतीय संस्कृति, खगोल विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# 85 दिन बीत जाने के बाद 21 करोड़ बैंक घोटाले के दस आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । कोऑपरेटिव बैंक में इक्कीस करोड़ रुपये के बैंक घोटाले के मामले में दस आरोपी 85 दिन बाद भी गोंडा पुलिस की पकड़ से दूर है,वही एक आरो पी के खिलाफ बैंक घोटाले का मुकदमा लिखें जा ने के बाद भी खुले आम पूर्व सांसद और विधायक का स्वागत करते हुए नजर आ रहा है, और गोंडा पुलिस का कहना है कि आरोपी ढूंढे नहीं मिल रहा आरोपी मोबाइल बंद करके फरार है गोंडा पुलिस मोबाइल बंद होने के कारण उनकी लोकेशन नहीं निकाल पा रही है।बैंक घोटाले के मामले में सोलह आरोपी बनाए गए थे,पुलिस ने मुख्य आरोपी सहि त अब तक पांच लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है,हालांकि पुलिस टीमें अन्य जिलों में आरो पियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रहीं हैं।पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिर फ्तार कर लिया जाएगा।लेकिन आज 85 दिन बी त गए है अभी तक दस आरोपी गोंडा पुलिस की पकड़ से दूर है।कोऑपरेटिव बैंक की स्टेशन रोड़ महारानीगंज शाखा में इक्कीस करोड़

## बैंक घोटाले का आरोपी घेरे में



सैतालीस लाख 78 हजार रुपये के बड़े घोटाले का राजफाश हुआ था।इसके बाद महाप्रबंधक की तहरीर पर सो लह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी,इस मामले में तीन तत्कालीन शाखा प्रबंधक प वन पाल,अजय कु मार और सुशील कुमार,कैशियर पवन कुमार के अलावा की खाताधारक में से गोंडा जिले क़े एक बीजेपी विधायक क़े करीबी के नाम एफआईआर दर्ज किए गए थे।इस मामले में पुलि स ने तेजी दिखाते हुए प्रबंधक पवन पाल सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वही विवेचक सभाजीत सिंह मामले से संबंधित आव श्यक दस्तावेजों समेत अन्य पहलुओं की बारीकी से जांच कर अन्य आरोपियों की गिर फ्तारी के लगातार प्रयास कर रहे हैं।बताया जाता है कि मामले में अन्य तेरह फरार आरोपियों ने पु लिस से बचने के लिए मोबाइल बंद कर रखा है।जिससे उनकी लोकेशन का सटीक पता नहीं च ल रहा है,मोबाइल नंबर बंद होने के कारण पुलिस को आरोपियों की लोकेशन नहीं मिल पा रही है। नगर कोतवाली के अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।आरोपियों का कोई पता नहीं लग रहा है ना तो इनकी लोकेशन मिल रही है जल्द ही पुलिस इन आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।

# नान वेंडिग जोन में सज रही दुकाने,वेंडिंग जोन में आवंटित दुकानें खाली



गोंडा । शहर में जाम से निजात दिलाने के साथ ही पथ विक्रे ताओं को व्यवस्थित करने के लिए लागू की गई माडल वेंडिंग जोन योजना दम तोड़ रही है यहाँ नॉन बेंडिंग जोन में दुकानें सज रही है यहां अलग-अलग स्थानों पर माडल वेंडिंग जोन में दु कानें बनवाकर एक सौ पांच पथ विक्रे ताओं को आठ दिसंबर 2025 को आवंटित कर दिया गया था,लेकिन साठ प्रतिशत पथ विक्रे ताओं ने अभी तक आवंटित स्थल पर दुकानें नहीं लगाई।उनका कहना है कि दुकान में संसाधनों की कमी है। इनमें अभी तक बिजली कनेक्शन भी नहीं कराया गया है।

वेंडिग जोन लाटरी से हुआ था चयन माडल वेंडिंग जोन में निर्मित दुकानों का आवंटन आठ दिसंबर को गांधीपार्क स्थित टाउनहाल में एडीएम आलोक कु मार की अध्यक्षता में लाटरी प्रक्रिया के तहत किया गया था।कमलेश कुमारी,अभिषेक स मेत एक सौ पांच दुकानदारों का चयन किया गया था।निर्धारित प्रीमियम जमा करने के बाद पथ वि क्रे ताओं को आवंटित दुकान का संचालन करने के निर्देश दिए गए थे।

### नगर पालिका में कहां बनी हैं कितनी दुकानें

नगर पालिका परिषद क्षेत्र में तीन माडल वेंडिंग जोन में एक सौ पांच दुकानों के लिए यह प्रक्रिया संचालित की जा रही है,इनमें सिंचाई विभाग आ फिसर्स फील्ड हास्टल से बाउंड्री तक चालीस दुका नें गांधीपार्क मुख्य द्वार से एलबीएस चौराहा तक 34 दुकानें और नेकी की दीवार से जीआइसी गेट बहराइच रोड तक 31 दुकानें हैं। पहले चरण में इन्हीं तीन जोन को माडल के रूप में विकसित कि या गया है।

### दुकानदार नहीं छोड़ रहे नान वेडिंग जोन

गोंडा नगर पालिका परिषद का कहना है कि जाम की समस्या का समाधान कराने के लिए माडल वें डिंग जोन में दुकानें बनवाई गई थीं।लोगों ने दुकानें तो आवंटित करा लीं, लेकिन फुटपाथ नहीं छोड़े है
वही गोंडा नगर पालिका परिषद पर सवाल उठ र हा है कि बताया गया था नगर पालिका परिषद में गुरु नानक चौराहे से लेकर गुड्डमल चौराहे तक ना न वेंडिग जोन को हजरतगंज की तर्ज पर बनाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किया गया है लेकिन फिर भी गुरुनानक चौराहे से लेकर गुड्डू मल चौराहे तक दोनों तरफ फुटपाथ पर ई-रिक्शा,ठेले और दुकान दारों का कब्जा है,महिला अस्पताल पहुंचने वाली एम्बुलेंस भी इस जाम के झाम में फसी रहती है।

# न्याय प्रियता की चर्चा हुई आम,अपनी समस्या लेकर भतीजे के साथ अनिल गुप्ता से मिलने पहुंचा दिव्यांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खमरिया खीरी। धौरहरा क्षेत्र में आम जनता के सुख दुख में साथ खड़े होने वाले ,हमेशा गरीबों की मदद में अग्रणी समाज सेवी पूर्व सदस्य जिला पंचायत व भाजपा नेता अनिल गुप्ता की न्याय प्रियता की चर्चा आम हुई तो खमरिया क्षेत्र के अल्लीपुर निवासी दिव्यांग मोतीलाल लोधी पुत्र मिश्रीलाल लोधी अपने भतीजे अखिलेश के साथ आखरी उम्मीद लेकर अनिल गुप्ता के आवास पहुंचा और अपनी समस्या बताई। मोतीलाल के मुताबिक वह खेत में झोपडी डाल कर रह रहे है। वहीं दिव्यांग कोटे से पीएम आवास के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट कर थक चुके है। आरोप है अपनी समस्या को लेकर वह अब तक जहां भी पहुंचे पैसों की डिमांड की गई। मोतीलाल ने बताया कि क्षेत्र में अनिल गुप्ता की न्याय प्रियता व लोक प्रियता की चर्चा सुनकर वह मदद की उम्मीद लेकर पहुंचे तो अनिल गुप्ता ने उनका दर्द सुना और हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर आवास दिलाने के लिए कहा गया।

# सुबह से हुई शाम, गैस एजेंसी संचालक देता झाम




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में गैस की किल्लत दिनों दिन विकराल रूप धारण करती जा रही है। सुबह से शाम तक लाइन लगाने वालों को बिना गैस के बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है।गैस न मिलने से लाइन में लगने वाले उपभोक्ता बेहद परेशान हो रहे हैं।रोजाना र सोई गैस सिलेंडरों के कारण उपभोक्ताओं को गैस वितरण केन्द्र पर मारामारी तक करनी पड़ रही है। सूत्रों के द्वारा बताया जा रह की शहर की एक गैस एजेंसी के गोदाम के गैस वितरण केन्द्र पर गैस न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा काटा गया है।हंगामे के दौरान महिलाए तेज धूप और भूखे-प्यासे भोर पहर से लाइन में लगी रही लेकिन फिर उन्हें बिना गैस के वापस घर जाना पड़ा। आक्रोशित भीड़ ने गैस एजेंसी संचालक से तीखी नोंक झोंक होने लगी।भोर पहर से लाइन में लगे उपभोक्ताओं का कहना था कि एजेंसी संचाल क व उसके गुर्गे गैस की काला बाजारी करा रहे हैं दलालों और खास लोगों को तो रसोई गैस दे रहे है जबकि आम उपभोक्ताओं को दुत्कार रहे हैं। लोगों का कहना था कि सुबह से शाम तक गैस एजेंसी संचालक व कर्मचारी उपभोक्ताओं को झाम देते रहे और आखिरी में धीरे से खिसक गये, जिससे लगभग सैकड़ों लोगों को शुक्रवार को भी खाली हाथ लौटना पड़ा। नगर के आम उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि इस एजेंसी संचालक और उ नके गुर्गो को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है इस लिए वह लोग आम जनता को बार बार पुलिस बुला क र डराया करते हैं। गैस उपभोक्ताओं ने बताया कि सुबह पांच बजे से लाइन लगाने के बावजूद भी उ न लोगों को गैस नहीं मिल सकी है,बता दें कि गैस वितरण केन्द्र पर गैस न मिल पाने के कारण दो प क्षों के बीच जम कर कहा सुनी हुई थी।

### गैस एजेंसी के ऑफिस से लेकर गोदाम तक चलता है पर्चियों का खेल

रसोई गैस को लेकर दिन भर गैस वितरण केन्द्र पर जहां मारामारी मची रही वहीं दूसरी ओर गैस एजेंसी के ऑफिस पर पर्चियों का खेल चलता रहा एजेंसी संचालक का गुर्गा गोदाम पर बैठकर अपने चहेतों गैस को देता रहा वह लोग आराम से गैस ले कर जाते रहे। जबकि आम उपभोक्ता आज फिर टापते रह गये।

### जिलापूर्ति अधिकारी के दावे निकल रहे झूठे

जिले में जिलापूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप
कहते है कि जिले में पर्याप्त गैस उपलब्ध है लेकिन जिले में गैस एजेंसियों पर गैस के लिए सुबह होते ही उपभोक्ताओं की लाइन लग जाती है,उपभोक्ता सुबह से लेकर शाम तक लाइन में लगे रहते फिर भी खाली हाथ घर जाते हैं।वही जिले में गैस की मारामारी को लेकर यहां के गैस एजेंसी संचालकों को चेतावनी दी थी कि वह अपना रवैया सुधार लें वरना खैर नहीं होगी इसी के साथ मीडिया के लो गों को यह भी बताया था कि अब लोगों को रसोई गैस सिलेंडरों के लिए भोर पहर से लाइनें नहीं ल गानी पड़ेगी।लेकिन अगर भरोसे मंद सूत्रों की माने तो वह एक बार भी मौके पर गैस वितरण केन्द्र त क नहीं गयीं। आम उपभोक्ता गैस के लिए पहले भी सुबह पांच बजे से लाइनें लगाता था। उनके बयान के बाद भी उपभोक्ताओं को सुबह से ही लाइने लगाने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है।आ म उपभोक्ता का कहना है जिला पूर्ति अधिकारी के सारे दावे झूठे साबित हो रहे है।

# बेसिक शिक्षा विभाग और इंडियन बैंक के बीच समझौता




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी- बेसिक शिक्षा विभाग और इंडियन बैंक के बीच समझौता, शिक्षक-शिक्षिकाओं को सैलरी अकाउंट की सभी सुविधाएं मिलने का रास्ता साफ समझौते के तहत 2.5 करोड़ रुपये तक दुर्घटना बीमा और 10 लाख का जीवन बीमा निःशुल्क, एक महीने के वेतन के बराबर ओवरड्राफ्ट, लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड और परिवार सहित कई बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी । एमडीएम चेक भुगतान के लिए हर माह 1 से 5 तारीख के बीच शिक्षकों को कतार में न लगना पड़े, इसके लिए बैंक विशेष व्यवस्था करेगा, अन्य शाखा से भुगतान का विकल्प भी दिया जाएगा

# बारिश के बीच 'फील्ड मोड' में प्रशासन : डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर गांव-गांव पहुंचे अफसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी, बेमौसम बारिश और तेज आंधी-तूफान के बीच जिला प्रशासन पूरी तरह फील्ड में सक्रिय नजर आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पूरे प्रशासनिक अमले को फील्ड उतार दिया। पूरे जिले में व्यापक स्तर पर निगरानी और मौके पर मुआयना कर रिपोर्ट संकलित कराई जा रही है। तहसील स्तर पर प्रशासनिक टीमें लगातार भ्रमणशील रहीं। गोला, पलिया, लखीमपुर, मितौली, धौरहरा, मोहम्मदी और निघासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अधिकारियों ने गांवों में पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया, किसानों से बातचीत की और मौके पर स्थिति को परखा। अफसरों ने मौके पर ही हालात का आकलन कर जरूरी निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाई जा सके।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने फील्ड से मिल रही सूचनाओं की लगातार मॉनिटरिंग की। हालात सामान्य बने रहने के बावजूद प्रशासन ने चौकसी में कोई ढिलाई नहीं बरती।

### वाराणसी में एनडीआरएफ की सतर्क रेस्क्यूर ने युवती को डूबने से बचाया

वाराणसी। वाराणसी में मीर घाट पर गंगा के पवित्र जल में बिहार के मुंगेर निवासी 16 वर्षीय युवती स्नान के दौरान असंतुलित होकर गंगा के गहरे जल में चली गई और डूबने लगी। घटना के समय मीर घाट पर पिकेट ड्यूटी में तैनात एनडीआरएफ के सतर्क रेस्क्यूर आलेखा चंद जीना ने युवती को डूबते हुए देखा और बिना समय गंवाए त्वरित कार्रवाई करते हुए गहरे जल में छलांग लगा दी। तत्पश्चात युवती को सुरक्षित बाहर निकाल कर घाट के किनारे लाया गया तथा उसकी स्थिति सामान्य होने तक आवश्यक सहायता प्रदान की गई।
एनडीआरएफ (वाराणसी) उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि एनडीआरएफ की सतर्क रेस्क्यूर आलेखा चंद जीना ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इस त्वरित, साहसिक एवं दक्षतापूर्ण बचाव कार्य को मीर घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रत्यक्ष रूप से देखा और बचाव दल की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। वहीं घाट पर लगे कैमरे में सारा दृश्य कैद भी हो गया। एनडीआरएफ इसी तरह घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तत्परता से जुटी हुई है।

### 20 दिन के बाद गुलदार का खौफ खत्म, बच्चों की जान लेने वाला आदमखोर गुलदार पिंजरे में कैद

बिजनौर। जनपद में लगभग 20 दिनों से दहशत का पर्याय बना आदमखोर गुलदार आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। मुकर्रमपुर गांव में 10 साल की बच्ची अदिति को अपना शिकार बनाने वाले इस खूंखार तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। लंबे इंतजार और लगातार दहशत के बाद आई इस खबर ने आसपास के ग्रामीणों को राहत प्रदान की है।
डीएफओ बिजनौर जयसिंह कुशवाहा ने बताया कि रविवार सवेरे लगभग 11 बजे मुकर्रमपुर के जंगल क्षेत्र में किसान इंद्रपाल सिंह के खेत में लगाए गए पिंजरे में यह गुलदार फंस गया। वन विभाग की टीम ने पहले से ही रणनीति के तहत इस स्थान पर पिंजरा लगाया था, जो आखिरकार सफल साबित हुआ।
गौरतलब है कि 15 मार्च की सुबह करीब 10 बजे मुकर्रमपुर में 10 साल की अदिति को इसी गुलदार ने अपना शिकार बनाया था। अदिति अपनी मां पिंकीदेवी के संग खेत से घर लौट रही थी। तब गुलदार बच्ची को खींच कर ले गया था। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था और लोग घरों से निकलने में भी डर रहे थे। डिप्टी रेंजर हरदीप सिंह ने बताया कि जैसे ही गुलदार के पिंजरे में कैद होने की खबर गांव में फैली, बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। कई दिनों बाद क्षेत्र में सामान्य स्थिति दिखाई दी है। वन विभाग की टीम गुलदार को सुरक्षित तरीके से कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय ले गई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में एक और गुलदार देखे जाने की सूचना है। इसको लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि अन्य गुलदारों को पकड़ने के लिए भी जल्द अभियान चलाया जाए।

### चाय बागान से निकल पहली बार बाहर आए कर्मयोगी, राम मंदिर देख अभिभूत

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से तीर्थाटन पर आए चाय बागान कर्मयोगियों (श्रमिकों) को केवल श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ही नहीं अपितु पूरी अयोध्या बहुत भाई। पहली बार असम के चाय बागान से निकल कर देश के अन्य हिस्से में पहुंचे कर्मयोगी पूरी तरह कौतूहल से भरे नजर आए। ओसोम के डिब्रूगढ़ स्थित चाय बागान मनोहारी टी एस्टेट पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों जब बागान कर्मयोगियों (श्रमिकों) से वार्ता की तो उन्होंने पाया कि बाहर की दुनिया से अनजान इन श्रमिकों को देश के धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाय। उन्होंने इसकी प्रेरणा मनोहारी टी एस्टेट के प्रबंधन को दी। एस्टेट प्रबंधन व अशोक सिंघल फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से बागान कर्मयोगियों (श्रमिकों) की तीर्थाटन कराने का दायित्व लिया और पहले दल के रूप में रविवार भोर 30 कर्मयोगियों का दल कारसेवकपुरम् पहुंचा। स्नान आदि के बाद सभी लोगों ने मां सरयू, नागेश्वर नाथ के दर्शन किए और वीणा चौक राम की पैड़ी पर वहां के दृश्यों का आनंद लिया। दल के सदस्यों ने हनुमानगढ़ी, दशरथ महल, कनक भवन आदि के दर्शन करते हुए रोमांच महसूस किया और अपने धार्मिक स्थानों को समीप से जाना। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचा दल वहां की कलात्मकता देख भाव विह्वल हुआ और एक बारगी उसे भरोसा नहीं हो रहा था।

# अंकुरण ने रक्तदान शिविर लगाकर मनाया नौवां स्थापना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। अंकुरण फाउंडेशन परिवार पिछले 10 वर्षों से उपरोक्त पंक्तियों को चरितार्थ करने में लगा है । आज अंकुरण फाउंडेशन ने अपना 9 वां स्थापना दिवस उल्लास पूर्वक मनाया । इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का उद्घाटन स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रियांक वर्मा, पूर्व प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अविनाश गुप्ता एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ संजय सिंह द्वारा ब्लड बैंक टीम सुपर्णा दुबे , डॉ अनुराग गुप्ता, अनुराग पांडे की उपस्थिति में किया गया । प्रतीक सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा आज करीब 50 यूनिट रक्तदान किया गया । और भविष्य में रक्तदान करने हेतु करीब 10 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। संस्था से चंदा सिंह, संजय त्रिपाठी, बृजेश कुमार, दुर्गेश कुमार द्विवेदी, मनीष राज, गौरव कुमार पांडेय, कलीम अहमद, अभिषेक पाल, मनीष गुप्ता, विवेक कुमार तिवारी, संतोष कु मार श्रीवास्तव, चंद्रमौली पांडेय, अमित बरनवाल, हरिकिशन तिवारी, दीपांशु जायसवाल,आशीष कुमार पांडेय, सुधांशु शुक्ला, दीपक मिश्रा, आशुतोष कुमार श्रीवास्तव,जावेद अहमद,बजरंग विक्रम सिंह, शालिनी पांडेय,शिखर श्रीवास्तव,आदर्श शेखर श्रीवास्तव, वीरेंद्र मिश्रा, साधना मिश्रा, मनीष कुमार मिश्रा, विनोद कुमार पांडेय, रवि अग्रहरी, एस.पी. शुक्ला (गौरव),नैवेद्य पांडेय, पवन कुमार शुक्ला, अविनाश शर्मा, संतराम अग्रहरि, हरिकेश यादव, अर्चित चित्रांश, प्रज्ज्वल श्रीवास्तव, मनमोहित सिंह, प्रतीक सिंह, सत्यम मिश्रा, चन्दनदेव शुक्ला , गगन श्रीवास्तव समेत तमाम लोगों ने रक्तदान किया। सी.एम.एस डॉ गुप्ता ने अंकुरण द्वारा समाजहित में किए जा रहे कामों के सराहना करते हुए स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दिया । अंकुरण की संरक्षिका डॉ शालिनी पांडे ने कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। डॉ आशुतोष ने कहा कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी । दिल्ली से अपने पुत्र नैवेद्य पाण्डेय संग परिवार सहित रक्तदान करने आये विनोद पांडे ने बताया संस्था के स्थापन दिवस पर वह दिल्ली से रक्तदान करने सुल्तानपुर आए है एवं अंकुरण के आह्वाहन पर दिल्ली में भी जरूरत पड़ने पर अपनी टीम के द्वारा दिल्ली में ही रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों की मदद करते है ।

अंकुरण फाउंडेशन के दीपक जायसवाल ने बताया कि आने वाले सप्ताह में गर्मी को देखते हुए अंकुरण द्वारा शहर के विभिन्न पर निःशुल्क प्याऊ लगाया जाएगा । कोषाध्यक्ष मो आरिफ खान ने अंकुरण के कार्यो के बारे में बताया और कहा कि रक्तदान के अलावा अन्य सामाजिक क्षेत्रों में भी अंकुरण द्वारा विभिन्न कार्य किए जा रहे है। जिसमें महिला विंग की भी सक्रिय भागदारी है। कार्यक्रम में अंकुरण परिवार के समस्त सदस्य मौजूद रहे।

# औषधि विक्रेता संघ के जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। औषधि विक्रेता संघ का सुपर मार्केट स्थित नवस्थापित जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने वशिष्ठ अतिथि ड्रग इंस्पेक्टर राजू प्रसाद एवं रूपेश सिंह की उपस्थिति में फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष सतीश सिंह ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यालय मात्र एक इमारत नहीं बल्कि दवा व्यापारियों की समस्या के त्वरित निस्तारण एवं उनके हितों की रक्षा का एक शसक्त केंद्र बनेगा।

कार्यक्रम का संचालन राजवीर श्रीवास्तव ने किया, संघ के सचिव प्रमोद मिश्रा और कोषाध्यक्ष अंजनी जायसवाल ने सुल्तानपुर टीम को बधाई देते हुए जिले के समस्त दवा व्यापारियों से एकजुट रहने का आह्वाहन किया। समारोह में जिला सुल्तानपुर से भारी संख्या में दवा व्यापारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने एक सुर में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। मीडिया प्रभारी दीपक जायसवाल ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नया कार्यालय अब व्यापारियों के लिए सुलभ होगा। यहां से व्यापारिक हितों की लड़ाई और प्रभावी ढंग से लड़ी जाएगी।

कार्यकम में मो ताजिम, संतोष सिंह, रमेश मिश्रा ,विजय प्रकाश, अरुण बंसल ,सुशील जायसवाल , इंतखाब अहमद , अतुल कसौधन, मनोज बरनवाल, संजय गुप्ता, कपिल गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में दवा व्यापारी मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटरों से मचा हाहाकार: ग्रामीण, कस्बाई और मध्यम वर्ग की बढ़ी मुश्किलें

## बिजली चोरी रोकनी है या गरीब पर बोझ डालना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।प्रदेश में बिजली व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटर अब ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे कस्बों और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए नई चुनौती बनते जा रहे हैं खासकर नौकरीपेशा,दिहाड़ी मजदूर और सीमित आय वाले परिवार इस व्यवस्था से सबसे अधिक प्रभावित नजर आ रहे हैं रिचार्ज खत्म,तो तुरंत अंधेरा प्रीपेड स्मार्ट मीटर में बैलेंस खत्म होते ही बिजली आपूर्ति तत्काल बंद हो जाती है इससे रोजाना काम करने वाले मजदूर,छोटे दुकानदार और नौकरीपेशा लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है कई बार देर रात या छुट्टी के दिन रिचार्ज न हो पाने की स्थिति में पूरा परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर हो जाता है दिहाड़ी मजदूर और छोटे व्यापारियों की आमदनी रोज पर निर्भर होती है ऐसे में उन्हें बार-बार बिजली का रिचार्ज कराना भारी पड़ रहा है पहले जहां महीने के अंत में बिल जमा करने की सुविधा रहती थी, वहीं अब रोजमर्रा के खर्च के बीच बिजली के लिए अलग से रकम निकालना मुश्किल हो रहा है मध्यम वर्गीय परिवार, जो पहले ही महंगाई की मार झेल रहे हैं, अब बिजली के बढ़ते खर्च से और परेशान हैं कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर में खपत ज्यादा दिखाई जा रही है, जिससे रिचार्ज जल्दी खत्म हो जाता है और उन्हें बार-बार पैसा खर्च करना पड़ता है इससे घर का बजट बिगड़ रहा है गांवों और छोटे कस्बों में इंटरनेट और डिजिटल सुविधाओं की कमी के चलते स्मार्ट मीटर का रिचार्ज करना आसान नहीं है बुजुर्ग और तकनीक से दूर रहने वाले लोग मोबाइल ऐप या ऑनलाइन पेमेंट नहीं कर पाते, जिससे उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है कई जगहों पर बिजली कटने के बाद घंटों इंतजार करना पड़ता है छोटे दुकानदार,टेलर, वेल्डिंग वर्कशॉप और अन्य कुटीर उद्योग भी इस व्यवस्था से प्रभावित हो रहे हैं अचानक बिजली कटने से उनका काम रुक जाता है, जिससे आय पर सीधा असर पड़ता है सरकार का उद्देश्य स्मार्ट मीटर के जरिए बिजली चोरी रोकना और पारदर्शिता लाना है, लेकिन जमीनी स्तर पर उपभोक्ताओं की समस्याएं बढ़ती नजर आ रही हैं लोगों का कहना है कि व्यवस्था लागू करने से पहले पर्याप्त जागरूकता और सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए थीं ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में बढ़ती नाराजगी अब सरकार के लिए चिंता का विषय बन सकती है यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया,तो इसका असर आने वाले समय में राजनीतिक रूप से भी देखने को मिल सकता है उपभोक्ताओं ने सरकार से मांग की है कि रिचार्ज खत्म होने पर कुछ समय की राहत (ग्रेस पीरियड) दी जाए मीटर की सटीकता की निष्पक्ष जांच कराई जाए ग्रामीण क्षेत्रों में ऑफलाइन रिचार्ज की बेहतर सुविधा दी जाए बुजुर्गों और गरीब वर्ग के लिए विशेष सहायता व्यवस्था लागू की जाए कुल मिलाकर, स्मार्ट मीटर की यह नई व्यवस्था जहां एक ओर तकनीकी बदलाव का संकेत है, वहीं दूसरी ओर आम आदमी, खासकर ग्रामीण और मध्यम वर्ग के लिए नई परेशानियों का कारण बनती जा रही है यदि इसमें जल्द सुधार नहीं किया गया, तो जनता की नाराजगी और गहरी हो सकती है

**चोरी रोकने का बहाना,बोझ हम पर क्यों?**

गरीब उपभोक्ताओं का साफ कहना है कि यदि स्मार्ट मीटर बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से लगाए जा रहे हैं, तो यह तरीका सही नहीं है लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग और सरकार अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए इसका सीधा बोझ आम जनता पर डाल रही है उनका कहना है कि चोरी रोकने के लिए विभाग को अपनी टीमें बनाकर नियमित चेकिंग अभियान चलाना चाहिए, न कि हर उपभोक्ता को प्रीपेड सिस्टम में धकेल देना चाहिए

**महंगाई के बीच बिजली का नया झटका**

पहले से ही बढ़ती महंगाई से जूझ रही जनता अब बिजली के बढ़ते खर्च से परेशान है लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर में खपत ज्यादा दिखाई जाती है, जिससे रिचार्ज जल्दी खत्म हो जाता है और बार-बार पैसा खर्च करना पड़ता है। इससे घर का बजट पूरी तरह बिगड़ रहा है

**बिजली विभाग पर मनमानी के आरोप**

उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना पर्याप्त जागरूकता और सुविधा दिए यह व्यवस्था थोप दी गई है ग्रामीण इलाकों में रिचार्ज की समस्या और तकनीकी दिक्कतों के चलते लोगों को घंटों बिना बिजली के रहना पड़ रहा है

**सरकार की छवि पर पड़ सकता है असर**

एक ओर जहां सरकार की कई योजनाओं की लोग खुलकर सराहना करते हैं, वहीं स्मार्ट मीटर और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर बढ़ती नाराजगी सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है जनता का कहना है कि अगर समय रहते इस व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो इसका खामियाजा सरकार को उठाना पड़ सकता है

**जनता की मांग**

लोगों ने सरकार से मांग की है कि–

प्रीपेड सिस्टम में सुधार किया जाए

रिचार्ज खत्म होने पर तुरंत बिजली काटने के बजाय कुछ समय की राहत दी जाए बिजली चोरी रोकने के लिए विभागीय स्तर पर सख्त चेकिंग अभियान चलाया जाए गरीब और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए विशेष प्रावधान किए जाएं कुल मिलाकर, स्मार्ट मीटर को लेकर जनता में असंतोष गहराताजा रहा है अब देखने वाली बात यह होगी कि सरकार इस नाराजगी को कैसे संभालती है और आम जनता को राहत देने के लिए क्या कदम उठाती है।

# नवीन पुलिस लाइन्स में चिकित्सा शिविर किया गया आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । नवीन पुलिस लाइन्स अमेठी में ल्ववामा सारथीङ्क द्वारा टाटा एमजी के सहयोग से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा पुलिस कर्मियों की जांच की गई और तनाव मुक्त रहने पर जोर दिया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के कुशल निर्देश व पुलिस फैमिली वेलफ़ेयर एसोसिएशन ल्ववामा सारथीङ्क के नेतृत्व में टाटा एमजी के सहयोग से पुलिस कर्मियों की कार्यकुशलता और उनके परिवारों की खुशहाली के लिए आज रिजर्व पुलिस लाइन्स अमेठी में एक वृहद चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया । इस चिकित्सा शिविर का उददेश्य पुलिस कर्मियों व उनके परिवारीजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था।शिविर में विशेषज्ञों की टीम द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गई।शिविर के दौरान सामान्य रोगों जैसे बुखार, सर्दी जुकाम, ब्लड प्रेशर, शुगर,थायराइड, आदि की जांच की गई।शिविर में उपस्थित चिकित्सा विशेषज्ञों ने पुलिस कर्मियों को तनावमुक्त रहने और संतुलित जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि ड्यूटी की व्यस्तता के बीच नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है । कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस कर्मियों द्वारा इस पहल की सराहना करते हुये कहा गया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# भ्रष्टाचार पर डिजिटल स्ट्राइक: पीलीभीत पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र की बड़ी कार्रवाई, 3.87 करोड़ सहित 38 खाते फ्रीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।जनपद में सरकारी धन के गबन के एक बड़े मामले में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र के नेतृत्व में पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक को अंजाम दिया है थाना कोतवाली नगर पुलिस ने जांच के दौरान सामने आए 38 बैंक खातों में संदिग्ध लेनदेन से जुड़ी कुल ?3,87,02,568 (तीन करोड़ सत्तासी लाख से अधिक) की धनराशि को फ्रीज कर दिया है? इस कार्रवाई से प्रशासनिक और शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है।

क्या है पूरा मामला मामले की शुरुआत 13 फरवरी 2026 को हुई, जब जिला विद्यालय निरीक्षक डीआईओएस द्वारा कोतवाली नगर थाने में तहरीर दी गई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि इल्हाम उर्र रहमान शम्सी, जो जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज बीसलपुर में तैनात था और लंबे समय से डीआईओएस कार्यालय में संबद्ध था, ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए वेतन बिल और टोकन जनरेशन प्रक्रिया में हेराफ़ेरी की आरोपी ने फर्जी एवं कूटरचित तरीके से लाभार्थी बनाकर सरकारी वेतन मद से धन निकासी की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 12 सितंबर 2024 से कुल 98 ट्रांजेक्शन के माध्यम से करीब ?1,01,95,135 की धनराशि अपनी पत्नी अर्शी खातून के खाते में ट्रांसफर कर गबन किया गया मुकदमा दर्ज, गिरफ्तारी और जांच इस मामले में कोतवाली नगर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की पत्नी अर्शी खातून को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मुख्य आरोपी इल्हाम उर्र रहमान शम्सी की तलाश जारी है जांच में खुला बड़ा नेटवर्क विवेचना के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि गबन की गई धनराशि को योजनाबद्ध तरीके से कई बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया। पुलिस ने अब तक 38 खातों को चिन्हित किया है, जिनमें संदिग्ध लेनदेन हुआ जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपने रिश्तेदारों और पत्नी के खातों से बरेली की निजी कंपनियों में भी धन ट्रांसफर किया, जिनमे जेएचएम इन्फ्राहोंम प्राइवेट लिमिटेड में ?90 लाख,औरिका होम्स (बिल्डर) में ?17.18 लाख इन कंपनियों को नोटिस जारी कर संबंधित धनराशि से छेड़छाड़ न करने के निर्देश दिए गए हैं पुलिस और बैंकिंग संस्थाओं के समन्वय से अब तक कुल ?3,87,02,568 की धनराशि को फ्रीज कराया जा चुका है यह कार्रवाई डिजिटल ट्रांजेक्शन की निगरानी और त्वरित समन्वय का बड़ा उदाहरण मानी जा रही है चार सदस्यीय टीम कर रही जांच पूरे प्रकरण की गहन जांच के लिए चार सदस्यीय विशेष टीम गठित की गई है, जिसकी प्रतिदिन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जा रही है पुलिस अब अन्य संभावित सहयोगियों, लाभार्थियों और खातों की भी जांच कर रही है एसपी ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी साथ ही गबन से जुड़े पूरे नेटवर्क को उजागर कर सरकारी धन की रिकवरी सुनिश्चित की

**प्रशासन को मिली बड़ी सफलता**

यह कार्रवाई न केवल आर्थिक अपराध पर बड़ी चोट मानी जा रही है, बल्कि इससे यह संदेश भी गया है कि सरकारी धन के दुरुपयोग पर अब कड़ी निगरानी रखी जा रही है आने वाले समय में इस मामले में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## पूरनपुर में समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव न होने से नाराजगी सभासद ने सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील पूरनपुर में समर स्पेशल ट्रेन संख्या 05033 गोमती नगर से बांद्रा टर्मिनस एवं 05034 बांद्रा टर्मिनस से गोमती नगर के ठहराव न होने से स्थानीय जनता में भारी रोष व्याप्त है क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस महत्वपूर्ण ट्रेन का पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज न होना यात्रियों के लिए बड़ी समस्या बन गया है स्थानीय लोगों के अनुसार, पूरनपुर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में यात्री मुंबई सहित अन्य महानगरों की यात्रा करते हैं ऐसे में इस ट्रेन का ठहराव न होना उन्हें अतिरिक्त परेशानी में डाल रहा है, जिससे समय और धन दोनों की हानि हो रही है इस मुद्दे को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सादर अनुरोध किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए समर स्पेशल ट्रेन संख्या 05033/05034 का पूरनपुर स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाए लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जनाक्रोश और बढ़ सकता है उन्होंने रेलवे प्रशासन से भी मांग की है कि यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि उनकी मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द ही पूरनपुर स्टेशन पर इन ट्रेनों का ठहराव शुरू किया जाएगा, जिससे हजारों यात्रियों को राहत मिल सकेगी।

## सीएम पोर्टल पर शिकायत पड़ी भारी, प्रधान पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के सरैया कमौरा गांव में ग्राम प्रधान के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर भ्रष्टाचार की शिकायत करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि शिकायत से नाराज ग्राम प्रधान ने अपने समर्थकों के साथ शिकायतकर्ता के घर में घुसकर पूरे परिवार पर लाठी–डंडों व चाकू से हमला कर दिया। हमले में परिवार के कई लोग घायल हो गए। पीड़ित ने पुलिस पर एफआईआर दर्ज न करने और मेडिकल न कराने का आरोप लगाया है।जानकारी के अनुसार सरैया कमौरा निवासी पंकज वर्मा ने ग्राम प्रधान विजय कुमार उपाध्याय के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराई थी।

# एचपीसीएल हत्याकांड :न्याय में देरी से आहत परिजन, प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उठाई आवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।बदायूं के सजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट में पूरनपुर निवासी हर्षित मिश्रा और सुधीर गुप्ता की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में एक माह बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिजन आहत हैं न्याय में हो रही देरी को लेकर हर्षित के माता-पिता ने पूरनपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी पीड़ा साझा की और जल्द कार्रवाई की मांग की प्रेस वार्ता में हर्षित के पिता सुशील मिश्रा और मां रानी मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराध के खिलाफ सख्त नीति अपनाते हैं और उन्होंने कई बार इसे साबित भी किया है लेकिन उनके बेटे के मामले में अब तक पूरा न्याय नहीं मिल पाया है उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही उनकी मुख्यमंत्री से मुलाकात कराई जाएगी, जिससे वे अपनी बात सीधे उनके सामने रख सकें परिजनों ने आरोप लगाया कि जिन लोगों के नाम उन्होंने पुलिस और प्रशासन को दिए थे, वे अभी तक गिरफ्त से बाहर हैं इससे परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो वे कोतवाली के सामने आत्मदाह जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे सुशील मिश्रा ने कहा कि उन्हें उत्तर प्रदेश शासन पर पूरा भरोसा है, लेकिन मामले में तेजी से कार्रवाई की जरूरत है उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने बदायूं के क्षेत्रीय विधायक पर कोई आरोप नहीं लगाया है, लेकिन विधायक को इस मामले में मजबूती से पैरवी करनी चाहिए, ताकि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो और परिवार को न्याय मिल सके प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से परिजनों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की अपील की है।

## मानक से अधिक यूरिया बिक्री पर कार्रवाई,16 खाद विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

पूरनपुर।तहसील क्षेत्र में मानक से अधिक यूरिया खाद की बिक्री करने वाले दुकानदारों पर कृषि विभाग ने सख्त कार्रवाई की है जांच में अनियमितता पाए जाने पर जिला कृषि अधिकारी ने करीब डेढ़ दर्जन यानी 16 खाद विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं तहसील क्षेत्र में सैकड़ों खाद की दुकानें संचालित हैं, जिन पर निर्धारित मानकों के अनुसार ही उर्वरक बिक्री करने के स्पष्ट निर्देश हैं वहीं किसानों को भी फसल की आवश्यकता के अनुसार ही खाद खरीदने की बाध्यता है इन नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग लगातार निगरानी कर रहा है बताया जा रहा है कि बीते मार्च माह में पूरनपुर क्षेत्र के कई खाद विक्रेताओं द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक यूरिया खाद की बिक्री की गई विभागीय जांच में इस अनियमितता का खुलासा हुआ, जिसके बाद जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र कुमार ने कार्रवाई करते हुए 16 दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित कर दिए जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी संबंधित दुकानदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया है यदि उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उनके लाइसेंस स्थायी रूप से निरस्त कर दिए जाएंगे कृषि विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और अन्य दुकानदारों में भी नियमों के पालन को लेकर सतर्कता बढ़ गई है।

## गैस एजेंसी में अनियमितता पर संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में एलपीजी सिलेण्डर वितरण व्यवस्था को खेवनहारों द्वारा कैसे पलीता लगाया जा रहा है इसकी कलई रविवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर एक गैस एजेंसी पर छापेमारी करने पहुंची टीम ने खोलकर रख दी है। गैस एजेंसी में बड़े पैमाने पर अनियमितता के साथ ही करीब पौने छह सौ गैस सिलेंडर स्टॉक से गायब मिले और मौके पर मात्र दो ही गैस सिलेंडर भरे पाये गये। आपूर्ति निरीक्षक द्वारा गैस एजेंसी संचालक के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुये एजेंसी को सीजकर दिया गया है। कस्बा अमेठी स्थित एक बहुचर्चित गैस एजेंसी पर इन दिनों उपभोक्ताओं की लम्बी लम्बी लाइनें लगी रहती थी और उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर भी नही मिल पा रही थी एजेंसी संचालक के क्रियाकलापों से तंग आकर स्थानीय उपभोक्ताओं ने आला अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई और जिलाधिकारी संजय चौहान ने आम जनमानस की इस समस्या को गम्भीरता से लेते हुये जांच हेतु एक टीम गठित कर दी गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर उक्त टीम जब मामले की छानबीन करने एजेंसी पर पहुंची तो वहां पर बड़े पैमाने पर अनियमितता उजागर हुई और जांच पड़ताल के दौरान स्टॉक रजिस्टर और गैस सिलेंडर के गोदाम की छानबीन की गई तो हकीक़त देखकर जांच अधिकारी स्वयं दंग रह गये। एजेंसी के गोदाम में 14.02 किलो वाले 556 बड़े गैस सिलेंडर और 5 किलो वाले 29 छोटे सिलेंडर मौके से गायब मिले।इतना ही नही जब टीम ने स्टॉक रजिस्टर और डिलीवरी से जुड़े दस्तावेज मांगे तो गोदाम कर्मचारी कोई भी कागजात प्रस्तुत नही कर सके जिससे संदेह और गहरा गया। जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत ने बताया कि इस गम्भीर अनियमितता पर आपूर्ति निरीक्षक ने एजेंसी संचालक मनदीप सिंह के खिलाफ अमेठी कोतवाली में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## पन्द्रह वर्षो से फरार हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा लगभग पन्द्रह वर्षों से फरार हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान वाद संख्या 1037/26 मु0अ0सं0 416/96 धारा 457, 380, 411 भादवि थाना गौरीगंज जनपद अमेठी से संबंधित मनोहर उर्फ राम मनोहर पुत्र खुड़बुड़ उर्फ भगौती निवासी ग्राम मानमती का पुरवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र बावन वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया है। थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं को किया गया जगरूक

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन शक्ति फ़ेज–5.0 द्वितीय चरण) के अंतर्गत समस्त थानों पर नियुक्त महिला शक्ति केन्द्र टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया।इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया गया। महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें वूमेन पावर लाइन–1090, महिला हेल्पलाइन–181, पुलिस आपातकालीन सेवा–112, स्वास्थ्य सेवा–102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन–1076, चाइल्ड लाइन–1098 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन–1930 प्रमुख हैं।

पुलिस टीम द्वारा सभी को जागरूक करते हुए किसी भी आपात स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया हैं।

## स्थापना दिवस पर भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में निकलेगा आज रोड शो

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर स्थापना दिवस कार्यक्रम एवं भव्य रोड शो का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आप सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है ऋउक्त जानकारी गोकुल प्रसाद मौर्य जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत ने दी है।

# शासनादेश की अनदेखी और भ्रष्टाचार के आरोपों में शिक्षिका निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**खबर का असर**

सुल्तानपुर। बेसिक शिक्षा विभाग ने गंभीर अनियमितताओं और शासनादेश की अवहेलना के आरोपों में कम्पोजिट विद्यालय बल्दीराय की शिक्षिका अर्चना द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सुल्तानपुर के आदेश पर की गई है।

**निरीक्षण में खुली पोल**

सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी के जांच आख्या के अनुसार विद्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान कई चौंकाने वाली खामियां सामने आईं। निरीक्षण के समय सहायक अध्यापक अनुपस्थित पाए गए, लेकिन उनकी अनुपस्थिति का अंकन उपस्थिति पंजिका में नहीं किया गया। इससे स्पष्ट हुआ कि जिम्मेदार शिक्षिका द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरती जा रही थी।

**उपस्थिति रजिस्टर में खेल**

जांच में यह भी सामने आया कि उपस्थिति पंजिका में छात्रों की संख्या दर्ज नहीं की गई थी और बाद में रिक्त स्थान भरकर संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जाता था। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग और गबन की आशंका जताई गई है। विभाग ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता माना है।

**सरकारी योजनाओं में बाधा**

आरोप है कि शिक्षिका द्वारा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी बाधा उत्पन्न की जा रही थी। साथ ही अनुशासनहीनता, निरंकुशता और स्वेच्छाचारिता को बढ़ावा देने के भी आरोप लगे हैं, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही थी।

**शासनादेश की अनदेखी भारी**

जांच में यह स्पष्ट पाया गया कि शिक्षिका ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 तथा सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1956 के नियमों का उल्लंघन किया है। विभागीय आदेशों और शासन की मंशा की लगातार अनदेखी ने इस कार्रवाई को अनिवार्य बना दिया।

**तत्काल निलंबन, विभाग सख्त**

प्रकरण को गंभीर मानते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नेअनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए , श्रीमती अर्चना द्विवेदी को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया है और आगे की विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है और अन्य कर्मचारियों के लिए भी यह सख्त संदेश माना जा रहा है कि लापरवाही और भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मनियारपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी के निधन पर शोक

सुल्तानपुर। कुड़वार विकास खण्ड की ग्राम पंचायत मनियारपुर निवासी अलमदार हुसैन खां का शनिवार की शाम को लम्बी बीमारी के बाद उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया, जिसकी खबर सुनकर मिलने वालों का तांता लगा रहा उन्हें रविवार को सुबह 10बजे मनियारपुर के कर्बला स्थित कब्रिस्तान में सिपुर्द ए खाक किया गया, जिसमें सुलतानपुर की सभी अंजुमनों के अलावा हर समाज के लोग भारी संख्या में शामिल हुए?,लगभग 86वर्ष के थे। अलमदार हुसैन खां ज़िला उद्योग में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद? से सेवानिवृत्त हुए थे उन्होंने ने अपने समय में क?ई दर्जन लोगों को अनेकों विभागों में सरकारी नौकरी दिलाई थी और? समाज के हर वर्ग के लोगों की हर तरह से मदद करते थे? तथा एक खुश दिल इन्सान थे, हमेशा सबसे हंस कर मिलते थे ,वह एक प्रसिद्ध समाजसेवी थे इसके साथ अंजुमन हैदरिया मनियारपुर के संरक्षक भी रहे हैं ,वह अपने कार्य से पहचाने जाते थे मोहर्रम के जुलूसों में बढ़-चढ़कर भाग लेना?और? हर जगह पहुंचना उनकी अलग पहचान थी।उनके दो नौजवान बेटों की एक साथ सड़क दुघर्टना में देहांत हो गया था लेकिन वह कभी समाजसेवा से पीछे नहीं हटे और न अपना धैर्य खोया।

कैनविज टाइम्स
लखनऊ, सोमवार, 06 अप्रैल 2026



www.kanwhizztimes.com

## सम्पादकीय

# बंगाल में अराजकता

पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत निर्वाचन नामावलियों के निस्तारण में लगे, सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। इन सात बंधक अधिकारियों में तीन महिलाएं भी शामिल थीं जिन्हें नौ घंटे तक बिना खाना-पानी के रोके रखा गया। स्वाभाविक रूप से इस घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव व डीजीपी समेत कई उच्च अधिकारियों का कारण बताओ नोटिस भी दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सात अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। पिछले महीने तक साठ लाख में 47 लाख आपत्तियों का निस्तारण होने पर सुप्रीम कोर्ट ने भी संतुष्टि व्यक्त की है। बहरहाल, इसके बावजूद एसआईआर प्रक्रिया को लेकर किसी व्यक्ति को कोई शिकायत है तो उसका निस्तारण निर्धारित प्रक्रिया से ही किया जा सकता है। बहरहाल, मालदा का यह घटनाक्रम कानून व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं के लिए भी अग्निपरीक्षा है। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने पश्चिम बंगाल को राजनीतिक रूप से ध्रुवीकृत तथा चुनाव आयोग ने राज्य में जंगलराज होने की बात कही है। ध्यान रहे कि इससे पहले भी निर्वाचन अधिकारियों से मारपीट व घेराव की घटनाएं सामने आई हैं। जाहिर बात है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कुछ लोगों में असंतोष है। मतदाता सूची से नाम कटने वाले लोगों की तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। लेकिन यह तंत्र के प्रति बढ़ते अविश्वास का भी प्रतीक है, जिसके चलते ही घटनाक्रम के बाद सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी ने पश्चिम बंगाल में इस महीने होने वाले चुनाव से पहले कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। अब राज्य में विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही दिन बाकी हैं। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में इस माह की 23 व 29 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में मालदा का घटनाक्रम निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए चुनौती दर्शाने वाला है। बहरहाल, मालदा के कालियाचक में भीड़ द्वारा अभिव्यक्त आक्रोश और न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने का घटनाक्रम यह बताता है कि लोगों में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर व्यापक असंतोष है। यद्यपि कानून व्यवस्था को हाथ में लेना कदापि उचित नहीं कहा जा सकता है, लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा पहले ही घटना का आकलन न कर पाना और समय रहते कार्रवाई न करना, तंत्र की विफलता को ही दर्शाता है। जिसे कानून व्यवस्था की नाकामी ही कहा जा सकता है। जब राज्य में एसआईआर काम में लगे लोगों को पहले से लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा था, तो इस कार्य में लगे न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की जानी चाहिए थी। लोगों में उपजे अविश्वास के मद्देनजर इस दिशा में सतर्क पहल जरूरी थी। इसमें दो राय नहीं कि पश्चिम बंगाल में व्यापक पैमाने पर विदेशियों की घुसपैठ की समस्या रही है। ऐसे में एसआईआर प्रक्रिया द्वारा मतदाताओं की पड़ताल राष्ट्रीय सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण विषय है। लेकिन जटिल प्रक्रिया के चलते व जरूरी कागजों के उपलब्ध न होने से कुछ वैध मतदाताओं को अपनी वैधता की पुष्टि के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन चिंताओं को भी समझने की जरूरत है। ऐसे मतदाताओं के अविश्वास को भी दूर करने की जरूरत है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट इस प्रक्रिया पर शुरू से ही नजर बनाये हुए है। चुनाव आयोग भी दावा कर रहा है कि किसी योग्य मतदाता के साथ अन्याय नहीं होगा। इसी मकसद से ही सुप्रीम कोर्ट ने प्रक्रिया पर निगरानी के मकसद से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती की थी। लेकिन विडंबना है कि उन्हें ही आक्रोशित भीड़ ने बंधक बनाया। लेकिन इसके बावजूद सरकारी तंत्र को लोगों के बीच भरोसा कायम करने का प्रयास करना चाहिए। विश्वास किया जाना चाहिए कि राज्य के राजनीतिक दल इस मुद्दे को लेकर राजनीति करने के बजाय मतदाताओं को तर्कपूर्ण ढंग से स्वतंत्र व पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने के लिये प्रेरित करेंगे। राज्य में स्वतंत्र-निष्पक्ष तथा पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए राजनेताओं का संवेदनशील व्यवहार जरूरी है।

# दंड से सुधार की ओर विश्वास आधारित न्यायिक यात्रा

भाजपा सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है भारत की व्यवस्था एवं कानूनों का सरल एवं सुगम बनाना, यह कानून उसी दिशा में एक रचनात्मक एवं सृजनात्मक उपक्रम है। इस विधेयक से न केवल न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम होगा बल्कि नागरिकों, उद्यमियों और निवेशकों में सरकार के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। इसे ल्न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासनङ्क की अवधारणा को व्यवहार में उतारने वाला कानून भी कहा जा सकता है। दंड नहीं, सुधार की भावना को बल देते हुए इस कानून से आम-जनता को कानून की जटिल प्रक्रियाओं एवं भ्रष्टाचार की व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी। भारतीय न्याय व्यवस्था लंबे समय तक दंड आधारित रही है, जिसमें छोटे-छोटे उल्लंघनों के लिए भी आपराधिक मुकदमे चल जाते थे। इससे अदालतों में मुकदमों का ढेर लग जाता था और आम नागरिक अनावश्यक कानूनी प्रक्रियाओं में उलझ जाते थे। जन विश्वास विधेयक ने इस सोच को बदलने का प्रयास किया है। इससे कानून का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि सुधार करना और व्यवस्था बनाए रखना होगा। अपराध की गंभीरता के अनुसार दंड तय करना न्याय के मूल सिद्धांतों के अधिक अनुरूप है। इस कानून से न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी और गंभीर अपराधों पर अधिक ध्यान दिया जा सकेगा। यह कानून न्यायिक सुधार की दिशा में भी एक बड़ा ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि इससे न्यायालयों का समय और संसाधन बचेंगे और न्याय प्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी।

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि व्यवस्था, अनुशासन, सुधार और विश्वास का वातावरण बनाना भी होता है। इसी दृष्टि से भारत सरकार द्वारा लाया गया जन विश्वास विधेयक 2026 पहले लोकसभा के बाद अब राज्यसभा से भी पारित होने से इसके कानून के रूप में अमल का रास्ता साफ हो गया। इसके माध्यम से उस व्यवस्था को विदा देने का जतन किया गया है, जिसमें छोटी-छोटी गलतियों या सामान्य नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जेल की सजा का प्रविधान था, अब ऐसा होने पर आर्थिक दंड लगेगा। निश्चित ही इस विधेयक का पारित होना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है, भारतीय कानूनी परिवेश की एक उजली भोर है। निश्चित तौर यह कानून दंडात्मक व्यवस्था से सुधारात्मक व्यवस्था की ओर बढ़ने का संकेत देता है। इसमें लगभग 79 केंद्रीय कानूनों में संशोधन कर 784 प्रविधानों में संशोधन किये गये हैं और 700 से अधिक छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है। इससे अदालतों में मुकदमों का बोझ और न्यायिक तंत्र पर दबाव कम होगा। अब ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि खत्म होने पर भी वह 30 दिन तक वैध रहेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाने पर सजा के स्थान पर जुर्माने का प्रविधान होगा। इसी तरह अन्य अनेक मामलों में ऐसा होगा। इनमें से कई मामले कारोबारियों से भी जुड़े हैं, जैसे पहले ड्रग्स एवं कास्मेटिक नियमों के उल्लंघन पर जेल हो सकती थी, लेकिन अब केवल जुर्माना लगेगा। जो छोटे कारोबारी प्रायः जटिल नियम-कानूनों के अनचाहे उल्लंघन के कारण दंडित होने के दबाव में भयभीत रहते थे, वे अब भयमुक्त होंगे। भाजपा सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है भारत की व्यवस्था एवं कानूनों का सरल एवं सुगम बनाना, यह कानून उसी दिशा में एक रचनात्मक एवं सृजनात्मक उपक्रम है। इस विधेयक से न केवल न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम होगा बल्कि नागरिकों, उद्यमियों और निवेशकों में सरकार के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। इसे ल्न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासनङ्क की अवधारणा को व्यवहार में उतारने वाला कानून भी कहा जा सकता है। दंड नहीं, सुधार की भावना को बल देते हुए इस कानून से आम-जनता को कानून की जटिल प्रक्रियाओं एवं भ्रष्टाचार की व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी। भारतीय न्याय व्यवस्था लंबे समय तक दंड आधारित रही है, जिसमें छोटे-छोटे उल्लंघनों के लिए भी आपराधिक मुकदमे चल जाते थे। इससे अदालतों में मुकदमों का ढेर लग जाता था और आम नागरिक अनावश्यक कानूनी प्रक्रियाओं में उलझ जाते थे। जन विश्वास विधेयक ने इस सोच को बदलने का प्रयास किया है। इससे कानून का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि सुधार करना और व्यवस्था बनाए रखना होगा। अपराध की गंभीरता के अनुसार दंड तय करना न्याय के मूल सिद्धांतों के अधिक अनुरूप है। इस कानून से न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी और गंभीर अपराधों पर अधिक ध्यान दिया जा सकेगा। यह कानून न्यायिक सुधार की दिशा में भी एक बड़ा ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि इससे न्यायालयों का समय और संसाधन बचेंगे और न्याय प्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी। इस कानून का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य व्यापार और उद्योग जगत में विश्वास का वातावरण बनाना भी है। पहले कई छोटे नियमों के उल्लंघन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हो जाते थे, जिससे उद्यमियों और निवेशकों में भय का वातावरण रहता था। अब आर्थिक दंड के प्रावधान से अनुपालन का बोझ कम होगा और व्यापार करने में आसानी होगी। इससे छोटे उद्यमियों, स्टार्टअप और उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा भारत में निवेश का वातावरण और बेहतर बनेगा। वैश्विक स्तर पर भी भारत की छवि एक सरल और निवेश अनुकूल देश के रूप में मजबूत होगी। इस कानून की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसकी भावना भारतीय संस्कृति के बहुत निकट दिखाई देती है। भारतीय संस्कृति में दंड से अधिक सुधार, प्रतिशोध से अधिक क्षमा और अपराध से अधिक परिमार्जन की परंपरा रही है। हमारे शास्त्रों और परंपराओं में कहा गया है कि मनुष्य से गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन उसे सुधार का अवसर मिलना चाहिए। छोटी-छोटी गलतियों के लिए कठोर दंड देना न्याय नहीं, बल्कि अन्याय की श्रेणी में आ सकता है। इस दृष्टि से यदि कानून व्यवस्था में क्षमा, सुधार और परिमार्जन की व्यवस्था हो, तो समाज अधिक मानवीय और संवेदनशील बन सकता है। भारत की संस्कृति दंडात्मक नहीं, बल्कि सुधारात्मक और समन्वयवादी रही है। जन विश्वास विधेयक इसी भावना को आधुनिक कानूनी व्यवस्था में स्थापित करने का प्रयास प्रतीत होता है। यह कानून विश्वास आधारित शासन की ओर अग्रसर होने के साथ मेरा भारत महान का उद्घोष है। यह कानून सरकार और नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत करने वाला भी है। जब सरकार नागरिकों को अपराधी मानने की बजाय जिम्मेदार नागरिक मानकर कानून बनाएगी, तो नागरिकों में भी कानून के प्रति सम्मान और पालन की भावना बढ़ेगी। विश्वास आधारित शासन किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति होता है। भय आधारित शासन में नागरिक कानून से बचने की कोशिश करते हैं, जिससे समाज में भ्रष्टाचार को पनपने का मौका मिलता है जबकि विश्वास आधारित शासन में नागरिक कानून का पालन स्वयं करते हैं। देश एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी का अहसास स्वतः जागता है। भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। विकसित राष्ट्र बनने के लिए केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि न्यायिक, प्रशासनिक और कानूनी सुधार भी आवश्यक हैं। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। सरल कानून, कम सरकारी हस्तक्षेप, तेज न्याय प्रणाली और व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण-ये सभी विकसित राष्ट्र की पहचान होते हैं। इस दृष्टि से यह कानून भारत को आधुनिक और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगा। यह भी स्वीकार करना होगा कि इस प्रकार के बड़े कानूनी सुधार राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना संभव नहीं होते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई प्रशासनिक और कानूनी सुधार किए हैं, जिनका उद्देश्य शासन को सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनाना है, न्याय व्यवस्था को ज्यादा मानवीय एवं व्यावहारिक बनाना है। इसी कारण प्रधानमंत्री ने इस विधेयक के पारित होने पर यह आशा व्यक्त की कि इसके जरिये भरोसे पर आधारित व्यवस्था का निर्माण होने के साथ आम नागरिक सशक्त बनेंगे। जन विश्वास विधेयक उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो यह दर्शाता है कि सरकार नागरिकों को दंडित करने की बजाय उनके साथ विश्वास का संबंध स्थापित करना चाहती है। यह कानून शासन और जनता के बीच विश्वास का पुल बनाने का एक सराहनीय एवं सूझबूझभरा प्रयास है। वास्तव में कानून का शासन ऐसा होना चाहिए, जिसमें मामूली गलती या किसी गफलत या अनजाने में की गई भूल कठोर सजा का कारण नहीं बननी चाहिए। अब जब जन विश्वास विधेयक से हालात में व्यापक बदलाव की उम्मीद की जा रही है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि इस विधेयक के प्रविधानों से आम जनता को अवगत कराया जाए, ताकि वह अधिकतम लाभ उठा सके और शोषण एवं भ्रष्टाचार से भी बच सके। ध्यान रहे आम लोग सशक्त तब होते हैं, जब वे नियम-कानूनों से भली तरह अवगत होते हैं। जनता को बदले हुए नियम-कानूनों से परिचित कराने का काम सरकार को करना चाहिए। इसी के साथ उसे इसे लेकर सावधान रहना होगा कि छोटे अपराधों में जेल भेजने वाले प्रविधानों की जगह चेतावनी देने और जुर्माना लगाने वाली नई व्यवस्था से समाज में ऐसा कोई संदेश न जाए कि नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जुर्माना देकर बचा जा सकता है। यदि जुर्माना देकर नियम-कानूनों को हल्के में लेने की प्रवृत्ति बढ़ी तो इस विधेयक का उद्देश्य ही व्यर्थ हो जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण जुर्माना लेने की परम्परा कहीं प्रशासनिक अधिकारियों एवं न्यायिक अधिकारियों को अधिक भ्रष्ट न बना दे। लोगों को भी यह समझना आवश्यक है कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन से ही कोई राष्ट्र प्रगति पथ पर तेजी से आगे बढ़ता है। निश्चित तौर पर इस कानून से समूची दुनिया में भारतीय कानून अनुकरणीय बनेंगे, कहा जा सकता है कि जन विश्वास विधेयक केवल एक कानूनी संशोधन नहीं, बल्कि शासन की सोच में बदलाव का प्रतीक है। यह कानून दंड से सुधार, भय से विश्वास और जटिलता से सरलता की ओर बढ़ने का संकेत देता हैं। भारतीय संस्कृति में क्षमा, सुधार, परिमार्जन और सह-अस्तित्व की जो परंपरा रही है, यह कानून उसी भावना को आधुनिक कानून व्यवस्था में स्थान देने का प्रयास है। इस कानून का सही ढंग से क्रियान्वयन हुआ, तो यह न केवल न्यायिक व्यवस्था को सरल बनाएगा, बल्कि भारत में विश्वास आधारित शासन की स्थापना करेगा और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। **–ललित गर्ग**

# अंत्योदय से आत्मनिर्भरता तक : जनकल्याण की धारा में बहता नया भारत

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारतीय लोकतंत्र के व्यापक और जीवंत परिदृश्य में भारतीय जनता पार्टी अपने वैचारिक मूल्यों, विशेष तौर पर अंत्योदय, सुशासन और 'राष्ट्र प्रथम' को व्यवहार में उतारते हुए जनकल्याण की एक निरंतर प्रवाहित धारा के रूप में जानी जाती है। वर्ष 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा विभिन्न राज्यों में भाजपा सरकारों ने शासन की कार्यशैली को मूलतः परिवर्तित किया है। विकास अब योजनाओं की घोषणा से आगे परिणाम आधारित प्रशासन का पर्याय बन चुका है, जिसका प्रभाव देश के सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक ढांचे पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। यदि आज देश के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन करें तो यही दिखाई देता है कि भाजपा की शासन प्रणाली का केंद्र बिंदु समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जिस 'अंत्योदय' की अवधारणा प्रस्तुत की थी, वह आज मूर्त रूप में दिखाई देती है। इसी उद्देश्य से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री जनधन योजना ने वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है। वर्ष 2025-26 तक इस योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इन खातों में जमा राशि दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। आज यह पहल सिर्फ बैंकिंग सुविधा तक सीमित न होकर इसने गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से अब तक 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। कहना होगा कि इससे पारदर्शिता और जवाबदेही में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। गरीब कल्याण की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों ने समाज के वंचित वर्गों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 2026 तक 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन वितरित किए जा चुके हैं (स्रोतः पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, 2026)। इस योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्त रसोई प्रदान कर उनके स्वास्थ्य और सम्मान दोनों की रक्षा की है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2025 तक तीन करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण या स्वीकृति दी जा चुकी है। जिससे गरीब परिवारों को स्थायित्व और सुरक्षा का आधार मिला है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया और देश को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया, जिसने स्वच्छता को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दिया। इसी तरह से कृषि क्षेत्र में भी सरकार की नीतियों ने व्यापक प्रभाव डाला है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2026 तक 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस योजना के तहत अब तक 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है (स्रोतः पीएम-किसान पोर्टल, 2026)। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सिंचित क्षेत्र का विस्तार हुआ है और जल प्रबंधन को सुदृढ़ किया गया है। सॉयल हेल्थ कार्ड योजना के अंतर्गत 22 करोड़ से अधिक कार्ड वितरित किए जा चुके हैं, जिससे किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने में सहायता मिली है। फसल बीमा योजना के तहत करोड़ों किसानों को प्राकृतिक आपदाओं के समय आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी सरकार की पहलें उल्लेखनीय रही हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के परिणामस्वरूप लिंगानुपात में सुधार हुआ है और बालिका शिक्षा में वृद्धि दर्ज की गई है। सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 03 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जो बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। तीन तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को न्याय और समान अधिकार प्रदान किया गया, जो सामाजिक सुधार की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके अतिरिक्त 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को भी सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों के लिए जीवन रक्षक कवच का कार्य किया है। 2026 तक इस योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक लोगों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है (स्रोतः राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, 2026)। अब तक 06 करोड़ से अधिक अस्पताल में भर्ती उपचार इस योजना के तहत किए जा चुके हैं, जिससे करोड़ों परिवारों को आर्थिक संकट से बचाया गया है। साथ ही, देशभर में 1.5 लाख से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं, जोकि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# हरे सेब का जूस है डायबिटीज़ मरीज के लिए फायदेमंद

आजकल डायबिटीज़ एक आम बीमारी है। भारत में लगभग हर तीसरा व्यक्ति इसका रोगी है। भागदौड़ के इस समय में हमारे गलत आहार और तरीकों के कारण कई लोग टाइप-2 मधुमेह से पीड़ित हैं। भारत में लगभग 70 मिलियन लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। यही कारण है कि भारत को दुनिया की मधुमेह राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। जूस पीने पर अक्सर प्रतिबंध लगा दिया जाता है क्योंकि मधुमेह रोगियों में शुगर का स्तर अधिक होता है। लेकिन यह स्वस्थ रस कुछ मधुमेह रोगियों के लिए ही है। डायबिटीज़ को कम करने के लिए ग्रीन जूस बेहद फ़ायदेमंद है। यह रस सभी प्रकार के मधुमेह के रोगियों के लिए समान रूप से फ़ायदेमंद है, जैसे कि टाइप-1, टाइप -2 और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल मधुमेह। इस जूस को बनाने के लिए आप हरे सेब, खीरा, नींबू, केल, हरी गोभी, अजवाइन, पालक, चुकंदर, लहसुन, टमाटर, अदरक और करेले जैसे चार-पांच सामग्रियों का उपयोग कर सकते हैं। सभी सामग्रियों को बारीक काट लें और अपनी ज़रूरतों के अनुसार अच्छी तरह से मिलाएँ। आपका हेल्दी जूस तैयार है। अपने ग्रीन जूस में फल या चीनी को शामिल करने से बचें, क्योंकि चीनी सूजन पैदा करती है और आपके पाचन को नुकसान पहुंचा सकती है, जो कि हरे रंग के रस के बिल्कुल विपरीत हैं जो आप चाहते हैं। सेब और नाशपाती अद्भुत एंजाइम और पोषक तत्वों से भरे हुए होते हैं, लेकिन आपके रस में बहुत अधिक शुगर जोड़ सकते हैं। यह है विटामिन से भरपूरः हरे सेब, ककड़ी, नींबू, पालक, करेला, टमाटर और लहसुन जैसी स्वस्थ सामग्री से बना यह जूस विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-के और आयरन का बेहतरीन स्रोत है। एनर्जी बढ़ाता हैः एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर यह हरे रंग का जूस हमें कई हानिकारक बीमारियों से बचाता है। साथ ही यह जूस हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है और पूरे दिन हमारी एनर्जी को बढ़ाता है। यह रस हमारे शरीर की मेटाबॉलिज़्म दर को भी बनाए रखता है। ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता हैः यह स्वस्थ रस न केवल मधुमेह के रोगियों के लिए है, बल्कि उच्च रक्तचाप और कई हृदय रोगों के जोखिम को भी कम करता है।

## धर्म मंत्र

# माता का ऐसा चमत्कारी मंदिर जहां बगैर रक्त बहाए दी जाती है 'बलि'

हम आपको ऐसे ही माता के मंदिर के बारे में बताएँगे, जहां बलि देने के बाद रक्त नहीं बहता है। जी हां! हम बात कर रहे हैं मां 'मुंडेश्वरी' मंदिर की जो बिहार में स्थित है। मां मुंडेश्वरी को लेकर कहा जाता है कि यहां लगभग 1900 सालों से लगातार पूजा होते आ रही है। यह बिहार के सर्वाधिक प्राचीन मंदिरों में से एक है। यह मंदिर बिहार के कैमूर जिले के भगवानपुर अंचल के 608 फीट ऊंची एक पहाड़ी जिसका नाम 'पवरा' पहाड़ी है उसी पर स्थित है। इस मंदिर के प्रांगण में आपको अनेकों शिलालेख मिलेंगे। जो इस मंदिर के इतिहास की गाथा गाते हैं। यूं इस मंदिर के प्रांगण में राजा 'दुत्तगामनी' की मुद्रा भी प्राप्त हो चुकी है, जिनके बारे में कहा जाता है कि वह 101 से 77 ईसा पूर्व श्रीलंका में शासन किया करते थे। इसके साथ ही बौद्ध साहित्य में कहा गया है कि वह अनुराधापुर वंश के शासक थे। इस मंदिर को लेकर अनेक कहानियां प्रचलित हैं और उन्हीं में से एक कहानी यह है कि जब चण्ड और मुंड नाम के दो राक्षस, लोगों के बीच बेहद उत्पात मचा रहे थे, तब मां 'मुंडेश्वरी' को प्रकट होना पड़ा। उनके वध के लिए माता प्रकट भी हुईं। कहा जाता है कि माता ने चण्ड नाम के राक्षस का वध कर दिया लेकिन मुंड नाम का राक्षस पहाड़ी पर आकर छुप गया। उसी को ढूंढते ढूंढते माता इस पहाड़ी पर आई और यहीं आकर उन्होंने मुंड नाम के राक्षस का वध किया। इसीलिए इस मंदिर को 'मुंडेश्वरी माता मंदिर' भी कहा जाता है।

## पर्यटन



# प्राकृतिक छटाओं के बीच स्थिति है फूलों की घाटी करती है सैलानियों का आकर्षित

फूलों का सदियों से भारतीय समाज में विशेष महत्व रहा हैं। पुष्प की अभिलाषा नामक कविता में कविवर माखनलाल चतुर्वेदी ने जिस सुंदरता से वर्णित किया है वह फूलों के प्रति हमारे अनुराग की भावनाओं को ही व्यक्त करता हैं। देवताओं के शीश पर चढ़कर उनका श्रृंगार करते हैं और हमारी धार्मिक अभिव्यक्ति बनते हैं। गुलाब के फूल अपने रंगों से प्रेम, प्यार, दोस्ती के प्रतीक बनते हैं। फूल माला में गूंथ कर अतिथि का स्वागत करते हैं। मोगरे की लड़ी नारी की चोटी से लिपट कर श्रृंगारित करता हैं। अवसर चाहे सामाजिक हो, धार्मिक या कोई और सजावट में फूलों की सज्जा के बिना बात बनती नहीं। फूलों का महत्व, रंग-रूप, सुंदरता ही हैं कि सज्जा के लिए इन्हें विदेशों से मंगवाया जाता हैं। हाल ही में अयोध्या में श्रीराम मंदिर का शिलान्यास कार्यकम ताजा सबूत है जब सजाने के लिए फूल विदेश से मंगवाये गये। रंगबिरंगे विभिन किस्मों के सुंदर फूल हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। फूलों की चर्चा के दौरान हम सैर करते हैं एक ऐसे स्थल की जिसे फूलों की घाटी कहा जाता है। भारत के अनेक खूबसूरत प्राकृतिक स्थलों में फूलों की घाटी नामक स्थल अपनी भौगोलिक स्थिति, हरे भरे लंबे-चौड़े अल्पाइन घास के सुंदर मैदान, कई प्रजातियों एवं किस्मों के रंगबिरंगे फूलों से महकती हैं, जो इन दिनों सैलानियों के आकर्षण के केंद्र बनी हुई हैं। यहां लहराते, महकते, शोभा बिखरते अनेक रंगों, किस्मों, प्रकार के फूलों की यह घाटी किसी दूसरी दुनिया की सैर कराने के आभासी सम्मोहन से भरपूर हैं। यह बात अलग है कि कोरोना के माहौल में सैलानियों की आवक बहुत कम हैं। फूलों की नयाभिराम घाटी तीन किलोमीटर लंबी एवं आधा किलोमीटर चौड़ी है। यह उद्यान 87.50 किलोमीटर क्षेत्रफल में है। यह रमणीक घाटी नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान का एक हिस्सा है जिसे यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति ने 1982 में प्राकृतिक श्रेणी में विश्व धरोहर घोषित किया। हिमालय क्षेत्र पिंडर घाटी या पिंडर वेली के नाम से भी जाना जाता है।

# बीडीओ पद पर चयनित राधा लोधी का लोधी समाज ने किया सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भवानीगंज निवासी राम दयाल लोधी की पुत्री कुमारी राधा लोधी ने पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उनका चयन खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के पद पर हुआ है। गरीब किसान परिवार से आने वाली राधा लोधी ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के संघर्ष, गुरुजनों के मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम को दिया। परिवार ने खेती और मजदूरी कर उनकी पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। राधा की इस उपलब्धि से पूरे परिवार, समाज और जिले में खुशी की लहर है। माता-पिता अपनी बेटी की सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

रविवार को लोधी समाज के लोगों ने राधा लोधी के घर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर सर्वोदय इंटर कॉलेज विशुनुपर के प्रधानाचार्य प्रेम चंद्र लोधी, राकेश लोधी, डॉ. अनिल लोधी, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अजय सिंह लोधी, राघवेन्द्र लोधी, एडवोकेट रमाकांत लोधी, राम अक्षयवर लोधी तथा धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने राधा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उपाध्याय पर चर्चा !प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सीतादेवी पीजी कॉलेज में भाजपा की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। इसमें कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा और योजनाओं की जानकारी दी गई। पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अल्का मिश्रा, अवधेश शुक्ला, संदीप रावत, संतोष पांडे, संदीप वर्मा 'पिंटू', अमित भैया राम जी, नागेंद्र प्रताप सिंह, नीरज वर्मा, अमरेंद्र सिंह 'बबलू', दुर्गेश दीक्षित, अखिलेश सिंह, अनिल कनौजिया, अभिषेक शुक्ला, अनिरुद्ध शुक्ल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धमकी! प्रेम विवाह के लिए टावर पर चढ़ा युवक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। बड्डूपुर क्षेत्र निवासी एक युवक जिला मुख्यालय मैं आवास विकास स्थित बीएसएनल के सबसे बड़े टावर पर चढ़ गया। वहींसे उसने अपने परिवार , वह प्रेमिका के परिवार को सूचना दी की हमारी शादी करो अन्यथा आम आत्महत्या कर लेंगे। इधर आवास विकास कॉलोनी में आते-जाते लोगोंने कई सौ गज ऊंचाई पर चढ़े युवक को देखा तो हलचल मच गई। धीरे-धीरे फायरब्रिगेड वाकई थानों की पुलिस भी एकत्रित हुई। आने जाने वाले मार्ग पर जाम लग गया अफरा तफरी मच गई। साइकोलॉजी महिलाएं तरह-तरह की बातें करती दिखाई दी। साइन कल जब वह स्वयं नीचे उतरा तो पुलिस ने राहत की सांस ली। युवक की पहचान नितिन रावत के रूप में हुई। प्रेमिका देव क्षेत्र की निवासी बताई जा रही है।

# प्रशिक्षण अभियान के तहत एक दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत मूर्त स्वामी आश्रम बड्डूपुर में निंदूरा और बड्डूपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं का 24 घंटे का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही राजनीति का उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को हर जरूरतमंद तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में दीनदयाल उपाध्याय के ल्लएकात्म मानववादङ्क और अंत्योदय सिद्धांत पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया कि विकास केवल भौतिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। द्वितीय दिन विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा और आशुतोष अवस्थी ने कहा कि जिन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है उनका चिन्हांकन कर लाभ दिलाया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, प्रदीप रावत, दिनेश तोमर, श्रीश रावत, राम कुमार गिरी, विशाल सिंह, नीरज कुमार, राजेश सिंह, योगेंद्र पटेल, सुनील रावत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अराफात ने गिनायी भाजपा की विफलता, भ्रष्टाचार, अखिलेश कर रहे हैं संघर्ष

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी की पीडीए जन चौपाल में विधायक गौरव रावत ने भाजपा सरकार पर विकास कार्य ठप होने, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए अखिलेश यादव संघर्ष कर रहे हैं। पूर्व प्रमुख यासिर अराफात किदवाई ने भी भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की। कार्यक्रम में पप्पू वर्मा, रिजवान संजय, मोहम्मद उबेद शानू, शीलम वर्मा, शरीफ प्रधान, फारूक प्रधान, जितेंद्र वर्मा, मास्टर प्रेम वर्मा, ताजुद्दीन अंसारी, शाहिद अली, पिंकू सैनी, लवकुश वर्मा, इसरार प्रधान, अवध राम वर्मा, कामिल अली, फकीर अली अंसारी, गुड्डू मौर्य, सुशील वर्मा, परसराम वर्मा, वीरपाल वर्मा, केदार यादव, मास्टर सलमान, राम अचल विश्वकर्मा, नितेश यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम तहसीलदार ने किया बूथों का निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज व तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने पंचायत चुनाव को लेकर बूथों का निरीक्षण किया तथा आंधी-पानी से गेहूं फसल के नुकसान का जायजा लिया। अरियामऊ, इंटोरा व श्यामनगर में सर्वे किया गया। तहसील परिसर में तालाब के पास सफाई भी कराई गई। इस दौरान सूर्य प्रकाश दीक्षित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से महिला की मौत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। चौकाघाट रेलवे क्रॉसिंग के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार महिला व उसका पुत्र घायल हो गए। घायल विनीता (32) की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि सात वर्षीय पुत्र का उपचार जारी है।

## हाई टेंशन लाइन चिंगारी से किसानों की फसलें राख

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत विभाग की लापरवाही से ग्राम रहरामऊ में हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने किसान की गेहूं की फसल को आग के हवाले कर दिया। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब 4 बीघा फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने समरसेबुल पम्प व जुताई कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। सपा विधायक प्रतिनिधि रिजवान संजय ने आरोप लगाया कि खेतों के बीच से गुजर रही 11 हजार लाइन के ढीले तार और जर्जर उपकरणों के कारण पहले भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन विभाग ने ध्यान नहीं दिया, जिसके चलते यह नुकसान हुआ।

## ई-रिक्शा ! बन गए जी का जंजाल

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर क्षेत्र में ई-रिक्शा का दुरुपयोग बढ़ गया है। सवारी की जगह माल ढुलाई हो रही है और कई नाबालिग चालक बिना लाइसेंस वाहन चला रहे हैं। मनमाना किराया वसूलने और चौराहों पर अव्यवस्था से लोगों को परेशानी हो रही है।

## आसिफ हत्याकांड का खलासा आरोपी गिरफ्तार

मसौली बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय आसिफ की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 घंटे में 4 आरोपियों—तौफीक, अकील, शाहरुख और फैज को गिरफ्तार कर लिया। प्रेम प्रसंग के विवाद में हत्या की घटना सामने आई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा व मोटरसाइकिल बरामद की।

## डबल डेकर में घुसी डीसीएम बाल बाल बच्चे यात्री

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर डबल डेकर बस में पीछे से मिनी डीसीएम घुस गई। बस में सवार 58 यात्री सुरक्षित रहे। डीसीएम चालक सद्दाम (मेरठ) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल रेफर किया गया।

## दो युवकों की असमय मौत, पीड़ित परिवारों से मले विधायक

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। दो अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत। गौरभारी निवासी 20 वर्षीय संदीप चौहान मूर्ति स्वामी आश्रम क तालाब में डूबने से मौत। तिगैया निवासी 34 वर्षीय अमित कुमार की लखनऊ जाते समय सड़क हादसे में मौत। पीड़ित परिवारों से मिलकर विधायक शाकेंद्र प्रताप वर्मा ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी और सहायता का आश्वासन दिया।

## जहाँनगंज थानाध्यक्ष राजेश राय लाइन हाजिर

फर्रुखाबाद ।उत्तरप्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में रविवार को एसपी आरती सिंह ने जहानगंज थानाध्यक्ष राजेश राय को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर मॉनिटरिंग सेल की प्रभारी निरीक्षक पूनम अवस्थी को प्रभारी निरीक्षक पद पर तैनाती दी है। पुलिस लाइन से निरीक्षक मोहम्मद कामिल को एएचटीयू का प्रभारी बनाया है। एसपी आरती सिंह का क़ानून व्यवस्था को चुस्त व दुरुस्त बनाने के लिए एक्शन लगातार जारी है।

## बाबू जगजीवन राम की जयंती पर कंग्रेसियों ने किया नमन, सामाजिक न्याय का लिया संकल्प

मीरजापुर। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मिशन कंपाउंड में रविवार को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रवक्ता मिन्हाज अहमद छोटे खान ने कहा कि बाबू जगजीवन राम भारत के महान दलित नेता, स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक थे।

# मादूपुर मजरे बीबीपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी सिद्धौर क्षेत्र के मादूपुर मजरे बीबीपुर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक सिद्धि वाला ने दिन की कथा में बताया कि दुर्योधन और पांडव के बीच युद्ध केवल राज्य का नहीं, बल्कि धर्म और अधर्म की लड़ाई थी। जब अधर्म बढ़ता है तो उसका अंत निश्चित होता है—यही संदेश महाभारत हमें देता है। पांडवों के पुत्रों की हत्या का मार्मिक प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने शाम की कथा में ल्लकलयुग महाराजङ्क के उदाहरण के जरिए समझाया कि आने वाले समय में लोग सत्य से दूर होते जाएंगे, रिश्तों में स्वार्थ बढ़ेगा और धर्म केवल दिखावा बनकर रह जाएगा। लेकिन जो व्यक्ति भगवान का नाम लेता रहेगा, वह इस कठिन समय में भी सुरक्षित रहेगा। परीक्षित का जन्म चमत्कारिक था—वे अपनी माता के गर्भ में ही भगवान की कृपा से बच गए थे। लेकिन एक बार उन्होंने भूलवश एक ऋषि का अपमान कर दिया, जिसके कारण उन्हें श्राप मिला कि सात दिन में उनकी मृत्यु हो जाएगी। जब यह बात सामने आई तो परीक्षित महाराज ने सब कुछ त्यागकर भगवान को पाने का मार्ग चुना। तब महान संत शुकदेव मुनि ने उन्हें सात दिनों तक भागवत कथा सुनाई और भक्ति का मार्ग बताया। उन्होंने समझाया कि जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य भगवान की शरण में जाना है।

## अखंड पाठ से शुरू हुआ गुरु तेग बहादुर का प्रकाशोत्सव

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश में मीरजापुर जिले के अहरौरा नगर पालिका क्षेत्र के पट्टी खुर्द स्थित गुरुद्वारा में रविवार को नौवें सिख गुरु गुरु तेग बहादुर का 78वां प्रकाशोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल अखंड पाठ साहिब के साथ की गई। सुबह लगभग पांच बजे गुरुद्वारा से प्रभात फ़ेरी निकालकर नगर कीर्तन किया गया। यह यात्रा चौक बाजार, गंज और खड़ंजा समेत विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा पहुंची। नगर कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरुवाणी का पाठ करते हुए पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात गुरुद्वारा परिसर में जसवंत सिंह, अनमोल सिंह, तरन सिंह, जसवीर सिंह और महा सिंह द्वारा अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव से कार्यक्रम में शामिल होकर सेवा में जुटे रहे। शाम को रहिरास साहिब का पाठ, आरती एवं शब्द कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे और अंत में प्रसाद वितरण किया जाएगा। पूरे आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## सीता नवमी पर जन-जन तक पहुंचेगा माता सीता का आदर्श : डॉ सीमा जादौन

कानपुर। सीता नवमी के जरिए माता सीता के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। पूरे कानपुर प्रांत में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर समाज में संस्कार और मूल्यों का संदेश दिया जाएगा। युवा पीढ़ी, खासकर बेटियों और महिलाओं के सामने उनके जीवन चरित्र को प्रभावी रूप से रखा जाएगा। नारी शक्ति, धैर्य और मर्यादा के स्वरूप को समाज में पुनर्स्थापित करने का प्रयास होगा। यह बातें रविवार को प्रांत संयोजिका डॉ. सीमा जादौन ने कही। विश्व हिन्दू परिषद् कानपुर प्रांत के प्रांत कार्यालय, श्री दुर्गा भवन, गोविंदनगर में मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की प्रांत टोली और विभाग बैठक आयोजित की गई। जिसमें सीता नवमी को व्यापक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूरे कानपुर प्रांत में 500 कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई। बैठक में डॉ. सीमा जादौन ने कहा कि माता सीता भारतीय संस्कृति में त्याग, तपस्या, धैर्य, शील, मर्यादा, करुणा, स्वाभिमान, सेवा और समर्पण की प्रतीक हैं। उनका जीवन समाज और परिवार के लिए एक आदर्श मार्ग प्रस्तुत करता है, जिसे वर्तमान समय में अपनाने की आवश्यकता है।

# बेरोजगार युवाओं को सरकार रोजगार उपलब्ध कराए : संजय सिंह

हाथरस। आम आदमी पार्टी (आआप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को सरकार रोजगार उपलब्ध कराए। अगर रोजगार नहीं दे पा रही है तो हर माह 10 हजार रुपये का बेरोजगारी भत्ता दे।

आम आदमी पार्टी (आआप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की रोजगार पदयात्रा रविवार को आगरा अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए सादाबाद पहुंची। यहां पर गुरसौटी समेत कई गांवों में आप नेताओं का स्वागत किया गया। पत्रकारों से बातचीत में सांसद संजय सिंह ने युवाओं की बेरोजगारी, संविदा कर्मियों के स्थायीकरण और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

संजय सिंह ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं के लिए रोजगार की मांग को बुलंद करना है। प्रदेश में बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार हैं और नौकरी मांगने पर उन्हें लाठियां व मुकदमों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाए, अन्यथा हर माह 10 हजार का बेरोजगारी भत्ता दिया जाए।

राज्यसभा सांसद ने आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कर्मचारियों और शिक्षामित्रों की समस्याओं का भी जिक्र किया, जो लंबे समय से अपनी नौकरी स्थायी करने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने किसानों और रेहड़ी-पटरी कारोबारियों की समस्याओं को भी पदयात्रा का एक महत्वपूर्ण मुद्दा बताया। पत्रकारों के सवालों के जवाब में संजय सिंह ने कहा कि सरकारें देश को मूल मुद्दों से भटकाने का काम कर रही है।

सरकार शिक्षा, अस्पताल, महंगाई, किसानों की फसल के दाम, गैस सिलेंडर तथा रोजगार जैसे बुनियादी सवालों पर जवाब देने से बच रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जाति-धर्म और हिंदू-मुस्लिम के नाम पर समाज में नफरत फैलाकर वोट लेने की राजनीति की जा रही है। उन्होंने बताया कि पदयात्रा का चौथा चरण आगरा से मथुरा तक निकाला जा रहा है। इस चरण का उद्देश्य युवाओं को रोजगार दिलाना और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाना है।

# विश्व हिंदू परिषद की बैठक संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। संगठन एवं कार्य के दृष्टि से अभ्यास वर्ग कार्यकर्ताओं के लिए आवश्यक है। संगठनात्मक कार्य के प्रति कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर लखपेड़ाबाग में चल रहे दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग के संवाद एवं समापन सत्र में कहीं। समाज एवं युवाओं के कार्य के लिए कार्यकर्ता आदर्श बने। युवा सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचें। कार्य क्षमता और अभिरुचि के अनुरूप कार्यकर्ता के कार्य का निर्धारण हो। हिंदू लड़कियां लव जिहाद में ना पड़ कर राष्ट्र उत्थान के कार्य में लगे। बजरंग दल दुर्गा वाहिनी का शौर्य समाज में दिखे। गौ आधारित खेती गौ रक्षा की महत्वपूर्ण कड़ी है। अवसर पर पूर्णकालिक प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख धर्मेंद्र सिंह,विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश,जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य,जिला मंत्री राहुल कुमार कमलेश तुलसीराम रमाकांत उदय प्रताप शिव शंकर ज्ञानेश्वरी राजेंद्र जायसवाल अमित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव

फतेहपुर बाराबंकी। मुडौली गांव के पास रेलवे ट्रैक किनारे करीब 25 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस को कोई पहचान संबंधी सुराग नहीं मिला। आरपीएफ को सूचना दी गई है। प्रारंभिक तौर पर ट्रेन से गिरकर मौत की आशंका जताई गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की बात कही है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा केवीपी में खाता खुशी पुत्री ब्रजेश कुमार शुक्ला के नाम से खुला था जबकि मेरे मूल दस्तावजों में मेरा नाम शिप्रा शुक्ला पुत्री ब्रजेश कुमार शुक्ला दर्ज है ये दोनों नाम मेरे है अतः मुझे शिप्रा शुक्ला नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

प्रार्थनी- शिप्रा शुक्ला उर्फ खुशी, पुत्री ब्रजेश कुमार शुक्ला, ग्राम व पोस्ट सेमरौता तिलोई, जिला अमेठी

# फॉर्म में चल रहे पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत का खाता खोलने उतरेंगे नाइट राइडर्स

एजेंसी

कोलकाता। मुश्किलों में घिरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सोमवार को यहां फॉर्म में चल रहे पंजाब किंग्स के खिलाफ जब मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने अंकों का खाता खोलने पर टिकी होंगी। तीन बार की चैंपियन टीम अपने शुरुआती संघर्ष के लिए शीर्ष तेज गेंदबाजों पेसर मुस्ताफिजुर रहमान, हर्षित राणा, आकाश दीप और मथीशा पथिराना की गैरमौजूदगी को जिम्मेदार ठहरा सकती है लेकिन बड़ा मुद्दा टीम की गलत रणनीति है जिसके कारण टीम ने अब तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं। टीम को 2024 में उसे खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) नहीं करने का भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अय्यर ने 2025 में अपनी अगुआई में




पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाकर खुद को साबित किया है और तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी ऽ दिल्ली कैपिटल्स (2020), नाइट राइडर्स (चैंपियन 2024) और पंजाब किंग्स (2025) ऽ को फाइनल तक पहुंचाने वाले पहले कप्तान बने। इसके उलट नाइट राइडर्स का पिछला सत्र बहुत खराब रहा और 2009 के बाद पहली बार वह आठवें स्थान पर रही। टी20 में खराब फॉर्म में होने के बावजूद कप्तान के तौर पर लाए गए अजिंक्य रहाणे ने सबसे अधिक रन बनाकर कुछ हद तक आलोचकों को चुप करा दिया लेकिन चंद्रकांत पंडित की जगह अभिषेक नायर को मुख्य कोच बनाने जैसे टीम के फैसलों पर सवाल उठ रहे हैं। नायर इस साल की महिला प्रीमियर लीग में यूपी वारियर्स के कोच थे और टीम अंतिम पायदान पर रही थी। उनकी उलझी हुई रणनीति टीम संयोजन में साफ नजर आती है। न्यूजीलैंड के तीन शीर्ष खिलाड़ियों फिन एलेन, टिम सीफर्ट और रचिन रविंद्र के टीम में होने के बावजूद नाइट राइडर्स की टीम उनका सही इस्तेमाल करने में नाकाम रही है। इनमें से सिर्फ एलेन को मौका मिला है जबकि पिछले टी20 विश्व कप में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज सीफर्ट और स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रविंद्र बेंच पर ही बैठे हैं। इसके बजाय नाइट राइडर्स ने कमजोर प्रदर्शन के बावजूद सुनील नारायण को एकादश में बनाए रखा है जो 2012 से फ्रेंचाइजी के नियमित खिलाड़ी हैं। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के शामिल होने से स्थिति और मुश्किल हो गई है जिन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजी करने से रोक दिया है। इससे टीम में दो विदेशी खिलाड़ी ऐसे हैं जो पूरी तरह से योगदान नहीं दे पा रहे हैं। इसके अलावा रोवमैन पावेल भी बाहर हैं जिससे टीम के चयन फैसलों पर सवाल उठ रहे हैं। नाइट राइडर्स की गेंदबाजी चिंता का विषय थी लेकिन बल्लेबाजों ने भी काफी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। रहाणे के सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरने से मिले-जुले नतीजे मिले हैं लेकिन पांचवें नंबर के बाद बल्लेबाज क्रम कमजोर दिख रहा है। अपने पहले घरेलू मैच में नाइट राइडर्स की टीम सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 227 रन का पीछा करते हुए सिर्फ 16 ओवर में 161 रन पर सिमट गई थी। निचले मध्य क्रम में रमनदीप सिंह और अनुकूल रॉय तेजी से रन बनाने में नाकाम रहे हैं जबकि नारायण को आठवें नंबर पर भेजना रणनीति में कमजोरी को दर्शाता है। अय्यर की अगुआई में पंजाब ने अब तक अपने दोनों मैच जीते हैं। युवा कूपर कोनोली ने दो मैच में 108 रन बनाकर तीसरे नंबर पर प्रभावित किया है जबकि प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को अच्छी शुरुआत दी है।

## टाइटन्स के खिलाफ साहसिक फैसलों और जीत से रियान पराग का आत्मविश्वास बढ़ेगा, पठान ने कहा

एजेंसी

अहमदाबाद। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि राजस्थान रॉयल्स की गुजरात टाइटन्स पर रोमांचक जीत के दौरान डेथ ओवरों में रियान पराग के साहसिक फैसलों से नेतृत्वकर्ता के तौर पर उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। मौजूदा सत्र में रॉयल्स की कप्तानी संभालने वाले पराग ने आखिरी पलों में एक अहम रणनीति फैसला करते हुए जोफ्रा आर्चर को 19वां और तुषार देशपांडे को आखिरी ओवर सौंपा। पठान ने कहा, ''यह अब तक का सत्र का सबसे अच्छा मैच था। राजस्थान के लिए यह बहुत जरूरी था कि रियान पराग टीम की कप्तानी करते हुए वह सम्मान हासिल करें। उन्होंने कहा, ''उन्होंने आखिरी ओवर में वह मुश्किल फैसला लिया और वह फैसला राजस्थान के पक्ष में गया जिससे उन्हें एक नेतृत्वकर्ता के तौर पर बहुत आत्मविश्वास मिलेगा। वह 19वां ओवर फेंकने के लिए जोफ्रा आर्चर के पास गए क्योंकि आम तौर पर आप आखिरी से पहले वाले ओवर में अपने सबसे अधिक अनुभवी गेंदबाज के साथ जाते हैं। आर्चर ने एक शानदार ओवर फेंककर इस कदम को सही ठहराया। आर्चर ने सिर्फ चार रन दिए जिसके बाद देशपांडे ने अंतिम ओवर में 10 रन का बचाव किया और रॉयल्स ने टाइटन्स को छह रन से हरा दिया। टाइटन्स की टीम रन बनाने के लिए अपने शीर्ष क्रम पर काफी निर्भर है और भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि रॉयल्स के खिलाफ शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में साई सुदर्शन ने अच्छा प्रदर्शन किया। पारी की शुरुआत करते हुए सुदर्शन ने 44 गेंद में 73 रन बनाकर 211 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही टीम को ठोस मंच दिया। अश्विन ने कहा, ''साई सुदर्शन जानते थे कि शुभमन आज नहीं खेल रहे हैं इसलिए उन्हें जिम्मेदारी संभालनी पड़ी। जिस तरह से उन्होंने शुरुआत की उससे पता चलता है कि वह अपनी ताकत समझते हैं। उन्होंने गति का अच्छा इस्तेमाल किया। गेंद को थर्ड मैन की तरफ दिशा दिखाई और फिर फ्रंट फुट पर कुछ अच्छे कवर ड्राइव खेले।''

## बेन स्टोक्स का खिलाड़ियों को संदेश- काउंटी में प्रदर्शन से बनाएं चयन का रास्ता

एजेंसी

नई दिल्ली। इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने खिलाड़ियों से चल रहे काउंटी चैंपियनशिप सीजन में इंग्लैंड टीम में जगह पाने के लिए अपना दावा मजबूत करने का आग्रह किया है। इंग्लैंड की टीम एक बहुप्रतीक्षित घरेलू सीजन की तैयारी कर रही है। ऐसे में टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि मौजूदा घरेलू रेड-बॉल सीजन खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय टीम में चयन का रास्ता है। आईसीसी के अनुसार स्टोक्स ने काउंटी चैंपियनशिप के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि यह देश भर के खिलाड़ियों के लिए एक शानदार मौका है। उन्होंने कहा कि जब हम ऑस्ट्रेलिया में थे, उसी समय लायंस टीम भी वहां थी, तो आप देख सकते हैं कि उस सिस्टम से कौन-कौन से खिलाड़ी उभरकर आ



रहे हैं। स्टोक्स ने कहा कि इंग्लैंड में जो प्रतिभा है, उस पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता है। हमारे पास खिलाड़ियों का जो पूल है, जो प्रतिभा है, वह शायद लंबे समय में सबसे मजबूत है। स्टोक्स के काउंटी चैम्पियनशिप में डरहम के लिए खेलने की उम्मीद थी, लेकिन वह फिलहाल टूटी हुई गाल की हड्डी से उबर रहे हैं, जो उन्हें फरवरी में नेट प्रैक्टिस के दौरान लगी थी। इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर के मई तक मैदान पर वापसी करने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि चैंपियनशिप के पहले छह-सात हफ्ते बहुत महत्वपूर्ण होने वाले हैं। खिलाड़ियों को इसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए और चयन के लिए अपना दावा जितना मजबूत हो सके, उतना मजबूत करना चाहिए।

## भारतीय निशानेबाज ग्रेनाडा विश्व कप में अपनी छाप छोड़ने को तैयार

एजेंसी

ग्रेनाडा (स्पेन)। भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाज सोमवार से यहां होने वाले सत्र के शुरुआती आईएसएसएफ विश्व कप में पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे।

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए विश्व कप का पिछला सत्र शानदार रहा था, जहां उन्होंने लगभग हर प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए नए मानदंड स्थापित किए। मोरक्को में आयोजित शॉटगन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद भारतीय निशानेबाजों का सारा ध्यान पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं पर केंद्रित है। भारत का पिस्टल और राइफल से जुड़ी स्पर्धाओं में पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। टीम नए सिरे से जीत की मानसिकता के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक होगी, जिसे ओलंपियन रिदम सांगवान, अंजुम



मौदगिल और मेहुली घोष सहित देश के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों की उपस्थिति से बल मिलेगा। टीम को हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और विश्व चैंपियन सम्राट राणा के अनुभव की कमी खलेगी, क्योंकि वे दल का हिस्सा नहीं हैं। राष्ट्रीय महासंघ की रोटेशन नीति के तहत राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों को हुनर दिखाने का मौका सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी पिस्टल निशानेबाज भाकर, सुरुचि इंदर सिंह और सम्राट राणा सहित अन्य खिलाड़ी मई में म्यूनिख में होने वाले पिस्टल और राइफल विश्व कप में भाग लेंगे। सत्र के शुरुआती विश्व कप में भाग लेने वाली टीम में हालांकि सितारों की कोई कमी नहीं है। इनमें पिस्टल निशानेबाज संगवान पिछले दो वर्षों में विश्व कप में पदक से चूकने के सिलसिले को पीछे छोड़ने के साथ एशियाई खेलों में चयन के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के उद्देश्य से पोडियम पर जगह बनाने के लिए उत्सुक होंगी। अनुभवी राइफल निशानेबाज अंजुम और मेहुली भी पिछले निराशाजनक प्रदर्शन के बाद नए सत्र में उतर रही हैं और इस महत्वपूर्ण वर्ष में एक मजबूत छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगी। इसी तरह, 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा की विशेषज्ञ अंजुम निराशाजनक सत्र के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक होंगी। इस साल की शुरुआत में दिल्ली में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में उनका कांस्य पदक उन्हें विश्व कप से पहले आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है। टीम का सबसे उत्साहजनक पहलू लगभग तीन साल बाद मूक एवं बधिर 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज धनुष श्रीकांत की विश्व कप टीम में वापसी है।

## बीते वित्त वर्ष में अमूल का कारोबार 11 प्रतिशत बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये के पार

एजेंसी

नयी दिल्ली, पांच अप्रैल (भाषा) डेयरी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमूल ने रविवार को कहा कि डेयरी उत्पादों की बेहतर मांग के कारण पिछले वित्त वर्ष (2025-26) के दौरान उसका कुल कारोबार 11 प्रतिशत बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फ़ेडरेशन लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में अमूल ब्रांड का कुल कारोबार एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। बयान में आगे कहा गया, ङ्क2024-25 के 90,000 करोड़ रुपये की तुलना में अमूल ब्रांड के कुल राजस्व में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अमूल ब्रांड के तहत उत्पाद बेचने वाली संस्था जीसीएमएमएफ का कारोबार बीते वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 65,911 करोड़ रुपये से 11.4 प्रतिशत बढ़कर 73,450 करोड़ रुपये हो गया। जीसीएमएमएफ ने कहा, ङ्कयह उछाल 1,200 से अधिक उत्पाद पैक के विशाल पोर्टफोलियो, विस्तृत वितरण नेटवर्क और आधुनिक उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुरूप तेजी से ढलने की क्षमता के कारण संभव हुआ है। संबंधित जिलों की 18 सदस्यीय जिला सहकारी समितियां अमूल ब्रांड के तहत उत्पाद बेचती हैं। इन 18 जिला सहकारी समितियों का कारोबार जीसीएमएमएफ के राजस्व में शामिल नहीं होता है। जीसीएमएमएफ के चेयरमैन अशोकभाई चौधरी ने कहा, एक लाख करोड़ रुपये के ब्रांड कारोबार को पार करना करोड़ों उपभोक्ताओं के विश्वास और हमारे 36 लाख डेयरी किसानों की अथक मेहनत का प्रमाण है। जीसीएमएमएफ के वाइस चेयरमैन गोवर्धनभाई धमेलिया ने कहा, ङ्कएक लाख करोड़ रुपये के मील के पत्थर तक पहुंचने की हमारी यात्रा सहकारी भावना की एक निर्णायक जीत है। अपने मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करके, हम यह साबित कर रहे हैं कि 'अमूल मॉडल' आर्थिक लोकतंत्र का बेहतरीन प्रतीक है।

## सर्राफा बाजार में सोने के भाव में सांकेतिक गिरावट, चांदी के भाव में मामूली उछाल

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना के भाव में सांकेतिक कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज मामूली तेजी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,50,930 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,51,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोना आज 1,38,350 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,38,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में मामूली तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु आज 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना की कीमत में मजबूती दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की



कीमत में 2,860 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 2,600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। चांदी के भाव में पूरे सप्ताह लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। इस उतार चढ़ाव के बीच चांदी पिछले सप्ताह के भाव की तुलना में पांच हजार रुपये प्रति किलोग्राम की उछाल हासिल करने में सफल रहा। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,51,080 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,50,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,50,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,50,930 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,38,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,50,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,50,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## जनवरी-मार्च में शीर्ष सात शहरों में घरों की कीमतों में मामूली वृद्धि: एनारॉक

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच नकारात्मक उपभोक्ता धारणा के कारण बिक्री में आई गिरावट से देश के शीर्ष सात आवास बाजारों में जनवरी-मार्च अवधि के दौरान औसत कीमतों में पिछली तिमाही की तुलना में केवल दो प्रतिशत की मामूली वृद्धि देखी गई। संपत्ति के बारे में परामर्श देने वाली कंपनी एनारॉक की रिपोर्ट में यह बात कही गई। एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, सात प्रमुख शहरों में घरों की औसत कीमतें जनवरी-मार्च में बढ़कर 9,456 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं, जो पिछली तिमाही में 9,260 रुपये प्रति वर्ग फुट थीं। सालाना आधार पर, कीमतों में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जनवरी-मार्च, 2025 में 8,868 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। एनारॉक सात प्रमुख शहरों के प्राथमिक (पहली बिक्री) आवास बाजारों पर निगरानी रखता है। इन शहरों में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता शामिल हैं। एनारॉक ने बताया कि इन शहरों में वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च अवधि में घरों की बिक्री में पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में मात्रा में सात प्रतिशत और मूल्य में छह प्रतिशत गिरावट आई। इस कारण कीमतें अधिकांशतः नियंत्रण में रहीं। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में औसत आवास मूल्य जनवरी-मार्च में तीन प्रतिशत बढ़कर 9,620 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गया, जो पिछली तिमाही में 9,300 रुपये प्रति वर्ग फुट था। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 8,330 रुपये प्रति वर्ग फुट था, जिसमें सालाना आधार 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुंबई महानगर क्षेत्र में वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान दरें बढ़कर 17,600 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 16,900 रुपये प्रति वर्ग फुट थी।

## वैश्विक कारकों, आरबीआई के बयान से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी

मुंबई। बीते सप्ताह गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में वैश्विक कारकों के साथ रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी बयान से शेयर बाजार को दिशा मिलेगी। निवेशकों की नजर फिलहाल मुख्य रूप से ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया संकट पर बनी हुई है। इसका फिलहाल कोई हल निकलता नहीं दिख रहा। इससे निवेश धारणा कमजोर बनी हुई है। इसके अलावा, रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की गत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद पहली बैठक 06 अप्रैल को शुरू हो रही है। बैठक के फैसलों का भी बाजार पर असर दिखेगा। पिछले सप्ताह 31 मार्च को महावीर जयंती और 03 अप्रैल को गुड फ्राइडे के अवकाश के कारण बाजार में तीन दिन ही कारोबार हुआ। इसमें सोमवार को प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट रही जबकि बुधवार और गुरुवार को प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स सप्ताह के दौरान कुल 263.67 अंक (0.36 प्रतिशत) टूटकर गुरुवार को 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 106.50 अंक यानी 0.47

### शेयर समीक्षा



प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 22,713.10 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.82 प्रतिशत टूट गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक लगभग अपरिवर्तित रहा। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर टूट गये। सनफार्मा में सबसे अधिक 5.62 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 4.23 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.85, बजाज फिनसर्व का 3.18, भारती एयरटेल का 2.86, बजाज फाइनेंस का 2.13 और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.13 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। पावरग्रिड का शेयर 1.88 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का 1.72 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.47 प्रतिशत टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, इटरनल, एक्सिस बैंक और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर लाल निशान में रहे। ट्रेंट में सबसे अधिक 4.52 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गयी। बीईएल का शेयर 4.14 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 3.63, अडानी पोर्ट्स का 2.97, टाइटन का 2.92, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2.80 और टीसीएस का 2.59 प्रतिशत ऊपर रहा। इंफोसिस का शेयर 2.40 प्रतिशत, इंडिगो का 2.30, मारुति सुजुकी का 1.97 और एलएंडटी का 1.34 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में भी तेजी रही।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 64,734 करोड़ रुपये घटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 64,734.46 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 263.67 अंक या 0.35 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 106.5 अंक या 0.46 प्रतिशत के नुकसान में रहा। यह लगातार छठा सप्ताह है जबकि बाजार नुकसान में रहा है। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 29,993.07 रुपये करोड़ घटकर 10,20,420.26 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 12,845.81 करोड़ रुपये घटकर 8,70,705.49 करोड़ रुपये रह गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 11,169.36 करोड़ रुपये कम होकर 5,14,226.12 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 7,822.79 करोड़ रुपये घटकर 11,56,195.90 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 2,349.59 करोड़ रुपये घटकर 4,85,190.60 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 553.84 करोड़ रुपये घटकर 9,41,015.31 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के उलट टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 22,359.78 करोड़ रुपये बढ़कर 8,87,028.43 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का पूंजीकरण 12,374.76 करोड़ रुपये बढ़कर 5,27,409.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 6,575.43 करोड़ रुपये बढ़कर 4,97,111.62 करोड़ रुपये हो गया।

# विधानसभा चुनावों के दौरान अब तक 650 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, सामान जब्त

एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि इस समय विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में चल रहे विधानसभा चुनावों और उपचुनाव को धन और प्रलोभन से मुक्त रखने की कार्यवाही के तहत अब तक 650 करोड़ रुपए की नकदी, शराब और अन्य वस्तुएं जब्त की गई हैं। रविवार जारी विज्ञप्ति के अनुसार कानून लागू करने वाली विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से चुनाव आयोग द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान अब तक 53.2 करोड़ रूपए की नकदी, करीब 79.3 करोड रुपए अनुमानित मूल्य की 29.64 लाख लीटर शराब, 230 करोड रुपए के नशीले पदार्थ, 58 करोड रुपए की कीमती वस्तुएं तथा मुफ्त उपहार देने के काम आने वाली 231 करोड रुपए की वस्तुएं जप्त की गई हैं। आयोग ने बताया कि पश्चिम बंगाल में 11 करोड़ रुपए की नकदी, तमिलनाडु में 30 करोड़ रुपये और केरल में 8 करोड रुपए की नगदी जप्त की गई है। असम में व्याप्त नगदी 4 करोड रुपए बताई गई है। पुडुचेरी में 20 लख रुपए नकद पकड़े गए हैं। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक अनुमानित 55 करोड रुपए की 21.29 लाख लीटर शराब और 65 करोड रुपए के अन्य मादक द्रव्य पकड़े गए हैं। तमिलनाडु में 74000 लीटर शराब और 67 करोड रुपए के मादक द्रव्यों की जब्ती की गई है। असम में 20 करोड रुपए मूल्य की 6.84 लाख लीटर शराब और 56 करोड रुपए के मादक द्रव्य पकड़े गए हैं। इसी तरह केरल में करीब 65000 लीटर शराब 41 करोड रुपए के मध्य द्रव्यों की जब्ती की गई है। मुफ्त उपहार बांटने की जब्ती के मामले में पश्चिम बंगाल 150 करोड़ रुपए की अनुमानित जब्ती के साथ सबसे ऊपर है। उसके बाद तमिलनाडु 63 करोड़ रुपये और असम 13 करोड़ का स्थान है। केरल में जप्त ऐसे सामानों का मूल्य 5 करोड़ के करीब है। आयोग न 15 मार्च को असम, केरल, केंद्र शासित पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के आम चुनाव और 6 राज्यों की 8 सीटों के लिए कार्यक्रम की घोषणा की थी। इसके साथ ही वहां आदर्श चुनाव संहिता भी लागू की गई है। इन राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र से लगे 12 राज्यों की पुलिस और प्रशासन को भी को भी चुनाव को प्रभावित करने वाली अवांछित गतिविधियों के प्रति सतर्क रहने को कहा गया है। चुनाव को हिंसा मुक्त, भय-मुक्त और प्रलोभन-मुक्त रखने के लिए 5,173 से अधिक फ्लाइंग स्क्वाड तैनात किए गए हैं गए हैं। आयोग ने चुनाव को गलत तरीके से प्रभावित करने की किसी भी कार्यवाही के खिलाफ ऐप के जरिए शिकायत की सुविधा प्रदान की है। नागरिकों की ओर से ऐसी किसी भी शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्यवाही सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है। आयोग ने चुनाव वाले क्षेत्र में तलाशी और छापे की कार्रवाई के लिए कुल 5,200 से अधिक निगरानी और कार्रवाई टीम में भी तैनात की हैं।

# ध्यान आंतरिक परिवर्तन की शुरुआत, बेहतर सोच से बेहतर बनेगी दुनिया: उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि ध्यान (मेडिटेशन) आंतरिक परिवर्तन की शुरुआत है और सकारात्मक सोच के माध्यम से ही एक बेहतर दुनिया का निर्माण किया जा सकता है। ध्यान व्यक्ति को मानसिक शांति, स्पष्टता और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में रविवार को आयोजित 'ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑफ मेडिटेशन लीडर्स-मेडिटेशन फॉर होलिस्टिक लिविंग एंड ए पीसफुल वर्ल्ड' को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने ये बातें कही।

पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज मूवमेंट और बुद्धा-सीईओ क्वांटम फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ध्यान मनुष्य के भीतर एक दीपक जलाने जैसा है, जो अज्ञानता को समाप्त कर व्यक्ति को



सत्य और शांति के मार्ग पर ले जाता है। उन्होंने तमिल संत तिरुमूलर की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मानव शरीर एक मंदिर के समान है और ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर स्थित दिव्यता को पहचान सकता है।

उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज दुनिया कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रही है। संघर्ष केवल बाहरी नहीं बल्कि व्यक्ति के भीतर भी चलता रहता है। ऐसे समय में ध्यान शांति और संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह तनाव को कम करता है, एकाग्रता को बढ़ाता है और भावनात्मक संतुलन को मजबूत बनाता है। उपराष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ध्यान केवल आध्यात्मिक साधकों के लिए ही नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के लिए उपयोगी है। यह सामान्य व्यक्ति को भी उच्च चेतना की ओर ले जाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि भौतिक सफलता की अंधाधुंध दौड़ में जीवन के मूल्यों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और ध्यान इस संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है।

'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक विकास के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता देना आवश्यक है। इस दिशा में ध्यान एक प्रभावी माध्यम साबित हो सकता है। युवाओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ध्यान नशा मुक्ति का एक सशक्त साधन बन सकता है। यह तनाव, चिंता और दिशाहीनता को दूर कर युवाओं को सही मार्ग पर ले जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि बिना मूल्यांकन के अवलोकन करना ही उच्चतम बुद्धिमत्ता है और ध्यान व्यक्ति को यह क्षमता प्रदान करता है। कार्यक्रम में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पूर्व महानिदेशक डीआर कार्तिकेयन, परमार्थ निकेतन आश्रम ऋषिकेश के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, क्वांटम लाइफ यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. न्यूटन कोंडावेटी, बुद्धा-सीईओ क्वांटम फाउंडेशन के संस्थापक चंद्र पुलामारसेट्टी और पिरामिड स्पिरिचुअल ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय भास्कर रेड्डी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# लोकसभा, विधानसभाओं की सीट बढ़ाने का प्रयास 'जनता का ध्यान भटकाने का हथियार' मात्र है : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को लोकसभा सीट की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वह इस कदम को जबरदस्ती थोप रहे हैं जिससे बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अधिक लाभ होगा और यह ''जनता का ध्यान भटकाने का हथियार'' मात्र है।

विपक्षी दल ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री देश की जनता को ''गुमराह'' कर रहे हैं और भ्रामक बयान दे रहे हैं जिनका उद्देश्य धोखा देना है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ''प्रधानमंत्री हमेशा की तरह भ्रामक बयान देकर धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर लोकसभा की सीट की संख्या 50 प्रतिशत बढ़ा दी जाए और प्रत्येक राज्य की सीट की संख्या भी 50 प्रतिशत बढ़ा दी जाए तो दक्षिण भारतीय राज्यों को कोई नुकसान नहीं होगा। रमेश ने कहा, ''यह देश की जनता को धोखा देने का प्रयास है, जिसमें प्रधानमंत्री को अद्वितीय विशेषज्ञता प्राप्त है। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए लोकसभा में उत्तर प्रदेश और केरल की सीट के बीच का अंतर वर्तमान में 60 है और मोदी के प्रस्ताव से यह अंतर बढ़कर 90 हो जाएगा। रमेश ने कहा कि इसी तरह, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच का अंतर 41 से बढ़कर कम से कम 61 हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे और उदाहरणों को जोड़ा जा सकता है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''मोदी एक ऐसे प्रस्ताव को जबरदस्ती थोप रहे हैं जिससे बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अधिक लाभ होगा। उन्होंने तर्क दिया कि केवल दक्षिण भारत ही नहीं, बल्कि पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य और पूर्वोत्तर के राज्यों का भी सापेक्षिक प्रभाव कम हो जाएगा। रमेश ने कहा, ''देश गंभीर आर्थिक और विदेश नीति संकट का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री को सिर्फ लोकसभा और विधानसभाओं की संख्या बढ़ाने की चिंता है, वो भी बिना किसी सार्थक परामर्श और व्यापक जन बहस के। यह जनता का ध्यान भटकाने का एक हथियार मात्र है। रमेश के पोस्ट को टैग करते हुए कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि जयराम रमेश की भविष्यवाणी बिल्कुल सटीक है और प्रधानमंत्री मोदी की बयानबाजी पूरी तरह से गलत है। तिवारी ने कहा, ''इस बात पर ध्यान केंद्रित करना होगा कि हिंदी भाषी राज्यों की तुलना में दक्षिण भारत, पश्चिम भारत, पूर्वोत्तर भारत और उत्तर पश्चिमी भारत को राजनीतिक प्रभाव के मामले में खासकर संसदीय सीट की संख्या में अंतर के संदर्भ में कितना नुकसान होगा। चंडीगढ़ के सांसद ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और दिल्ली जैसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास लोकसभा में कुल मिलाकर सिर्फ 40 सीट हैं जबकि उत्तर प्रदेश के पास 80 सीट हैं। उन्होंने कहा, ''परिसीमन के बाद यह अंतर और भी बढ़ जाएगा। तिवारी ने अपने पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री कार्यालय और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से जो भी प्रस्ताव अभी स्पष्ट नहीं है, उससे संघीय संतुलन और बिगड़ जाएगा और हिंदी भाषी राज्यों के अलावा अन्य राज्यों को नुकसान होगा। उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि संसद का बजट सत्र तीन दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है।

# मुख्यमंत्री के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई, एक दिन जनता से मांगेंगे माफी : राहुल गांधी

एजेंसी

बिश्वनाथ (असम)। लोकसभा सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को असम के बिश्वनाथ में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और एक दिन ऐसा आएगा जब उन्हें असम की जनता के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगनी पड़ेगी।

अपने भाषण की शुरुआत में राहुल गांधी ने असम की सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि श्रीमंत शंकरदेव, अजान फकीर, जुबीन गर्ग और तरुण गोगोई की है। उन्होंने कहा कि जुबीन गर्ग ने हमेशा समाज को जोड़ने का काम किया और कभी किसी की भावनाओं को



ठेस नहीं पहुंचाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि असम को एटीएम की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। राज्य की जमीन उद्योगपतियों जैसे गौतम अडानी और बाबा रामदेव को दी जा रही है, जबकि यह जमीन असम के लोगों और किसानों की है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जब चाहें प्रधानमंत्री मोदी का राजनीतिक करियर खत्म कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने नरेन्द्र मोदी और अमित शाह पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। राहुल गांधी ने भाजपा पर छह समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्ज़ा देने के वादे को पूरा न करने का भी आरोप लगाया। कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने पर इस वादे को पूरा करेगी। सभा में कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने स्वागत भाषण दिया। राहुल गांधी ने महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता, छोटे व्यवसायों के लिए 50 हजार रुपये की एकमुश्त मदद, 10 लाख परिवारों की जमीन का नियमितीकरण और 25 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया। अंत में उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि उनकी सोच असम की सांस्कृतिक विरासत और एकता को मजबूत करने की है।

# पेज एक का शेष

## अमेरिका ने खोए...

इस नए दावे या तस्वीर पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। इसके अलावा ईरान की सेना ने दावा किया है कि उसने इस्फहान प्रांत में 2 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन और इस्राइल के हर्मीस-900 ड्रोन को मार गिराया है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि पिछले 24 घंटों में उनके क्षेत्र में कई विदेशी विमानों को तबाह किया है। ईरान में फंसे एफ-15ई के एक क्रू सदस्य, जिनकी पहचान हथियार प्रणाली अधिकारी के तौर पर हुई है, उन्हें बचाने के लिए सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) की तरफ से एक खुफिया डिसेप्शन कैंपेन यानी ध्यान भटकाने का अभियान चलाया गया था। सीआईए ने इंटरनेट, अपने खुफिया स्रोतों और मानवीय मदद से ईरान के अंदर जानबूझकर यह अफवाह फैला दी कि अमेरिकी बलों ने लापता हुए दूसरे वायुसैनिक को पहले ही खोज लिया है और वे उसे जमीनी रास्ते से देश से बाहर निकालने यानी एक्सफिल्ट्रेट करने की प्रक्रिया में हैं। अपनी इस रणनीति के जरिए सीआईए ईरानी बलों के बीच भारी भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रही थी, ताकि उसका ध्यान उस क्षेत्र से भटक जाए, जहां अमेरिकी सेना वाकई में अपने वायुसैनिक को खोज रही थी। इससे अमेरिका को अपने क्रू सदस्य को खोजने में आसानी हुई।

## नकारात्मक नैरेटिव का ...

सजग और सतर्क रहें। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी सजग रहने की अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने यूपी के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था वे हर दृष्टि से फ़ेल होकर आज सोशल मीडिया का सहारा लेंगे। झूठे, मनगढ़ंत आरोप लगाकर तमाम प्रकार के निगेटिव नैरेटिव सेट करने का वे प्रयास करेंगे। इसका जवाब देने के लिए बूथ स्तर के कार्यकताओं को तैयार रहना होगा। निगेटिव नैरेटिव सेट करने की मंशा वाले लोगों के शासन में माफिया की गुंडागर्दी, फिरौती वसूली, बहन.बेटियों और व्यापारियों की असुरक्षा, पर्व.त्योहारों पर दंगे के चलते मातम जैसे माहौल के सभी दृश्य निकालने पड़ेंगे। पेपर की कटिंग्स निकालनी पड़ेगी। उस समय के दृष्टांत निकालने पड़ेंगे और शब्दों की मर्यादा में पूरी आक्रामकता के साथ जवाब देने के लिए अपने आप को तैयार करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें अपनी पॉजिटिव चीजों को आगे बढ़ाना है। अच्छे कंटेंट बनाकर हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकते हैं। हर एक क्षेत्र में कुछ न कुछ नया हुआ है और उसको हम आगे बढ़ने का काम करेंगे। इससे स्वाभाविक रूप से हम डबल इंजन की सरकार के अभियान को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर पाएंगे। योगी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति सदैव सत्य और सनातन के साथ रही है। उन्होंने प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण, वीर अभिमन्यु, गुरु गोविंद सिंह जी महाराज और उनके चार पुत्रों, स्वामी विवेकानंद, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और वीर सावरकर के जीवन का उद्धरण देते हुए कहा कि ये सब उसी युवा ऊर्जा शक्ति के प्रतीक और प्रेरणा हैं जिन्होंने सब कुछ देश और धर्म के लिए किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस मामले में सबसे सौभाग्यशाली है कि देश की 56 से 60 फीसदी कार्यशील युवा आबादी यहां है। यह युवा ऊर्जा अगर सकारात्मक कार्यों के साथ जुड़ जाए तो उत्तर प्रदेश को कहां से कहां पहुंचाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो युवा इस बार प्रथम बार मतदाता होंगे वे सभी इस बात को नहीं जानते होंगे की 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में क्या कुछ होता था। कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में व्यापक तीसरे दिन दंगा होता था। पर्व और त्यौहार आने से पहले लोगों के मन में आशंका खड़ी हो जाती थी। गुंडागर्दी चरम पर थीए हर जिले में माफिया की समानांतर सरकार चलती थी। व्यापारी, उद्यमी, चिकित्सक, शिक्षक, गरीब, साहूकार सबको गुंडा टैक्स देना पड़ता था। हर जनपद में अपहरण होते थे, फिरौती वसूली जाती थी। हर चौराहे पर टैक्सी स्टैंड के नाम पर वसूली होती थी। कुशीनगर और महाराजगंज का एक हिस्सा हैए जहां जंगल पार्टी थी जो किसी का अपहरण कर लेती थी। बिजली बमुश्किल से तीन.चार घंटे आती थी। गांवों में तो एक सप्ताह आती थी और दूसरे सप्ताह नहीं आती थी। सड़कें तब गड्ढे जैसी थीं तब यही उत्तर प्रदेश की सही पहचान थी। नौजवानों के लिए नौकरी, रोजगार नहीं था। किसान आत्महत्या करते थे। महिलाएं असुरक्षित थींए भय से बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं। पर्व आने पर लोगों के मन में दंगों की आशंका होती थी कि पता नहीं कहां दंगा हो जाए और टारगेट करके हिंदुओं को जेल में बंद कर दिया जाए। आज डबल इंजन सरकार में ऐसा कुछ भी नहीं हो सकता है। योगी ने ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल के युद्ध का भी उल्लेख कियाऔर कहा कि इससे दुनिया बुरी तरह प्रभावित है। सुपर पावर कहे जाने वाले अमेरिका में भी डीजल और पेट्रोलियम पदार्थों के दाम चार गुना बढ़ गए हैं। भारत के अगल.बगल जितने भी देश हैं उन सब में भी बहुत खराब स्थिति है। अकेले भारत है पेट्रोलियम पदार्थों का दाम नियंत्रण है। भारत के अंदर युद्ध का कोई प्रभाव नहीं है। ऐसा इसलिए है कि यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संवेदनशील सरकार है जिन्होंने स्थिति को नियंत्रण में कर रखा है। पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर देश में कहीं कोई समस्या नहीं है। मुख्यमंत्री वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था करीब तीन गुनी बढ़ी है जब सरकार आई थी तब प्रदेश की अर्थव्यवस्था 13 लाख करोड़ रुपये की थी। नौ वर्षों में यह 36 लाख करोड़ रुपये हो गई है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय भी 43 हजार से बढ़कर एक लाख 20 हजार रुपये हो गई है। उनकी सरकार ने नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में इतनी सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती क्योंकि उनकी नीयत साफ नहीं थी। पैसे के बगैर कोई काम नहीं होता था। पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार के आगोश में था। आज नौकरियां बिना सिफारिश और बिना रुपये दिए मिलती है। अब योग्यता ही चयन का मानक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में किसान आत्महत्या नहीं करता क्योंकि किसान की आमदनी बढ़ी है। यूपी के युवा पलायन नहीं करते क्योंकि उनको नौकरी और रोजगार उसके आसपास के क्षेत्र में ही उपलब्ध होने लग गया है। अकेले गोरखपुर में बीते नौ सालों में 15 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 300 से अधिक बड़े कारखाने लगे हैं और 50 हजार से अधिक नौजवानों को रोजगार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में हुए अभूतपूर्व विकास, रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, एयर कनेक्टिविटी और एजुकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को भी विस्तार से समझाया। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी सेवाओं वाले बीआरडी मेडिकल कॉलेज का उल्लेख करते हुए कहा कि 2017 के पहले यदि इस मेडिकल कॉलेज में पहिए होते तो समाजवादी पार्टी की सरकार इसे कहीं और खींच ले गई होती। योगी ने कहा कि 2017 के पहले उन्होंने गुंडागर्दी, माफियागिरी, मच्छर, बीमारी,बिजली, सड़कों और जनता की सुविधाओं को लेकर लंबी लड़ाई लड़ी लेकिन आज की सरकार में किसी चीज के लिए मांगना नहीं पड़ता है। बिना मांगे सब कुछ मिल जाता है। उन्होंने युवाओं को दो करोड़ टैबलेट.स्मार्टफोन वितरण के लक्ष्य की चर्चा करते हुए बताया कि 50 लाख युवाओं को इसका लाभ मिल चुका है। युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए गौरव हैं। उन्होंने न केवल गोरखपुर सहित राज्य के हर जिले का अभूतपूर्व विकास किया है बल्कि बिना जाति.बिरादरी देखे समाज के हर वर्ग तक अनेकानेक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। सांसद ने कहा कि अब कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे हर बूथ, हर परिवार तक जाकर आगामी चुनाव में भाजपा को सबका वोट दिलाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों को हर घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी युवा कार्यकर्ताओं की है। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह, भाजपा मालवीय नगर मंडल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, स्थानीय पार्षद रणंजय सिंह सहित कई पार्षद, मालवीय नगर मंडल के सभी बूथों के अध्यक्ष, शक्ति केंद्रों के संयोजक व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन ही बुक...

रिपोर्ट नहीं हुई। विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में विकसित हो रही स्थिति पर लगातार नज़र बनाए हुए है और 28 फरवरी से अब तक 7 लाख दो हजार से अधिक भारतीय स्वदेश लौटे हैं।सरकार ने कहा है कि वह पेट्रोल, डीज़ल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और घबराहट में खरीदारी तथा अनावश्यक बुकिंग से बचें। एलपीजी की जमाखोरी और काला बाज़ारी की जांच के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी जारी है। मार्च से अब तक राज्यों और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की संयुक्त टीमों द्वारा 50,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। कंपनियों के अधिकारियों को अचानक निरीक्षण की प्रणाली को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जमाखोरी और काला बाज़ारी की किसी भी घटना को रोका जा सके। अब तक एलपीजी वितरकों को 1400 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इसके अलावा, अब तक 36 एलपीजी वितरकों को निलंबित किया जा चुका है। उपभोक्ताओं को डी-पीएनजी और सीएनजी-परिवहन के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति के साथ प्राथमिकता दी गई है।

## 'कट, कमीशन और...

अधिकार पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। सरकार चाहती है कि संसद में इस बात पर पक्की मुहर लगे कि महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटें बढ़ाई जाएं, ताकि राज्यों को इसका बड़ा फायदा मिल सके। प्रधानमंत्री ने मालदा की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वहां जिस तरह न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाया गया, उससे पूरा देश हैरान है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस राज्य में जज और कानूनी प्रक्रिया ही सुरक्षित नहीं है, वहां आम जनता की सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है? मोदी ने इसे सरकार के संरक्षण में चलने वाला जंगलराज करार दिया। महिला आरक्षण बिल पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह किसी एक पार्टी का नहीं, बल्कि पूरे देश का विषय है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे राजनीति से ऊपर उठकर महिलाओं के अधिकारों के लिए एक साथ आएं। उन्होंने बंगाल की महिलाओं से भी आग्रह किया कि वे सभी राजनीतिक दलों पर दबाव बनाएं ताकि संसद में इस कानून को बिना किसी रुकावट के पास कराया जा सके। पीएम मोदी ने कहा कि सभी दलों को खुले मन से इस ऐतिहासिक बदलाव का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए सकारात्मक भूमिका निभाना हर दल की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर ममता सरकार के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाते हुए कहा कि इस चुनाव में सत्ता परिवर्तन के बाद जनता को लूटने वालों से हिसाब लिया जाएगा। श्री मोदी ने कूच बिहार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा ,'' भाजपा सरकार आएगी तो महिलाओं के लिए सच्चे सशक्तिकरण का रास्ता खुलेगा और यह हमारा ट्रैक रिकॉर्ड है।'' उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल की हर बहन बेटी के सम्मान और समृद्धि के लिए मैदान में उतरी है। श्री मोदी ने कहा कि यह बहुत आवश्यक है कि देश के लिए होने वाले फैसलों में महिलाओं की भूमिका बढ़ रही है इसीलिए उनकी सरकार ने लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का कानून बनाया है। पश्चिम बंगाल सहित देश भर की बहनों को 2029 के लोकसभा चुनाव से ही इसका फायदा मिलने लगेगा, उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास में लगी है। उन्होंने लोकसभा सीटों के परिसीमन में दक्षिण के राज्यों को सीटों में घाटा होने की विपक्ष की दलीलों को खारिज करते हुए कहा,'' मैं कूच बिहार के इस मंच से देश के सभी राज्यों को फिर याद दिलाता हूं कि जिन भी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में अच्छा काम किया है उनको सीटों के विषय में कोई नुकसान नहीं होगा,सभी का फायदा ही होगा।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम के लागू होने के बाद सभी राज्यों की भागीदारी और सबके अधिकार सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा,'' हम संसद में इस पर पक्का ठप्पा लगाना चाहते हैं कि महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटें बढ़े ताकि राज्यों को इसका बड़ा फायदा मिले।'' श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार बंगाल में कानून व्यवस्था में पूरी तरह विफल रही है और तृणमूल ने राज्य को पीछे धकेल दिया है। एक समय ऐसा था जब बाहर से लोग यहां रोजगार के लिए आते थे लेकिन इस सरकार ने बंगाल को पलायन का केंद्र बना दिया है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब पश्चिम बंगाल देश के सबसे विकसित राज्यों में था। व्यापार हो उद्योग हो या समग्र विकास, पश्चिम बंगाल सबसे आगे रहा करता था लेकिन विपरीत नेतृत्व के चलते राज्य पिछड़ता गया, पहले कंग्रेस ने इसे पीछे धकेल फिर वामपंथी आए और अब वही काम तृणमूल कंग्रेस कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में स्थिति इतनी बुरी है कि उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसंख्या के स्वरूप के बदलाव का मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि घुसपैठ के चलते इन क्षेत्रों में स्थिति में खतरनाक बदलाव आया है। घुसपैठियों को तृणमूल कांग्रेस का सीधा संरक्षण मिलता है, उन्हें यह पार्टी सीधे अपनी सिंडिकेट में भर्ती करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के लोग मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध कर रहे हैं ।इस पार्टी के लोग नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द करने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा,'' जिन शरणार्थी हिंदुओं को नागरिकता मिली है यह लोग उनकी नागरिकता छीनेंगे और यह नागरिकता घुसपैठियों को देंगे क्योंकि तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों को अपना वोट बैंक मानती है।

## यूपी के 49 ब्लड...

पाई गई। अधिकारियों के अनुसार, अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बहराइच, कासगंज और शामली समेत कई जिलों में कार्रवाई की गई। इनमें अलीगढ़ के तीन, बहराइच के दो और शामली के एक ब्लड सेंटर को तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। जिला स्तर पर देखें तो सबसे ज्यादा कार्रवाई लखनऊ में हुई, जहां 7 ब्लड सेंटरों पर रोक लगाई गई। इसके अलावा सहारनपुर में 6, आगरा में 5, कानपुर और मुजफ्फरनगर में 4-4, जबकि गाजियाबाद और अलीगढ़ में 3-3 केंद्रों पर कार्रवाई की गई। अधिकारियों का कहना है कि जिन केंद्रों में खामियां पाई गई हैं, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। साथ ही संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सुरक्षित और मानक के अनुरूप रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

## विवेकाधीन कोष से ...

जरूरतमंद तक समान संवेदनशीलता के साथ मदद पहुंचाई गई। विवेकाधीन कोष के अंतर्गत 50,000 जैसी छोटी सहायता से लेकर कई मामलों में तीन करोड़ से अधिक की बड़ी स्वीकृतियां प्रदान की गईं हैं। विगत वित्तीय वर्ष में अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी, आजमगढ़, बलिया और फिरोजाबाद जैसे जनपदों कुछ बड़े केस के कारण सर्वाधिक धनराशि स्वीकृत की गई। सत्तारूढ़ भाजपा के साथ-साथ समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य दलों के जनप्रतिनिधियों ने भी समान रूप से इस योजना के तहत जरूरतमंदों की मदद करने में सरकार का सहयोग किया। इस तरह विवेकाधीन कोष से पा सकते हैं सहायतामुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आमतौर पर गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों (कैंसर, हार्ट सर्जरी, किडनी आदि), आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, दुर्घटना या आकस्मिक संकट से प्रभावित लोग और कुछ मामलों में विशेष परिस्थितियों में सहायता प्रदान की जाती है। सहायता पाने के लिए आमतौर पर जनप्रतिनिधि विधायक-सांसद के माध्यम से आवेदन या सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया जाता है। संबंधित दस्तावेज (जैसे मेडिकल रिपोर्ट, आय प्रमाण, अनुमानित खर्च आदि) के साथ आवेदन की जांच के बाद, जरूरत के अनुसार राशि स्वीकृत की जाती है।

# मुख्यमंत्री ने हरित दिल्ली और वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए 17 विभागों को 22,236 करोड़ रुपये किए आवंटित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी की वायु गुणवत्ता सुधारने और आने वाली पीढ़ियों को प्रदूषण-मुक्त भविष्य देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए हाल में 'हरित बजट' का व्यापक और संतुलित खाका प्रस्तुत किया था। इस बजट में कुल 1,03,700 करोड़ रुपये के राज्य बजट में से 22,236 करोड़ रुपये (21.44 प्रतिशत) विशेष रूप, से हरित योजनाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं, जो सरकार की पर्यावरणीय प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। इस ग्रीन बजट के तहत दिल्ली को हरा-भरा बनाने की जिम्मेदारी अब अलग-अलग विभागों को सुनियोजित तरीके से सौंपी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुल 17 प्रमुख विभागों को चरणबद्ध रूप में धनराशि आवंटित की गई है ताकि हर क्षेत्र में समन्वित तरीके से काम हो सके। यह




जानकारी रविवार को एक विज्ञप्ति के जरिए दी गई। मुख्यमंत्री के अनुसार ग्रीन बजट का सबसे बड़ा हिस्सा लगभग 6,485 करोड़ रुपये दिल्ली जल बोर्ड को दिया गया है, जिसका उपयोग यमुना की सफाई और जल उपचार परियोजनाओं में किया जाएगा। इसके बाद परिवहन विभाग को 4,758 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनका लक्ष्य ई-बसों को बढ़ावा देना और स्वच्छ परिवहन प्रणाली को मजबूत करना है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को 3,350 करोड़ रुपये दिए गए हैं, जिनसे धूल नियंत्रण और हरित बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना विभाग को 2,350 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं ताकि विभिन्न हरित परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की जा सके। शहरी विकास विभाग और डूसिब को मिलाकर 2,273 करोड़ रुपये दिए गए हैं, जिनका उपयोग विशेष पर्यावरणीय अभियानों में होगा। वहीं, बिजली विभाग को 1,410 करोड़ रुपये सौर और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, अन्य विभागों को भी 'हरित कोष' के तहत महत्वपूर्ण राशि दी गई है। पर्यावरण विभाग को प्रदूषण नियंत्रण की प्रमुख योजनाओं के लिए 558 करोड़ रुपये, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को जल संरक्षण कार्यों के लिए 305 करोड़ रुपये, और विकास विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए 258 करोड़ रुपये दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग को वृक्षारोपण और वन्यजीव संरक्षण के लिए 181 करोड़ रुपये, पर्यटन विभाग को पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 102 करोड़ रुपये और शिक्षा विभाग को विद्यालयों में हरित पहलों के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसी क्रम में उद्योग विभाग को औद्योगिक प्रदूषण कम करने के लिए 42 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में पर्यावरणीय सुधार के लिए 31 करोड़ रुपये, और राजस्व विभाग को आपदा प्रबंधन एवं हरित सर्वेक्षण के लिए 23 करोड़ रुपये दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को हरित कौशल विकास के लिए 7 करोड़ रुपये तथा उच्च शिक्षा विभाग को शोध और पर्यावरण अध्ययन के लिए 2 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस तरह, ग्रीन बजट-2026-27 के जरिए दिल्ली सरकार ने एक समग्र, विभागवार और चरणबद्ध रणनीति अपनाते हुए राजधानी को स्वच्छ, हरित और टिकाऊ शहर में बदलने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया है।

## मेट्रो स्टेशन पर रोती मिली किशोरी, पुलिस ने काउंसलिंग कर परिवार से मिलाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो परिसर में संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए मेट्रो यूनिट पुलिस ने एक परेशान किशोरी को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया। यह घटना 4 अप्रैल की है, जब आनंद विहार मेट्रो स्टेशन पर गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों की नजर एक रोती हुई लड़की पर पड़ी। मेट्रो का काम देख रहे पुलिस उपायुक्त बी भरत रेड्डी ने रविवार को बताया कि हेड कांस्टेबल आदर्श और महिला कांस्टेबल सुनीता नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान उन्होंने मेट्रो स्टेशन के अंदर एक किशोरी को अकेले बैठे रोते हुए देखा। उसकी हालत को देखते हुए दोनों पुलिसकर्मी तुरंत उसके पास पहुंचे और उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाकर बातचीत शुरू की। शुरुआत में लड़की काफी घबराई हुई थी और कुछ भी बताने से हिचक रही थी। महिला कांस्टेबल ने उसे शांतिपूर्वक समझाया और भरोसा दिलाया। धीरे-धीरे वह सहज हुई और अपनी पहचान व घर का पता बताया। पूछताछ में सामने आया कि वह पिछले दो-तीन दिनों से पढ़ाई को लेकर परिवार के दबाव में मानसिक तनाव से गुजर रही थी। इसी कारण वह सुबह करीब चार बजे बिना बताए घर से निकल गई थी। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसके पिता से संपर्क किया। पिता ने पुष्टि की कि लड़की घर से बिना बताए चली गई थी और परिवार उसकी तलाश कर रहा था। उन्होंने तुरंत दिल्ली आने की बात कही और अपने रिश्तेदार को भी मौके पर भेजा। कुछ ही देर में लड़की के चाचा अन्य परिजनों के साथ थाने पहुंचे और उसकी पहचान की। बाद में पिता के पहुंचने पर सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी की गईं। परिवार को लड़की की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई और मेडिकल जांच की सलाह भी दी गई, हालांकि परिजनों ने बताया कि वह सामान्य है। सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद किशोरी को सुरक्षित उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

**भूमि विवाद पर सख्त उपमुख्यमंत्री**

## 40 लाख आवेदनों का समाधान करेंगे दोषियों को नहीं बख्शेंगे: विजय सिन्हा



कैनविज टाइम्स संवादददाता

- भूमि माफियाओं पर कड़ा प्रहार, बिहार को अब विवादों से मुक्त करेंगे
- गलती करने वालों को नहीं छोड़ेंगे, हर शिकायत का होगा निपटारा

पटना। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जमीन से जुड़े मामलों में यदि कहीं कोई गलती हुई है तो उसके सुधार और परिमार्जन के लिए सरकार ने समय दिया है और अब तक करीब 40 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। भूमि विवाद के कारण आम लोगों को होने वाली परेशानियों को समाप्त करना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही, गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। उप मुख्यमंत्री सह मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हम 40 लाख आवेदनों के समाधान के लिए संकल्पित हैं। आप आइए, अगर कोई गलती हुई भी है तो मिल-बैठकर उसका सुधार और समाधान किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे भ्रम और भड़काने वालों के चक्कर में न पड़ें और मन से डर निकाल दें। उन्होंने कहा कि वर्षों से जनता की बह रही पीड़ा अब खत्म होगी और भूमि विवाद के नाम पर बिहार को अब और रक्तरंजित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज भी 70 से 75 प्रतिशत जमीन पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन कुछ लोगों ने तकनीकी हेरफ़ेर कर गड़बड़ी की है। सारण जिले का उदाहरण देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने रजिस्टर-2 में स्याही गिराकर रिकॉर्ड को अस्पष्ट कर दिया और दूसरे के नाम म्यूटेशन करवा दिया। यहां तक कि दस्तावेज के पन्ने फाड़कर भी गड़बड़ी की गई। उप मुख्यमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार के पास पूरा तंत्र (मेकैनिज्म) मौजूद है और ऐसे मामलों की जांच कर दोषियों को चिन्हित किया जाएगा। जिन लोगों ने यह पाप किया है, उन्हें मैं छोडूंगा नहीं, अंतिम समय तक उनका पीछा करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि बिहार की छवि खराब करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होगी और इस लड़ाई को समाधान तक पहुंचाने के लिए जनता का सहयोग जरूरी है।

## डीयू में 'कैंपस लोकतंत्र के लिए दौड़' मैराथन के साथ एनएसयूआई स्थापना दिवस सप्ताह की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। एनएसयूआई ने अपने स्थापना दिवस (9 अप्रैल) के उपलक्ष्य पर आयोजित सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में 'कैंपस लोकतंत्र के लिए दौड़' मैराथन के साथ की। यह कार्यक्रम एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय परिसरों में लोकतांत्रिक मूल्यों पर बढ़ते खतरे के बीच, हजारों छात्रों ने उत्साहपूर्वक इस मैराथन में भाग लिया और कैंपस लोकतंत्र तथा छात्र अधिकारों की रक्षा के समर्थन में एक सशक्त और एकजुट संदेश दिया। यह विशाल भागीदारी छात्रों के सामूहिक संकल्प को दर्शाती है कि वे लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उनकी आवाज सुनी जाए।




एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि 9 अप्रैल एनएसयूआई का स्थापना दिवस है। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए हमने एक सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया है, जिसका उद्देश्य यह उजागर करना है कि देश का संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किस प्रकार खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली विश्वविद्यालय में 'कैंपस लोकतंत्र के लिए दौड़' में हजारों छात्रों ने भाग लिया, ताकि हमारे कैंपस लोकतंत्र की रक्षा की जा सके। इस दौड़ का एक स्पष्ट उद्देश्य है–दिल्ली विश्वविद्यालय के भीतर छात्र आवाज़ों के दमन के विरुद्ध अपनी आवाज उठाना। इस प्रकार की कार्रवाइयां लोकतंत्र की भावना के विपरीत हैं। इसके प्रतिरोध में हमने यह मैराथन आयोजित की, जिसमें छात्रों की भारी भागीदारी रही।

## चोरी के वाहन व हथियार के साथ आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। द्वारका जिले के सेक्टर-23 थाना पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से चोरी की स्कूटी और एक अवैध बटनदार चाकू बरामद किया गया है। साथ ही उसकी निशानदेही पर एक अन्य चोरी की दोपहिया वाहन भी बरामद किया गया। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त कुंशल पाल सिंह ने रविवार को बताया कि द्वारका सेक्टर-23 थाना टीम इलाके में नियमित गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक स्कूटी पर भागने की कोशिश करता दिखाई दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे रोककर जांच की। तलाशी के दौरान उसके पास से एक होंडा एक्टिवा स्कूटी और एक बटन दबाकर खुलने वाला चाकू बरामद हुआ। जांच में स्कूटी चोरी की पाई गई, जो उत्तम नगर थाने में दर्ज एक ई-एफआईआर से संबंधित थी। पूछताछ के दौरान आरोपित ने एक और चोरी की वारदात का खुलासा किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक स्कूटर बरामद किया, जो सेक्टर-23 द्वारका थाने में दर्ज चोरी के मामले से जुड़ा हुआ है।

## खालसा साजना दिवस पर पाकिस्तान जाने वाले जत्थे के कार्यक्रम में बदलाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। खालसा साजना दिवस के मौके पर पाकिस्तान स्थित गुरुधामों के दर्शन के लिए जाने वाले जत्थे के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्नण ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले जत्था 12 अप्रैल को रवाना होना था, लेकिन अब नए शेड्यूल के अनुसार श्रद्धालु 10 अप्रैल को पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे और 19 अप्रैल को वापस लौटेंगे। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के लिए एसजीपीसी की ओर से 1860 पासपोर्ट भेजे गए हैं और करीब 1800 श्रद्धालुओं को वीजा



मिला है। 1947 के विभाजन के बाद पाकिस्तान में रह गए गुरुधामों के दर्शन के लिए संगत में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस दौरान अकेली महिलाओं के यात्रा पर जाने को लेकर लगाई जा रही पाबंदियों की खबरों को खारिज करते हुए मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि एसजीपीसी द्वारा ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हर श्रद्धालु को गुरुधामों के दर्शन करने की पूरी स्वतंत्रता है। हालांकि उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर सलाह दी कि महिलाएं यदि अपने साथ किसी परिवारिक सदस्य या साथी को लेकर जाएं तो यात्रा के दौरान सुविधा रहती है। उन्होंने कहा कि जत्थे के रूप में सामूहिक यात्रा करने से सहयोग और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित होती हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि एसजीपीसी का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना और उनकी सुचारू देखभाल करना है, ताकि वे अपनी आध्यात्मिक यात्रा का पूर्ण लाभ उठा सकें।

## 'एक पेड़ मां के नाम' आन संडे अभियान के तहत लक्ष्मीबाई नगर में किया वृक्षारोपण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। 'एक पेड़ मां के नाम' आन संडे अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने आज तिकोना पार्क, लक्ष्मीबाई नगर मार्केट (सेंट्रल गवर्नमेंट ऑफिसर्स आरडब्ल्यूए टाइप53 एवं 4, लक्ष्मीबाई नगर) नई दिल्ली में वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। चहल ने स्थानीय निवासियों के साथ पौधे लगाए और कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रारंभ किया गया एक भावनात्मक एवं सामाजिक जन-अभियान है, जिसके माध्यम से लोगों को अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति के प्रति सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण सुनिश्चित करने का संकल्प भी है। चहल ने बताया कि पालिका ने वर्षभर के लिए एक ग्रीन कैलेंडर तैयार किया है, जिसके अंतर्गत हर रविवार को क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी कि की हरित पहलें और नागरिक सेवाओं से जुड़ी गतिविधियांप्रधानमंत्री के विकसित भारत @2047 के विज़न के अनुरूप हैं, जहां स्वच्छ हवा, स्वस्थ वातावरण और सतत शहरी विकास को विशेष महत्व दिया गया है। ऐसे अभियानों के माध्यम से एनडीएमसी केवल हरित क्षेत्र बढ़ाने का कार्य कर रही है, बल्कि नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ कर रही है।

## बिहार की राजग सरकार विकास के सभी मानकों पर सबसे नीचे है : तेजस्वी यादव

पटना। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फ़ेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि बीते 21 वर्षों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के दौरान बिहार विकास के लगभग सभी प्रमुख संकेतकों में देश में सबसे नीचे बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य साक्षरता दर, प्रति व्यक्ति आय, किसानों की आय, निवेश, उपभोग और बिजली खपत जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ है। तेजस्वी ने कहा कि दूसरी ओर अपराध, गरीबी, बेरोजगारी, पलायन और भ्रष्टाचार जैसे मामलों में बिहार शीर्ष स्थान पर बना हुआ है, जो सरकार की नीतिगत विफलता को दर्शाता है। तेजस्वी यादव ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति को भी गंभीर बताते हुए कहा कि राज्य में स्कूल ड्रॉपआउट रेट अधिक है और पुपिल-टीचर अनुपात असंतुलित है।

## केदारनाथ यात्रा को ग्रीन व क्लीन बनाने में जुटा प्रशासन, गुप्तकाशी में चला स्वच्छता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। राज्य में 22 मार्च से शुरू होने वाली केदारनाथ यात्रा को ग्रीन, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा मार्ग पर स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं। रविवार को जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में नगर पंचायत गुप्तकाशी के मुख्य बाजार क्षेत्र में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बाजार क्षेत्र में व्यापक सफाई की गई तथा एकत्रित ठोस अपशिष्ट का विधिवत निस्तारण सुनिश्चित किया गया।

इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी रावत ने बताया कि प्रशासन का लक्ष्य इस वर्ष संपूर्ण यात्रा मार्ग को स्वच्छ एवं



पर्यावरण अनुकूल बनाना है। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। गुप्तकाशी में आयोजित अभियान के दौरान स्थानीय व्यापारियों एवं नागरिकों को भी जागरूक करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकांशतः साफ पाया गया, जबकि बाजार क्षेत्र की कुछ नालियों में गंदगी मिलने पर उन्हें तत्काल साफ कराया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इन स्थानों पर नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से यात्रा मार्ग के प्रत्येक पड़ाव पर स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। केदारनाथ यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बने, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भी उदाहरण प्रस्तुत करे। अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष विशेश्वरी देवी, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063